डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
08.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-320 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

किसी बेकसूर को बचाने के लिए बोला गया झूठ, उसकी जिंदगी को नुकसान पहुंचाने वाले बनावटी सच से लाख गुना अच्छा है।

## अच्छी कार्यशैली को अपनाने का काम करें

# सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

### पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर झाप्रसे संघ ने सीएम के प्रति अभार व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा आभार प्रकट समारोह आयोजित किया गया। समारोह में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू किये जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लम्बे समय से पुरानी पेंशन की मांग सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के सरकारी कर्मियों द्वारा उठायी जा रही है। राज्य सरकार ने झारखंड के सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना की सौगात दी है। पेंशन बुढ़ापे का सहारा



माना जाता है। कुछ कारणों से आप सरकारी कर्मियों से पेंशन रूपी सहारे की लाठी को छीन लिया गया था, परंतु हमारी सरकार ने आपको उस लाठी को देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी में आने के बाद कर्मियों की कुछ चीजों के प्रति आशाएं और उम्मीदें होती हैं। आपके आकांक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके इस निमित्त ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### विभाग में फाइलों को रुकने न दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मुखिया के रूप में आज हम हैं, कल कोई दूसरा, परसों कोई और हो सकता है। सत्ता आती-जाती रहती है, परंतु मेरा मानना है कि व्यवस्थाएं सुदृढ़ और बेहतर होनी चाहिए। आप सभी कर्मी निर्भीक और ऊंचे मनोबल के साथ काम करें इस निमित्त हमारी सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार ऐसी शिकायतें आती हैं कि दफ्तरों में फाइलें उलझ कर रुक जाती हैं। आप सभी सरकारी सेवक इस बात का ख्याल रखें कि बेवजह फाइलों के मूवमेंट में देर न हो ताकि फाइल मूवमेंट से जुड़ी शिकायतें न मिले। आप अपने जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करें।

## पीएम मोदी आज करेंगे सेंट्रल विस्टा एवेन्यू व सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का उद्घाटन



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कर्तव्य पथ का उद्घाटन और इंडिया गेट पर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में दी। ज्ञात हो कि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय से मिले एक प्रस्ताव को पारित कर राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया। अब इंडिया गेट पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा से लेकर राष्ट्रपति भवन तक पूरे इलाके को कर्तव्य पथ कहा जायेगा। पीएमओ ने कहा कि पूर्ववर्ती राजपथ सत्ता का प्रतीक था और उसे कर्तव्य पथ का नाम दिया जाना बदलाव का परिचायक है और यह सार्वजनिक स्वामित्व तथा सशक्तिकरण का एक उदाहरण भी है। पीएमओ ने कहा कि कर्तव्य पथ का उद्घाटन और सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल में नये भारत के लिए पंच प्रण के आह्वान के दूसरे प्रण के अनुकूल है, जिसमें उन्होंने औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को समाप्त करने की बात कही थी। राजपथ और सेंट्रल विस्टा एवेन्यू के आसपास के इलाकों में भीड़ के कारण बुनियादी ढांचे पर पड़ते दबाव और सार्वजनिक शौचालय, पीने के पानी, स्ट्रीट फर्नीचर और पार्किंग स्थल की पर्याप्त ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### राहुल खुद को भी तो कांग्रेस से जोड़ कर दिखायें : भाजपा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को छलावा बताते हुए तीखा तंज कसा और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पहले राहुल गांधी खुद को और अपनी पार्टी से बाहर जानेवाले नेताओं को तो कांग्रेस से जोड़ कर दिखायें। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां अपने निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जो अपने को अपनी पार्टी से भी नहीं जोड़ सके, वो भारत जोड़ने की यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में एक दरबारी गायन होता है कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाओ, फिर अध्यक्ष बनाओ। राहुल गांधी कहते हैं कि मैं नहीं बनूंगा, बीच में वो विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। वह पार्टी से कितना जुड़े हैं ये आप सभी जानते हैं। कांग्रेस के अपने पुराने समर्पित लोग, समर्पित नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं और राहुल जी चले हैं देश जोड़ने। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा उरी एवं बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांग कर देश की एकता को कमजोर करने वाले राहुल गांधी का सबसे खराब स्तर का पाखंड है। उन्होंने कहा कि राहुल जी आप पहले अपना घर, पार्टी जोड़ लेते तब देश जोड़ने की बात करते। ये सिर्फ इनका छलावा है और दिखावा है। ये केवल उनको दोबारा नेता बनाने की कवायद है, वह कांग्रेस से पूछना चाहेंगे कि राहुल गांधी को कितनी बार लांच, रिलांच करेंगे।

### विधायकों की सदस्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर स्पीकर ने की सुनवाई

**रांची।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में भारी कैश के साथ कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप की सदस्यता समाप्त करने को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में याचिका दायर की गयी है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की ओर से दायर याचिका में इन तीनों विधायकों की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने का आग्रह किया गया है। स्पीकर की न्यायाधिकरण में बुधवार को इस मामले में दूसरी सुनवाई हुई। वर्चुअल मोड में हुई इस सुनवाई में तीनों विधायक अपने वकील के साथ जुड़े। उनकी ओर से आग्रह किया गया कि वे अभी झारखंड से बाहर हैं, इसलिए उन्हें आठ सप्ताह का समय दिया जाये। तीनों विधायकों की ओर से कहा गया कि वे अभी कोलकाता में हैं, इसलिए समुचित जवाब देने में सक्षम नहीं है, जवाब देने के लिए उन्हें झारखंड आना जरूरी है। दोनों पक्ष की बात सुनने के बाद न्यायाधिकरण ने बुधवार की सुनवाई स्थगित कर दी। कहा गया है कि अगली सुनवाई की सूचना बाद में दी जायेगी। सुनवाई के दौरान आलमगीर आलम के वकील की ओर से जल्द से जल्द सुनवाई पूरी करने का आग्रह किया गया। इस मामले में पहली सुनवाई एक सितम्बर को हुई थी और अगली सुनवाई के लिए पांच सितम्बर की तिथि तय की गयी थी, परंतु विधानसभा के विस्तारित मॉनसून सत्र की पांच सितम्बर को एकदिवसीय बैठक के कारण सुनवाई की तिथि को बढ़ाकर सात सितम्बर कर दिया गया था। इसे लेकर विशेष दूत के माध्यम से तीनों विधायकों को पत्र भेजा गया था और सुनवाई में हर हाल में भाग लेने का निर्देश दिया गया था।

### किसी से चार मिनट बात कर अंदाजा लगा सकते हैं कि वह जरूरत पर मदद करेगा या नहीं

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** क्या किसी से चार मिनट बात करके ही उसके बारे में काफी हद तक जान लेगें कि वह कैसा है? लेकिन वह अभिनय करने में माहिर हो, शातिर हो, बात बनाने में माहिर हो तब कैसे चार मिनट की बातचीत में पता लगा सकेंगे कि कैसा है? इस बारे में जानने के लिए हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक में हुआ एक अध्ययन प्लस वन नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन में सामने आया है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## विपक्षी नेताओं से मुलाकात के बाद नीतीश ने कहा -

# विपक्ष का जरूरी है एकजुट होना

– ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष को एकजुट करने के लिए सोमवार से तीन दिन के लिए दिल्ली दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने इसके पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। उनसे मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत अच्छी बातचीत हुई। भाजपा कोई काम नहीं कर रही है। विपक्ष का एकजुट होना जरूरी है। मैं बस इतना चाहता हूं कि ज्यादातर विपक्ष एकजुट हो जाये। अगर विपक्ष एकजुट होता है, तो यह देश हित में होगा। नीतीश कुमार ने दिल्ली में कहा कि भाजपा की बस पूरे देश पर कब्जा करने की योजना चल रही है, इसलिए विपक्ष को एकजुट होना जरूरी है। आपस में बात कर नेता भी चुन लिया जायेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि एक बार सोनिया गांधी विदेश से आयेंगी, तो मैं उनसे मिलूंगा। जरूरत पड़ी तो हम (विपक्षी नेता) फिर मिलेंगे। सबका नजरिया सकारात्मक था। हम मुख्य मोर्चा बनना चाहते हैं, तीसरा मोर्चा नहीं। विपक्ष को एकजुट करने का यह काम जारी रखूंगा। इससे पहले बीते दिन नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। बैठक में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जदयू नेता संजय झा भी मौजूद थे। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच कई राजनीतिक मुद्दों पर बातें हुई थी। उन्होंने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी। इसके बाद नीतीश ने कहा था कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और न ही वे दावेदार हैं, बस कोशिश है कि पूरे देश में जो भी स्थानीय पार्टी हैं वे सभी एक साथ मिल जायें तो बहुत बड़ी बात होगी।

# पुलिस व माओवादियों के बीच मुठभेड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ पुलिस व सुरक्षाबलों का चौतरफा अभियान जारी है। पुलिस ने एक साथ माओवादियों के खिलाफ बूढ़ापहाड़ से लेकर माओवादियों के ट्राइजंक्शन और सारंडा तक अभियान शुरू किया है। सारंडा में भाकपा माओवादियों का ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो (ईआरबी) का हेडक्वार्टर चलता है। इस इलाके में पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ अभियान शुरू किया है। राज्य पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, ईआरबी की कमान फिलहाल एक करोड़ के ईनामी माओवादी व पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा के हाथों हैं। मिसिर बेसरा के मारक सदस्यों की योजना टोन्टो, पोड़ाहाट इलाके में वारदात को अंजाम देने की थी। ऐसे में माओवादियों के 25 लाख के ईनामी अजय महतो, करमचंद उर्फ मोछू के नेतृत्व में 20-22 सशस्त्र माओवादियों का दस्ता इलाके में कैंप कर रहा था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कोबरा व सीआरपीएफ बटालियान के साथ मिलकर अभियान चलाया। अभियान के दौरान माओवादी तो भाग निकले, लेकिन नक्सल साहित्य समेत कई सामान जब्त किये गये।



**बूढ़ापहाड़ में ऑपरेशन ऑक्टोपस :** लातेहार व गढ़वा इलाके में सुरक्षाबलों ने चार सितम्बर को ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया था। ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सैक कमांडर सौरभ उर्फ मारकुस, सर्वजीत यादव, नवीन यादव के सशस्त्र दस्ते की मौजूदगी की सूचना थी। अभियान के दौरान पहली बार 106 से अधिक लैंड माइंस सुरक्षाबलों ने बरामद किये। गौरतलब है कि साल 2015 के बाद बूढ़ापहाड़ के इलाके की पूरी घेराबंदी माओवादी टेक विश्वनाथ ने की थी। पूरे बूढ़ापहाड़ को लैंडमाइंस से पाट दिया गया था। यही वजह थी कि उस इलाके में पुलिस को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। अब लैंडमाइंस के साथ भारी मात्रा में गोलियां व कोडेक्स वायर बरामद की गयी।

**2018 से ट्राइजंक्शन पर सक्रियता, बैकफुट पर पतिराम :** पतिराम मांझी उर्फ अनल को साल 2018 में सैक से केंद्रीय कमेटी सदस्य के तौर पर माओवादियों ने प्रोन्नत किया था। एक करोड़ का ईनामी अनल तब से चाईबासा, सरायकेला और खूंटी के ट्राइजंक्शन पर सक्रिया था। तीन सालों से अधिक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# बचपन में किसी वाद्य यंत्र को बजाने वाले जल्दी हार नहीं मानते

### बुढ़ापा में भी तेज होता है उनका दिमाग

– आरपी सिंह


**नयी दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग में हुए एक शोध से पता चला है कि जो लोग बचपन में कभी न कभी कोई वाद्य यंत्र बजाते रहे हैं, बूढ़ा होने पर भी उनका दिमाग उन लोगों की तुलना में ज्यादा तेज होता है जो कोई वाद्य यंत्र नहीं बजाते थे। यही नहीं, ऐसे लोग कठिन हालात में जल्दी हार नहीं मानते हैं। उनमें सोच-समझकर जोखिम उठाने की क्षमता ज्यादा होती है। साइक्लॉजिकल साइंस में प्रकाशित शोध के लिए शोधकर्ताओं ने 70 साल से ऊपर के 366 बुजुर्गों पर शोध की। इनमें से 117 वे लोग थे जिन्हें अपने बचपन या किशोरावस्था में वॉयलिन, पियानो, गिटार या कोई दूसरा वाद्य यंत्र बजाने का अनुभव था। शोध के दौरान इन लोगों से गणित, रीजनिंग और धर्म से जुड़े कुछ प्रश्न पूछे गये। नतीजों में सामने आया कि जिन लोगों ने अपने बचपन में कभी न कभी किसी वाद्ययंत्र को बजाया था, उनकी मानसिक क्षमता उन लोगों से बेहतर थी जिन्हें वाद्य यंत्र बजाने का अनुभव नहीं था। वाद्य यंत्र बजानेवाले लोगों में तर्क क्षमता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को हाईकोर्ट में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और निर्मला देवी को जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने जमानत दे दी है। प्रार्थियों के अधिवक्ता मनीष कुमार ने जानकारी दी कि चिरुडीह गोली कांड में योगेंद्र साव को जमानत मिलने के बाद चिरुडीह से ही जुड़े एक अन्य मामले में उनकी जमानत नहीं हुई थी। जिसके कारण योगेंद्र साव जेल से नहीं निकल सके थे। उस मामले में अदालत ने न्यायिक हिरासत की लंबी अवधि को देखते हुए योगेंद्र साव को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। जिसके बाद उनके जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, निर्मला देवी को अभी जेल में ही रहना होगा, क्योंकि चिरुडीह कांड में उन्हें न्यायालय ने दस साल की सजा सुनायी है।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को मिली 'जेड प्लस' सुरक्षा




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को केंद्रीय अर्धसैनिक बल की 'जेड प्लस' श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। उन्होंने कहा कि कोविंद (76) को अखिल भारतीय आधार पर सशस्त्र सुरक्षा प्रदान की जायेगी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा कमांडो इकाई उन्हें यह सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 50 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक कराया

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में राज्य के सभी मतदाताओं के आधार संख्या मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य एक अगस्त से संचालित है। 31 अगस्त को राज्य की एक करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार लिंक कराया था। मतदाताओं की बात की जाये तो झारखंड राज्य की मतदाता सूची में कुल 2,42,68,697 मतदाता निबंधित हैं। राज्य के पचास प्रतिशत मतदाताओं नें मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक करा लिया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हुए मतदाता सूची में अपना आधार संख्या अविलंब जुड़वाये। मतदाता सूची में जोड़ने हेतु उपलब्ध कराया जानेवाला आधार संख्या पूर्ण रूप से सुरक्षित है एवं इसे किसी भी स्थान पर प्रकट नहीं किया जायेगा। इसे आसानी से मोबाइल के द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा जोड़ा जा सकता है।

## भारत में सीट बेल्ट न लगाने से हर दिन 41 मौत

# भारत में भी छह एयर बैग वाली गाड़ियां मार्केट में उतारने का चल रहा काम : गडकरी



-ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2019 से कार कंपनियों को सीट बेल्ट रिमाइंडर (अलार्म) लगाना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन यह अगली सीटों के लिए ही है। जबकि पीछे की सीट बेल्ट के लिए भी यह होना चाहिए। हालत यह है कि देश में 2020 में सड़क हादसों में 15,146 लोगों ने सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से जान गंवाई। इस हिसाब से रोज 41 मौत सीट बेल्ट नहीं लगाने से हो रही है। भारत में एक साल में सड़क हादसों में डेढ़ लाख से ज्यादा मौत होती हैं।

**चार मुख्यमंत्री की कारों में सीट बेल्ट की जगह क्लिप थी :** गडकरी ने एक वर्ल्ड समिट में कारों में सीट बेल्ट को लेकर चार मुख्यमंत्रियों का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले मैं चार मुख्यमंत्रियों की गाड़ियों में बैठा था। उन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### 2024 तक सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कमी करने का लक्ष्य

एक साक्षात्कार में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि 2024 तक सरकार सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम कर देना चाहती है। इसके लिये इंटरनेशनल सिक्योरिटी स्टैंडर्ड को फॉलो किया जायेगा। गडकरी ने भारत में छह एयर बैग की जगह चार एयर बैग के होने पर कार कंपनियों पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि कार कंपनियां जब गाड़ियां दूसरे देशों में एक्सपोर्ट करती हैं, तो छह एयर बैग लगाती हैं, भारत में चार लगाकर बेचती हैं क्या भारतीय लोगों की जान की कीमत नहीं है? जब उनसे सवाल किया गया कि छह एयर बैग लगाने से कार की कीमत 50-60 हजार रुपये से ज्यादा हो सकती है। इस पर गडकरी ने कहा- यह गलत है। अगर बड़ी संख्या में प्रोडक्शन होगा तो एक एयर बैग की कीमत सिर्फ 900 रुपये के करीब पड़ेगी। गडकरी ने कहा कि भारत में भी छह एयर बैग वाली गाड़ियां मार्केट में उतारने का काम चल रहा है।

# सीएम के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में संशय बरकरार, राज्यपाल के फैसले का इंतजार

### सीएम, मंत्रियों व यूपीए नेताओं ने राजभवन से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में सशंय की स्थिति बरकरार है। सीएम हेमंत सोरेन, कई मंत्रियों और यूपीए नेताओं ने इस संबंध में राजभवन से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। वहीं, बीजेपी नेताओं ने उम्मीद जतायी है कि राज्यपाल जल्द ही सभी संवैधानिक और कानूनी पहलुओं पर विचार करने के बाद आवश्यक निर्णय लेंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने रांची में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस संबंध में राज्यपाल को ही निर्णय लेना है, इसलिए फैसला कब तक आयेगा, यह सवाल राजभवन से पूछा जाना चाहिए। वहीं, मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 25 अगस्त को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपना मंतव्य राजभवन को भेज दिया गया है। एक सप्ताह पहले यूपीए शिष्टमंडल से मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने जल्द फैसला लेने का भरोसा दिलाया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में ताजा राजनीतिक घटनाक्रम के कारण ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी, जिस पर विश्वास मत के जरिये सीएम हेमंत सोरेन ने विराम लगा दिया। हालांकि, उन्होंने इस प्रकरण पर राजभवन की चुप्पी पर कई सवाल खड़े किये। इधर, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने पिछले कई दिनों से प्रदेश में चल रही राजनीतिक हलचल के कारण सरकारी कामों में प्रभाव पड़ने की बात कही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े खनन पट्टा मामले में केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यपाल रमेश बैस को भेजी गयी राय को सार्वजनिक करने की मांग की है। दूसरी तरफ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उम्मीद जतायी कि राज्यपाल जल्द ही सभी कानूनी पहलुओं पर अध्ययन करने के बाद संविधान सम्मत फैसला लेंगे।

# मांदर की थाप पर नृत्य कर आदिवासियों ने संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरी

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर ।** पलामू बड़े हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को करम पर्व मनाया गया। लोगों ने प्रकृति की पूजा कर अच्छे फसल की कामना करते हुए। बहनें अपने भाइयों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं। नागपुरी गीत संगीत पर आदिवासी सहित अन्य समाज के लोग नाचते रहे । मांदर की थाप पर थिरकते लोग कुदरत के प्रति अपना आभार व्यक्त कर रहे थे। भैंसखाड़ में अखरा का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा, अश्विनी कुमार, सुरेंद्र कुमार, श्यामबिहारी सिंह, संतोष सिंह और अन्य लोगों ने फीता काट कर किया। वहीं मसिहानी में भी अरविंद गुप्ता चुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अंगवस्त्र देकर मसिहानी के सक्रिय युवाओं और बुजुर्गों को सम्मानित किया। मौके पर अरविंद गुप्ता ने करम परब को एक महान त्योहार बताया और कहा कि धरती को बचाने में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिन्होंने हवा, नदी, पहाड़, अग्नि और पेड़ पौधों को अपना भगवान माना है। अरविंद ने मसिहानी और भैंसखाड़ के अखरा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को विकास के लिए नशे से दूर होना होगा और बच्चों को शिक्षित बनाना होगा तभी हम शिक्षित और सभ्य समाज बना पायेंगे। वहीं उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा कि आदिवासी समाज ने हमेशा से ही प्रकृति की रक्षा की है और यह पर्व उस अवधारणा को और मजबूत करता है। दोनों जगहों के कार्यक्रम को सफल बनाने में भैंसाखांड के सुनील कुमार व्यास, श्याम बिहारी सिंह, संतोष उरांव, लालदेव उरांव, प्रवेश उरांव, वहीं अढ़ि कुड़ख सरना समाज मसिहानी के अध्यक्ष प्रमोद उरांव, सुकेश उरांव, राकेश, रितेश, पाहन के रूप में जनेश उरांव और प्रमोद उरांव ने अपनी भूमिका निभायी। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।



# विधायक कोटे से दो सड़कों की रखी गई आधारशिला



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा विधायक मद की राशि से हुसैनाबाद में दो सड़क मरम्मती निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। जिसमें जपला विशुनपुर मुख्य पथ से नवल सिंह के घर होते हुए ब्रह्मदेव सिंह के घर तक व नोनिया विगहा गांव में सड़क निर्माण कार्य मुख्य रूप से शामिल हैं। उक्त दोनों सड़कों को विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह व एनसीपी प्रवक्ता गुड्डू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर ऑन लाइन विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सभी सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को आपसी सहमति से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने में सहयोग की अपील की है। वहीं विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में पिछले एक माह में एक दर्जन से अधिक सड़क का शुभारंभ स्थानीय विधायक के द्वारा किया गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी है। मौके पर पप्पू सिंह,नवल सिंह, चुना तिवारी, संजय पासवान, विट्टू, अजय, संजय कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### करमा पूजा को लेकर सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन

**सतबरवा।** प्रकृति पर्व करमा पूजा के शुभ अवसर पर सतबरवा प्रखंड बोहिता पंचायत के कुलिया गांव में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे और करमा पूजा की करम पूजा के पश्चात कहा कि यह पर्व हमें एकजुट रहने का संदेश देता है । हम सभी को अनुसरण कर समाज में बदलाव करने की जरूरत के साथ पूर्वजों के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। मौके पर अध्यक्ष राजु उरांव ,विनोद उरांव, विजय उरांव, शिव शंकर उरांव, धर्मू उरांव, सुदेश्वर उरांव, मदन साहू, ईश्वरी साहू, रामू उरांव, मदन उरांव, गीता देवी, सुनीता देवी, मनीषा देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे । वही आशीष कुमार सिन्हा ने नगाड़े, मांदर, ढोल बजाकर आदिवासी संस्कृति में थिरकते नजर आये।

### प्राचीन हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन

**पांकी।** प्रखंड के मुख्य बाजार चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार की संध्या 101 थालियों से सजी आरती से भगवान हनुमान की आरती की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पूर्व थाना प्रभारी के आगमन पर बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी ने उन्हें अंग वस्त्र एवं हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया। जिसके पश्चात चालीसा पाठ एवं महारती का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए, व एक स्वर में लोगों ने चालीसा पाठ किया। अंत में महाप्रसाद के वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

### धूमधाम से मना करमा पूजा

**पांकी।** प्रखंड के सभी पंचायतों में मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से एवं हर्षोल्लास के साथ कर्मा पूजा मनाया गया। मंगलवार की सुबह से ही लोगों ने कर्म वृक्ष की डाल को अपने घरों प्रतिष्ठानों एवं खेतों में लगाया । साथ ही इस दौरान व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रखकर अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना को लेकर देर शाम कर्म डाल की पूजा अर्चना की। इस दौरान लोकगीत एवं झूमर का भी आयोजन किया गया। आपको बता दें कि झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से कर्मा पूजा का काफी महत्व है। यह पर्व भादो महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन मनाया जाता है। कर्मा के दिन बहनों द्वारा भाई के सुख समृद्धि और दीर्घायु की कामना की जाती है। बता दें यह पर्व झारखंड के अलावा उड़ीसा, बंगाल, छत्तीसगढ़ और आसाम में आदिवासी समुदाय के बीच धूमधाम से मनाया जाता है।

### विक्षिप्त व्यक्ति ने छात्रा पर किया हमला, छात्रा घायल

**पांकी।** प्रखंड के कपूरी ठाकुर चौक के समीप बुधवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति ने सड़क से गुजर रही करार गांव निवासी एक छात्रा पर अचानक पत्थर से हमला कर दिया। चोट लगने से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा घायल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। साथ ही विक्षिप्त व्यक्ति की पिटाई करते हुए उसे खदेड़ा गया। आपको बता दें कि मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस को नहीं दी गई । इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में कौतूहल का विषय बन गया है लोगों ने विक्षिप्त व्यक्ति को पांकी से हटाने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने यह भी बताया कि पूर्व में भी विक्षिप्त व्यक्ति के द्वारा कई लोगों पर हमला किया जा चुका है।

### भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

**पांकी।** प्रखंड के थाना रोड स्थित बबन मैरिज हॉल में आयोजित सात दिवसीय गणेश उत्सव मंगलवार को हवन पूजन के पश्चात संपन्न हुआ। वही देर शाम प्रतिमा का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकालकर पूरे नगर का भ्रमण करवाते हुए स्थानीय जलाशय में किया गया।

# 11 हजार वॉल्ट की चपेट में आने से बकरी की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के ग्राम सिंघना में ग्यारह हजार की विद्युत चपेट में आने से बकरी की मौत हो गई। इस संबंध में मुखिया नाजमा खातून ने बताया कि विभागीय अभियंताओं को विद्युत की जर्जर स्थिति के संबंध में जानकारी दी थी। आये दिन विद्युत पोल व अर्थिंग में सटकर पशुओं की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि विभाग केवल छापामारी कर फाइन वसूलने में व्यस्त हैं। मगर जानमाल की परवाह उन्हें नहीं है। उन्होंने जेवीएनएल के मुख्य प्रबंधक मेदिनीनगर से इस समस्या का तत्काल निदान करने की मांग की है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में कोई बड़ी हादसा न हो।

# माउंटेन व्यू रेस्टोरेंट एंड बार का उद्घाटन



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** प्रखंड के बलरा-सुल्तानी परसाचुवां स्थित गांव में बुधवार को बिहार के पूर्व एमएलसी राजन कुमार सिंह ने माउंटेन व्यू रेस्टोरेंट एंड बार का फीता काटकर उद्घाटन किया।मौके पर श्री सिंह ने कहा कि रेस्टोरेंट्स बीयर बार खोलने से हरिहरगंज क्षेत्रवासियों को शहरों जैसी सुविधा उपलब्ध होगी। इस मौके पर संचालक करण गुप्ता व बिनेसर यादव ने बताया कि उक्त रेस्टोरेंट एंड बार में ग्राहकों के सुविधा तथा उनकी पसंद का विशेष ख्याल रखते हुए ग्राहकों को उच्च क्वालिटि देना ही हमारी प्राथमिकता होगी। मौके पर औरंगाबाद जिला के भाजपा महामंत्री राजकुमार सिंह, उपाध्यक्ष भोला सिंह, क्षत्रिय महासभा के राज्य सचिव रंजीत बहादुर सिंह, महाराणा सिंह, मोंटी सिंह, मनु सिंह, सत्येंद्र जायसवाल, सनी सिंह, बिट्टू सिंह, निर्भय सिंह, प्रवीण यादव, अरविंद राम, सत्येंद्र जायसवाल, सनी सिंह, मिक्कू कुमार, गणेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# किसान ब्रिगेड ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों को किया जागरूक



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले को अकाल क्षेत्र घोषित कराने की मांग को लेकर किसान ब्रिगेड के तत्वाधान में ब्रिगेड मुख्यालय पर 16 सितंबर को होने वाले एक दिवसीय धरना को सफल बनाने के लिए किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने टीम के साथ विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसान ब्रिगेड पिछले एक महीनों से हुसैनाबाद विधानसभा के चार प्रखंडों पर धरना देकर पलामू जिले को अकाल क्षेत्र घोषित कराने की मांग कर रही है। लेकिन सरकार ने अभी तक पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित नहीं किया है। जिसके कारण किसानों में बहुत आक्रोश है। सरकार लोगों को फसल राहत के नाम पर फॉर्म भरवाकर सुखाड़ का जायजा ले रही है। उन्होंने कहा कि फसल राहत योजना में वैसे किसानों के लिए भी प्रावधान किया जाये। जिनका जमीन ऑनलाइन नहीं हुआ है। क्योंकि पूरे विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश लोगों को भूमि में विसंगतियां हैं। जिन्हें दूर कर राहत फसल योजना का फार्म भरवाना चाहिए। नहीं तो जब सरकार इस योजना का लाभ किसानों को देगी तो बहुत से किसान जो वाकई में जमीन से जुड़े हुए हैं। उन्हें इस योजना से वंचित होना पड़ सकता है। किसान ब्रिगेड भूमि गड़बड़ी के सुधार के लिए पिछले दो सालों से लगातार लड़ाई लड़ रही है। आगे उन्होंने वैसे किसान जो बटाईदार के रूप में खेती करते हैं। उन्हें भी चिन्हित करके इस योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया है। विशेष क्षेत्र भ्रमण में किसानों को जागरूक करने के लिए बडेपुर, बनियाडीह, ढंगवार और बेलविघा पंचायतों का दौरा किया। मौके पर अजय सिंह, सुदेश प्रजापति, सुरज सिंह,लालमुनी चंद्रवंशी, सुभाष कुमार, विजय चौहान,अजय चन्द्रवंशी, सत्यनारायण यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# जेएमएम जिला अध्यक्ष ने करन बार एंड रेस्टोरेंट का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के जपला स्टेशन रोड में करन बार एंड रेस्टोरेंट का उद्घाटन जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य मनोज गुप्ता,गोपाल सिन्हा, बबलू कुमार सिंह,जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहबाज आलम आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि हुसैनाबाद शहर में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है। रेस्टोरेंट के संचालक वशिष्ठ कुमार सिंह ने कहा कि रेस्टोरेंट में चाइनीज आइटम के साथ भोजन की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में इस तरह की सुविधा युक्त रेस्टोरेंट की कमी लोगों को महसूस होती थी। लेकिन अब करन बार एंड रेस्टोरेंट इस कमी को पूरा करेगा। ग्राहकों को लजीज खाने का स्वाद रेस्टोरेंट में दिया जायेगा। साथ ही इस प्रतिष्ठान में ग्राहकों के लिए सभी प्रकार के विदेशी शराब व वियर उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर जेएमएम के कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, सिंह,एस कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# वृक्ष अपने आप में एक सूक्ष्म जीवन है : राजेश

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत कुसुआ ग्राम में विहंगम योग संस्थान के अंतरराष्ट्रीय प्रचारक प्रधान उपदेष्टा संत नामदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर 153 वृक्ष शिक्षाविद् स्व. सत्यनारायण सिंह के बगीचा में झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह एवं जिला प्रचारक राजेश भारद्वाज के द्वारा लगाया गया। मौके पर पौधारोपण कार्य के आयोजक राजेश भारद्वाज ने बताया की जब हम कोई पौधा लगाये ,तो उसे केवल पौधा ना समझे उसे प्राण समझे ,वह अपने आप में एक सूक्ष्म जीवन है। पेड़ पौधे नहीं रहेंगे, तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पर्यावरण का संतुलन बना रहे । इसी उद्देश्य को लेकर मिशन ग्रीन अर्थ नेम ट्री चलाया जा रहा है । पलामू प्रमंडल में 1000 वृक्ष लगाने का एवं वृक्षों को बड़ा होने तक देखभाल करने का संकल्प लिया गया है। संस्थान के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि संत का आशीर्वाद से कार्य हो रहा है। संत का जीवन ही परमार्थ के लिए होता है। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक यशवंत सिंह, प्रखंड प्रभारी अमलेश सिंह ,चंदन मेहता, महंग पाल, रामप्रवेश सिंह ,अरुण सिंह ,राजेंद्र सिंह अभिषेक सहित काफी संख्या में लोगों ने वृक्षारोपण किया।

# 8.5 करोड़ की योजना का सांसद ने किया शिलान्यास

## 8 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनेगी 8 किमी की सड़क



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के केवालपर गांव तथा अररूआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गिद्दी प्राथमिक स्कूल से करमलेवा-परसलेवा नहर तक 3 किलोमीटर पथ निर्माण तथा तूरी से लंगूराही प्राथमिक विद्यालय चहका तक साढ़े 6 किलोमीटर पथ निर्माण योजना के अलावे करमलेवा पथलबाजा नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास पलामू सांसद बीडी राम ने किया। शिलान्यास के बाद मोतीराज कॉलेज के समीप राधा-कृष्ण मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने किया तथा संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। इसमें पलामू सांसद ने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार प्रत्येक गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए, यह सड़क तथा पुल का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जायेगा। गांव के विकास के लिए सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज को जनता को रेलवे तथा डिग्री कॉलेज की सुविधा दिलाने के लिए प्रयत्नशील हैं। मौके पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि सांसद प्राथमिकता के आधार पर पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे है। भाजपा विकास पर ही विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से हमारे प्रखंड क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी। संवेदक स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के अजित सिंह तथा ग्रामीण विकास विभाग के जेई संजीत कुमार ने बताया कि 12 माह में कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रविन्द्र कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन,मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मुखिया संदीप यादव, विकास यादव, बुधन सिंह यादव, सतेन्द्र यादव, दिनेश प्रसाद, महामंत्री सन्नी गुप्ता, सनोज गुप्ता, रौशन सिंह, सतेन्द्र पासवान, गुप्ता पासवान, रघुनंदन साव, धर्मेन्द्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.-275731 Building(22-23).D has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 14.09.2022 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 15.09.2022 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR277230 (Building)22-23*D



**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, DALTONGANJ**
**CIVIL COURT, DALTONGANJ**
Mobile No:- 8757269596 email:- dlsapalamu123@gmail.com

Advt. No. LADCS/01/2022 Date:- 07.09.2022

**NOTICE**

**Extension of TIME LIMIT for filing Applications for different posts of LADCS**

This is to inform that applications were invited from eligible lawyers havingrequisite qualification for contractual full time engagement for the followingthree posts in process of implementation of LADCS in the district of Palamau.

1. Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – 01)
2. Deputy Chief Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – 01)
3. Assistant Legal Aid Defence Counsel ( No. of Lawyers to be engaged – 04)

The last date for filing applications for such different posts of LADCS was05.09.2022. Now the time limit for filing applications for the above mentionedpost has been **extended till 05:00 P.M. on 10.09.2022 (Saturday).**

The Scheme of engagement and requisite qualifications as well asapplication form are available on the website of Civil Court, Daltonganj i.e.(https://districts.ecourts.gov.in/palamu) as well as on the Notice Board of DLSA,PALAMU. The duly filled application form along with self-attested copies ofdocuments shall be submitted to the office of DLSA, Palamu, through speed postor in an envelope personally in the office of Secretary, DLSA **on or before 10th September 2022 by 17:00 Hrs.** Any application received after due date and timeshall not be considered.

Sd/-
Secretary, DLSA

PR 277175 District (22-23)_D



**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: शुद्धि पत्र :-**

इस कार्यालय के पत्रांक 977/जि0प0, दिनांक 30.08.2022 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीक पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2022–33 (PR No. 276815 District (22-23)# D) से प्रकाशित है के ग्रुप संख्या–03 में वर्णित कार्य **(प्रखण्ड–गिद्धौर, पंचायत–पहरा, ग्राम–पहरा में भुनेश्वर ठाकुर के घर से मोरकाटांड़ तक पीसीसी पथ निर्माण)** कार्य में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : **16.09.2022** से **19.09.2022** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
2. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, चतरा।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: **20.09.2022** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **20.09.2022** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
6. निविदा खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा/जिला परिषद, चतरा।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 277214 District(22-23)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/11/2022-23**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 14.09.2022 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders:- 15.09.2022 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 15.09.2022 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Store Room, Chabutra and Ramp in S.P Residence Campus Daltonganj, Palamu. | 1555100.00 | 31500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation of the Boundary Wall in S.P Residence Palamu, Daltonganj. | 1709100.00 | 35000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 3. | Renovation of S.D.P.O Residence, Barrack, Kitchen, and Landscaping Work at Chattarpur, Palamu. | 1375300.00 | 28000.00 | 2500.00 | 01 Months |

*Note :- Detail Terms and Condition of Tender may be seen at www.jharkhand.gov.in& office notice board.*

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 277228 (Building)22-23*D

## न्यूज गैलरी

### नियोजन नीति पर सुनवाई पूरी,फैसला सुरक्षित

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी रूल्स संशोधन के विरुद्ध झारखंड हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। कोर्ट में पांच घंटे तक बहस की गयी। सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब इस महत्वपूर्ण मामले में अदालत का क्या रुख होगा। यह झारखंड में सरकारी नियुक्तियों में शामिल होने की उम्मीद रखने वाले हजारों युवाओं को प्रभावित करेगा। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ने पक्ष रखा। प्रार्थियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अपराजिता भारद्वाज, अधिवक्ता कुमार हर्ष और कुमारी सुगंधा ने अदालत में बहस की। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की। गौरतलब है कि प्रार्थी रमेश हांसदा एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें राज्य सरकार द्वारा आयोग के नियमावली में किये गए संशोधन को गलत बताया गया है। साथ ही इसे निरस्त करने की मांग अदालत से की गई है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार ने नियमावली में संशोधन किया है। जिसके तहत राज्य के संस्थान से ही दसवीं और 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। यह नियम सिर्फ सामान्य श्रेणी के छात्रों पर ही लागू होगी। जबकि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में यह आदेश लागू नहीं होगा। वहीं भाषा के पेपर से हिंदी और अंग्रेजी को भी हटा दिया गया है। जबकि उर्दू, बांग्ला और उड़िया भाषा को शामिल किया गया है। इन शर्तों के कारण आयोग के द्वारा नियुक्तियों के लिए जारी विज्ञापन में कई अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इस नियमावली को रद्द किया जाना चाहिए।

### डीईओ ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय मिशन स्कूल में झारखंड शिक्षा परियोजना,रांची के योजनान्तर्गत पलामू डीईओ अनिल कुमार चौधरी की अगुआई मे स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। दीप प्रज्वलित कर स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन करते हुए डीईओ ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। यह एक दिन के अभ्यास का मामला नहीं है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं,शिक्षकों, कर्मियों व पदाधिकारियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलवाई तथा सामूहिक रूप से हस्त प्रक्षालन कराया। उन्होंने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में पन्द्रह दिनों तक स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन करना है तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना है। इसमें बच्चों के साथ अभिभावकों को भी भागीदार बनाना है। कस्तुरबा चैनपुर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी,बीईईओ .बलराम पाठक, सहायक अभियंता दिलीप सिंह,कनीय अभियंता सुधीर दुबे,एडीपीओ. उदय सिंह,सहायक राजीव चौबे, विकास दूबे,सादाब हुसैन, सुनील यादव,प्रशील रमन,संजय कुमार, प्रियेश कुमार, सहायक राजीव रंजन पाण्डेय व बिरजेनिया खेस मुख्य रूप से सक्रिय थे।

### अमृत महोत्सव को समर्पित होंगें तोरण द्वार

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय सह नगर निगम क्षेत्र में बनाये जाने वाले सभी तोरणद्वार इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित होंगे। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने सभी तोरण द्वार तिरंगे के तीनों रंग से बनाने का निर्णय लिया है । जिसकी तैयारी तेज हो गई है। बिजली लाइट सज्जा में भी यथा संभव केशरिया, सफेद व हरा रंग का ही प्रयोग करने का निर्णय लिया गया है। महालया के दिन विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। साथ ही महासप्तमी, महाअष्टमी और महानवमी को प्रोफेशनल कलाकारों की टीम के माध्यम से इच्छुक पंडाल और जिला स्कूल के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया, गरबा आदि कराने का निर्णय लिया गया है। दो साल बाद मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के 70 पंडालों सहित जिले के सभी पांच नगर निकाय क्षेत्र और 265 पंचायतों में बड़े उल्लास से महोत्सव की तैयारी तेज हो गई है। भव्य पंडाल, पारंपरिक तरीके से पूर्ण आस्था के साथ पूजा, विशेष साज-सज्जा की तैयारी में कमेटियां जुट गई है। पलामू जिले में दुर्गोत्सव का नेतृत्व करने वाली श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति का इस वर्ष पुनर्गठन विधायक आलोक कुमार चौरसिया के मुख्य संरक्षण में किया गया है। महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में कमेटी का विस्तार किया गया।

### करमा डाली विसर्जन के साथ पर्व सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पूजा बुधवार को संपन्न हो गया। मंगलवार देर रात तक करम डाली की पूजा की गई। उपवास रखनेवाली महिलाओं और युवतियों ने अगले दिन पारन कर पूरे विधि-विधान से करम डाली का विसर्जन किया। स्थानीय शहर के कोयल नदी , पंपू कल, बड़ा तालाब, में डाली का विसर्जन किया गया। विसर्जन करने बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां तालाब पहुंचीं। करम डाल विसर्जन के क्रम में महिलाएं व युवतियां पारंपरिक करम गीत और नृत्य करती हुई करम डाली के साथ नदी व जलाशयों तक पहुंचीं। करम डाल विसर्जन को लेकर कई स्थानों पर जुलूस भी निकाले गये। हालांकि जुलूस में भीड़ कम थी। इससे पहले कई जगह पाहन द्वारा करम डाल को उठाया। उपवास कर रही बालिकाओं ने करम डाली की पूजा अर्चना की। करमा पर्व भादो एकादशी के दिन मनाया जाता है। इसमें करमा की डाली की पूजा होती है।

## उग्रवादी हिंसा से पीड़ित आश्रितों को नियुक्ति की बाबत डीसी संजीदा

# आश्रितो को मुआवजा व नौकरी से संबंधित मामलों के निष्पादन का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों,मृत चौकीदारों एवं उग्रवादी हिंसा से पीड़ित आम लोगों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए बैठक आयोजित की। समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत सरकारी सेवकों के आश्रितों को मुआवजा एवं नौकरी से संबंधित मामलों को संवेदनशील होकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामलों को इस प्रकार प्रतिवेदित करें कि स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो कि मामलों का निष्पादन हो चुका है व कौन मामला किस स्तर पर लंबित है,ताकि कार्य करने में सुविधा हो। उपायुक्त श्री दोड्डे ने अनुकंपा समिति के सदस्यों से अनुकंपा को लेकर आये आवेदन के निष्पादन में विलंब नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनुकंपा की नौकरी उसके परिजनों के लिए एक मात्र सहारा होता है। उन्होंने अनुकंपा समिति के सदस्यों को आपस में समन्वय स्थापित कर मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से उन्हें नौकरी व मुआवजा प्राप्त होता है,तो उन्हें काफी मुश्किलों से निजात मिल सकती है। **सामान्य अनुकंपा के 30 मामलों पर चर्चा की गयी:** बैठक में सामान्य अनुकंपा के कुल 30 मामलों की समीक्षा की गयी । साथ ही 5 चौकीदारी के मामलों की भी समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने आवेदन,संबंधित व्यक्ति की शैक्षणिक योग्यता,एनओसी और परिवार के सदस्यों से संबंधित जानकारी लेते हुए नियुक्ति के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। बैठक में कुल 19 सामान्य मामलों को स्वीकृति दी गयी । वहीं चौकीदारी के 5 मामलों में से 4 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावे उग्रवादी हिंसा से पीड़ित 12 मामलों में से एक आवेदन का अनुमोदन किया गया । वहीं अन्य मामलों में तकनीकी व कुछ मामलों में सभी कागजात पूर्ण नहीं पाये गये। मौके पर उपायुक्त के अलावा पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता निशा तिर्की, सामान्य शाखा प्रभारी कपिल देव ठाकुर,कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व अन्य उपस्थित थे।

# मनातू बीडीओ ने पांकी विधायक पर किया मामला दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता और मनातू बीडीओ सुनील प्रकाश के बीच 2 माह से शह मात का खेल जारी है। बीडीओ ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इससे पहले विधायक ने बीडीओ के खिलाफ राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री और ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को पत्र लिखकर शिकायत की थी। 16 जुलाई को भाजपा विधायक डॉ शशि भूषण मेहता समर्थकों के साथ मनातू प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। बीडीओ के कार्यालय में नहीं मिलने पर विधायक उनके आवास में पहुंच गए। विधायक का आरोप था कि बीडीओ ऑफिस आवास के घर में बैठकर शराब पी रहे थे। इस मामले को लेकर विधायक ने धरना दिया था और कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि तब आपसी सहमति से मामला शांत हो गया था। विधायक द्वारा बीडीओ की शिकायत विभागीय अधिकारियों और सचिव से किए जाने के बाद एक बार मामला फिर से गरमा गया है। बीडीओ ने विधायक पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इससे बचाव की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पलामू के मनातू थाना में पांकी से भाजपा विधायक डॉ शशि भूषण मेहता समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर सुनील प्रकाश के आवेदन के आधार पर की गई है। मनातू कांड संख्या 23/22 में विधायक एवं अन्य पर मारपीट करने समेत कई आरोप लगे हैं। एफआइआर में 353, 66ई आईटी एक्ट भी लगाया गया है।

### नाली जाम होने से सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

**मेदिनीनगर।** नगरनिगम वार्ड नंबर 19 के पूर्व वार्ड पार्षद रह चुकी शिव देवी के घर से लेकर 100 मीटर तक का नाली पूरा जाम पड़ा हुआ है। नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है,जिससे आम लोग उसी गंदा पानी में चलने को मजबूर है। वार्ड नम्बर 19 में नगरनिगम के द्वारा सफाई केवल खानापूर्ति के लिए की जाती है। यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि नाली का पानी जहां से निकलता है। उसी पुल में कचरा भरकर जाम कर दिया गया है। कचड़ा से नाली जाम होने के कारण पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगो का कहना है कि नगर निगम के द्वारा इस वार्ड में कचरा फेंकने के लिए किसी प्रकार का डस्टबिन मुहैया नहीं कराई गई है । यही कारण है कि लोग पुल में कचरा फेंकते हैं। जिससे नाली जाम हो रहा है,यहां के स्थानीय लोगो की भी कमी है कि वे लोग नाली के ऊपर घरों में जाने के लिए सीढ़ी बना लिए हैं। जिसके वजह से नाली की अच्छी तरह से साफ सफाई नहीं हो पाती है।

## कंचन ने शहर थाना की पुलिस पर लगाया मारपीट का आरोप


# कोर्ट में पुलिस कर्मियों के खिलाफ परिवाद दायर किया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा चौक निवासी भुक्तभोगी कंचन कुमार गुप्ता ने शहर थाना के एएसआई इंद्र पासवान पर केस नहीं उठाने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है । इस संबंध में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मेदिनीनगर की अदालत में एक परिवाद दायर किया गया है। जिसकी संख्या 1857/22 है । दायर परिवाद में कहा गया है कि मेदिनीनगर शहर के रांची रोड रेड़मा दुर्गा पेट्रोल पंप निवासी स्वर्गीय अनिल साहू के पुत्र कंचन कुमार गुप्ता उर्फ टिंकू पर उसके गोतिया द्वारा एक केस शहर थाना में किया गया था। केश आईओ इंद्र पासवान ने केश हल्का करने के नाम पर कंचन कुमार गुप्ता से पैसे की मांग की। पैसा नहीं देने पर शहर थाना के एएसआई इंदर पासवान ने कंचन कुमार गुप्ता के घर में घुसकर मारपीट की और तोड़फोड़ किया। जिसकी शिकायत कंचन ने निगरानी विभाग से किया। निगरानी ने रिश्वत लेते हुए इंद्र पासवान को रंगे हाथ पकड़ा था। इसके बाद से ही मेदिनीनगर शहर थाना के कई पुलिस केस को सुलह करने के लिए कंचन पर दबाव डालने लगे। दबाव डालने के क्रम में पुलिसकर्मियों ने कहा कि किशोर पांडे तुम्हें कहां तक बचायेगा। इसलिए सुलह कर लो । दबाव डालने वालों में शहर थाना के एसआई अमित सिंह, एसआई नकुल साह, शहर थाना के मुंशी और बसना ग्राम निवासी सहदेव पांडेय के पुत्र बालमुकुंद पांडे सहित चार पांच अज्ञात पुलिसकर्मी शामिल थे। इस बीच कंचन कुमार केस वापस नहीं ले रहा था। चंदन ने आरोप लगाया है कि इससे खफा होकर 14 मार्च 2022 को रेड़मा चौक से अपने घर जा रहा था। तभी बालमुकुंद पांडे ,अमित सिंह ,नकुल शाह एवं चार पांच अज्ञात व्यक्ति जबरदस्ती गाड़ी में बैठा कर केस उठाने के लिए बोलने लगे। इस दौरान सभी ने उसके साथ मारपीट भी की। नकुल शाह ने कनपटी पर पिस्टल सटाकर मारपीट की । कंचन ने आरोप लगाया गया है कि बालमुकुंद पांडे 4- 5 सादे कागज पर हस्ताक्षर भी करा लिए है। वे सभी शहर थाने के पास ले गए और परिसर के बाहर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया । और निगरानी कांड संख्या 5 /21 को सुलह करने की धमकी दी । इस दौरान थाना का मुंशी भी गला दबा रहा था। कंचन ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान एसआई अमित सिंह मेरे पॉकेट से अठारह हजार नगद और मोबाइल छीन कर धमकी दिया कि इस केस को नहीं उठाओगे तो जान से मार देंगे । कंचन ने परिवाद में लिखा है कि इस मामले को लेकर 15 मार्च 2022 को एक परिवाद दायर किया था। परंतु बीमारी के कारण न्यायालय में हाजिर नहीं हो सका । इस कारण उसने आवेदन में लिखा है कि पुनः परिवाद दाखिल किया जाये।

# राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना जर्जर सड़क



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के तारीडीह पंचायत अंतर्गत तारीडीह ग्राम के टोला चुनवालेड, बैराही, ब्रह्कुरवा जाने वाली मुख्य सड़क काफी जर्जर है। जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां लगभग 120 घरों की आबादी को प्रखण्ड मुख्यालय बाजार या छतरपुर- नौडीहा बाजार मुख्य सड़क पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे के हो जाने से बरसात के दिंनो में वर्षा का पानी जमजाने से सड़क कीचड़ों में तब्दील हो गई है। जिससे चार पहिया, साइकिल व बाइक सवार छोड़ लोगों की पैदल चलने में भी काफी कठिनाइयो का सामना करना पड रहा है। लोगों को गांव से बाहर जाने के लिए इसी सड़क से आना जाना पड़ता है। बार-बार सब्जी का बोझ,आनाज का बोझ कीचड़ों के कारण गिर जाते है। इसके अलावा पैदल चलने वालों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। इस रास्ते से कोई भी चार पहिया वाहन नहीं चल पाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों को दी गयी । लेकिन किसी ने इस ओर घ्यान नहीं दिया। वही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से भी सड़क दुरुस्त करवाने की मांग की।

### मलय डैम में गुम हुए बच्चे का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के मलय डैम से एक किशोर का शव करीब 15 घंटे बाद बरामद हुआ है । किशोर मिर्गी का मरीज था, आशंका जताई जा रही है कि डैम में नहाने के दौरान वह किसी बीमारी की वजह डूब गया होगा। घटना के बाद परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। फिलहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिजन और पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को लेकर एमएमसीएच गये। जानकारी के अनुसार सतबरवा थाना क्षेत्र के दूलसुलमा के रहने वाले 14 वर्षीय छोटू कुमार मंगलवार को नहाने के लिए मलय डैम गया हुआ था। छोटू को स्थानीय ग्रामीणों ने डैम में छलांग लगाने से मना किया था। बावजूद छोटू ने छलांग लगा दी। छलांग लगाने के साथ ही छोटू डूब गया। छोटू के डूबने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और छोटू की खोजबीन शुरू की। घटना मंगलवार की सुबह 12 से 1 बजे के बीच की है। देर शाम तक परिजन व स्थानीय ग्रामीणों ने मलय डैम में छोटू की काफी खोजबीन की । लेकिन वह नहीं मिल पाया। वहीं बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने शव को तैरते हुए देखा और शोर मचाया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव की पहचान छोटू के रूप में की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची सतबरवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।

# शहर के कई होटलों में बेखौफ चल रहा है जिस्मफरोशी का धंधा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के कई होटलों में बेखौफ चल रहा है जिस्मफरोशी का धंधा। होटल संचालक इस अवैध कारोबार के सूत्रधार हैं। होटल संचालकों को न तो पुलिस की कार्रवाई का खौफ है और न ही सामाजिक हनन की चिंता। जानकारो के मुताबिक मेदिनीनगर शहर में दर्जनों की संख्या में छोटे बड़े होटल संचालित हो रहे हैं। होटल में यह धंधा बदस्तूर दिन के उजाले में भी चल रहा है। लोगों का कहना है कि पहले भी पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी कर जिस्मफरोसी के अवैध धंधे का पदार्फाश किया जाता रहा है। जिसमें कई होटल संचालक इस धन्धे में पकड़े भी गए हैं। लोगों का कहना है कि समय -समय पर पुलिस को इन होटलो में छापेमारी करनी चाहिए। ताकि जिस्मफरोशी का धंधा करने वाले होटल संचालकों में खौफ बना रहे। होटल व्यवसाय से जुड़े जानकार बताते हैं कि शहर में कई ऐसे नामी गिरामी होटल हैं जो रात के अंधेरे की बात छोड़ दीजिए यहां दिन के उजाले में ही जिस्मफरोशी का धंधा चलाते हैं। इसके अलावा देर रात में पेशेवर महिलाएं व युवतियों के आने-जाने का सिलसिला शुरू होता है। पूरी रात यह धंधा चलता रहता है और अहले सुबह ही पेशेवर महिलाएं व युवतियां अपने घरों के लिए रवाना हो जाती हैं। इसमें शामिल लोगों को उनका हिस्सा पूरी ईमानदारी से मिल जाता है। इस काम मे होटल संचालक और पेशेवर महिला भी शामिल हैं जो पैसे के लालच में शान शौकत के लिए गरीब घर की लड़कियों को इस धंधे में धकेलती हैं। होटल व्यवसाय से जुड़े जानकर बताते हैं कि ग्राहकों के डिमांड के अनुरूप लड़कियां बाहर के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से मंगाई जाती हैं। ग्राहकों की सबसे ज्यादा डिमांड कम उम्र की पढ़ने वाली लड़कियों का होता है। कम उम्र की लड़कियां बुलाई जाती हैं, जो पूरे दिन इन होटलों में रहती है। हर लड़की का एक रेट फिक्स होता है।

**धन्धे में स्थानीय पेशेवर महिलाएं व लड़कियों को ज्यादा मिलती है तहजीब:** होटलों में जिस्म की खरीद फरोख के धंधे में स्थानीय पेशेवर महिलाओं व लड़कियों को होटल व्यवसायियों द्वारा ज्यादा तहजीब दी जाती है। एक वजह यह भी है कि ग्राहक के डिमांड पर कम समय के अंदर यह महिलाएं व लड़कियां होटल में उपलब्ध हो जाती हैं। जिसका ज्यादा मुनाफा होटल मालिक को मिलता है। इसके साथ ही तहजीब का एक कारण यह भी है कि इनके भेजने का कोई इंतजाम होटल प्रबंधन द्वारा नहीं किया जाता है । क्योंकि इन्हें शहर के सड़कों से आने जाने वाले वाहन, पुलिस स्टेशन सहित सभी जानकारियां होती हैं। जिससे यह अपनी सुरक्षा का इंतजाम स्वयं करती है। इतना ही नहीं इनके द्वारा होटल में आर्थिक तंगी से जूझ रही ग्रामीण लड़कियों व महिलाओं को उम्मीद की किरण दिखाकर सप्लाई किया जाता है।




## न्यूज गैलरी

### नवपदस्थापित बीईईओ ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



भंडरिया (गढ़वा)। भंडरिया प्रखंड संसाधन केंद्र में नव पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण सह अनुश्रवण किया। निरीक्षण के दौरान बीईईओ उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिन्दा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगनाहा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय परों पहुंचे। जहां विद्यालय में सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित पाए गए। बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर बीईईओ ने प्रभारी को उपस्थिति बढ़ाने सहित अन्य मार्गदर्शन दिया। इस क्रम में विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना की पंजी का संधारण नहीं किया हुआ पाया गया, इस पर भी शिक्षकों को पंजी का संधारण करने का कड़ा निर्देश दिया गया। साथ ही साथ सभी प्रकार के पंजी के संधारण पर संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। बच्चों की उपस्थिति पर शिक्षकों ने बताया कि करमा पुजा के कारण बच्चे की उपस्थिति कम हो गयी है। बीईईओ ने जाति प्रमाण पत्र बनने से संबंधित अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर सीआरपी सत्यनारायण यादव मौजूद थे।

### तस्करी के लिए ले जा रहे मवेशियों को ग्रामीणों ने पकड़ कर चिनियां पुलिस को किया सुपुर्द

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिनिया में मंगलवार की देर रात ग्रामीणों ने तस्करी के लिए ले जा रहे लगभग एक दर्जन मवेशियों को पकड़कर चिनीया पुलिस को सुपुर्द किया है । इस संदर्भ में बताते चलें कि छत्तीसगढ़ से तस्करी के लिए जंगलों के रास्ते से चिनीया होते हुए मवेशियों को अन्य जगहो पर ले जाय रहा था । जिस पर चिनिया यादव टोला नाहर के पास ग्रामीणों की नजर मवेशियों पर पड़ी वहीं ग्रामीणों को देखते ही पशु तस्कर मौके से फरार हो गए । इधर ग्रामीणों ने लगभग एक दर्जन मवेशियों को खदेड़ कर चिनिया थाना को सुपुर्द कर दिया है । मामले में थाना प्रभारी विरेंद्र हंसता ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा लगभग एक दर्जन पशुओं को चिनिया थाना लाया गया है । मामले की जांच की जा रही है । पशू तस्कर मौके से फरार हो गया है अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी तथा पशुओं को जीमे नामा पर ग्रामीणों को सुबह सुपुर्द कर दिया जाएगा । इधर बुधवार की सुबह है पशुओं को लेने के लिए ग्रामीणों में और मची हुई है तथा मौके पर मौके पर पुलिस सब इंस्पेक्टर गुप्तेश्वर सिंह ग्रामीणों से आधार कार्ड लेकर ग्रामीणों के बीच पशुओं को सुपुर्द कर दिया है ।

### प्रमुख और मुखिया ने संयुक्त रूप से किया आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास



भवनाथपुर। प्रखण्ड क्षेत्र के बुका गांव के हरिजन टोला में प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी एवं मुखिया बेबी देवी ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से टोला के छोटे-छोटे बच्चों के पढ़ाई करने में सुविधा होगी, वहीं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए जमीन दान देने पर लक्षण मेहता को मुखिया बेबी देवी ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर पंचायत सेवक अजित सिंह, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चंदन ठाकुर, छोटन मेहता, रामशंकर मेहता, दीपक वर्मा,जयकुमार राउत, अजित यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### आभा कार्ड एवं योग चौपाल का किया गया आयोजन



**मंझिआंव/गढ़वा।** गढ़वा उपायुक्त के निदेर्शानुसार पत्रांक 122 17 जुलाई 2022 के आलोक में आभा राजकीय आयुरबैदिक अंतर्गत आयुष योग्य प्रचार प्रसार हेतु डॉ विशाल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तलशबरिया पंचायत भवन में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में आयुष आभा कार्ड,योग्य, पोषण के के बारे में उपस्थित लोगों को डॉ विशाल कुमार मिश्रा के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। वही आयुष और योग्य के बारे में 20 आभा कार्ड बनाया गया।

### 15 सितंबर तक हर हाल में करें मतदाताओं का आधार सीडिंग: बीडीओ

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक हुई। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को 15 सितंबर 2022 तक फार्म 6 बी गरूड़ एप के माध्यम से मतदाताओं का रंगीन फोटो अपडेशन करने, मतदाता सूची से आधार सीडिंग और मोबाइल फोन नंबर जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की एक भी मतदाता आधार सीडिंग से वंचित न रहे इसके लिए सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक अपने अपने कार्य क्षेत्र के घर घर जाकर मतदाताओं का वोटरलिस्ट से आधार सीडिंग करेंगें। बीडीओ ने कहा की निर्वाचन कार्य में लपरवाही बरतने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर को कार्यमुक्त करते हुए करवाई की जाएगी। इस अवसर पर बीएलओ यमेघनाथ,धनजय,रानी देवी, अजय कुमार,भरत प्रसाद,अणु देवी,रंजू देवी,राम कुमार वर्मा, शंकर मेहता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

प्रस्तावित अल्पसंख्यक स्कूल खोलने के प्रस्ताव का विरोध, बोले पूर्व विधायक

# जिले में जमीन कारोबार का चल रहा हैं गोरखधंधा



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के फरठिया पंचायत के उरांव टोला में प्रस्तावित अल्पसंख्यक स्कूल खोलने के प्रस्ताव के विरोध में गांव के ग्रामीण पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में डीसी से मिले। पूर्व विधायक ने डीसी से मिलकर कहा कि गांव के गरीब, दलित और आदिवासी परिवार पिछले 50 साल से उक्त जमीन पर रहकर जीवन बसर कर रहे है। उन्होंने डीसी से स्कूल निर्माण किसी दूसरे गैरमजरूआ भूमि पर कराने की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा कि जिले में जमीन कारोबार का गोरखधंधा चल रहा है। बगैर नाम लिए, उन्होंने स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह गरीब, दलित और आदिवासियों को उजाड़ने पर तुले हुए है। उन्होंने कहा कि वह अल्पसंख्यक स्कूल बनने के विरोधी नहीं है लेकिन गरीबों को उजाड़कर यह कतई संभव नही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि का जिस भूमि पर घर है। वह जमीन मूसहर परिवार का है। उन्होंने बताया कि जिले के तत्कालीन डीसी एसके सत्पथी ने कल्याणपुर में 22 मूसहर परिवारों को बसाया था। लेकिन बाद में उक्त जमीन से मूसहर परिवार को उजाड़ दिया गया। उसके बाद उस जमीन पर दबंग परिवार के लोग कब्जा कर लिए। अब उसी जमीन पर स्थानीय जनप्रतिनिधि का घर बन चुका है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि वहां से उजाड़े गए 22 मूसहर परिवार को खोज कर उन्हें पुर्नवासित कराने की जरूरत है। उन्होंने जिला प्रशासन से अल्पसंख्यक स्कूल को दूसरे जमीन पर बनवाने और 22 मूसहर परिवार को पुनः पुर्नवासित करने की मांग की है। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे हुए थे।

## होमगार्ड के जवानों ने प्रति जताया आभार

**गढ़वा।** बुधवार को होमगार्ड के जवानों ने पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और डीसी के प्रति आभार जताया। विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंचे पूर्व विधायक को होमगार्ड के जवानों ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं डीसी से मिलकर आभार भी जताया। पूर्व विधायक ने कहा कि वह करीब 20 दिन पहले होमगार्ड की समस्याओं को लेकर डीसी से मिला था। जिसमें होमगार्ड के नए बहाली पर रोक लगाकर जिले में कार्यरत सभी होमगार्ड को शत-प्रतिशत डियुटी पर लगाने की मांग की गई थी। वहीं अन्य जिलों की तरह गढ़वा में भी सभी अंचलों में छह-छह होमगार्ड की प्रतिनियुक्त की मांग की गई है। पूर्व विधायक ने कहा कि नए बहाली रद् कर दी गई है। डीसी होमगार्ड की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया।

# पुनः बंद हुआ उपप्रमुख कार्यालय, कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय में संचालित उपप्रमुख का एकल कार्यालय बीडीओ गणेश महतो ने पुनः बंद कर दिया। कार्यालय बंद होने के पश्चात कई दिनों से चली आ रही गतिरोध पर विराम लग गया है। बीडीओ गणेश महतो ने बताया की वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर उपप्रमुख के कार्यालय को बंद किया गया है। जानकारी के अनुसार पूर्व से प्रखंड कार्यालय में उपप्रमुख का एकल कार्यालय संचालित हो रहा था। जून माह में उपप्रमुख कार्यालय का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्य नारायण यादव ने जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान तथा उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य की उपस्थिति में किया था। कुछ दिन पश्चात प्रमुख आभा रानी ने प्रखंड कार्यालय में उपप्रमुख का एकल कार्यालय संचालित होने का शिकायत जिला पंचायती राज पदाधिकारी से किया था। जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत अलग से उपप्रमुख का कार्यालय संचालित करने का प्रावधान नहीं है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने उपप्रमुख का कार्यालय को बंद करने का आदेश बीडीओ गणेश महतो को दिया। एक सप्ताह पूर्व प्रमुख आभा रानी तथा बीडीओ गणेश महतो ने उपप्रमुख के कार्यालय को बंद किया था। दूसरे दिन उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य तथा उनके समर्थकों के मांग पर बीडीओ गणेश महतो ने उपप्रमुख के कार्यालय को पुनः खोल दिया था। प्रमुख आभा रानी ने इस मामले को श्रीवंशीधर एसडीओ आलोक कुमार, उपायुक्त रमेश घोलप तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी के पास ले गई। उपायुक्त ने उपप्रमुख के कार्यालय को तत्काल बंद करने का निर्देश बीडीओ को दिया। बीडीओ गणेश महतो ने उपायुक्त के आदेश पर उपप्रमुख के कार्यालय को बंद किया।

# अवैध तरीके से बालू की उठाव कर खुलेआम बेच रहे हैं बालू माफिया

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** इन दिनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफिया खुलेआम बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू की उठाव कर सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए ऊंचे दामों पर बेच कर जहां जेएसएमडीएस के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए राजस्व का चूना लगा रहें हैं। इनके इस कार्य में प्रशासन की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता।

बता दें कि भवनाथपुर के ढढरा नदी, मकरी, बरवारी, झगराखांड़,कैलान के नदी से बालू माफियाओं द्वारा खुलेआम बालू का उठाव किया जा रहा है,और इसपर प्रशासन मौन साधे हुए हैं। 15 अक्टूबर तक बालू उत्खनन पूर्णतः बंद है। अधिकारियों के मिली भगत से बालू माफिया जेएसएमडीएस के आदेश को धता बताते हुए अवैध बालू का उत्खनन दिन के उजाले में बेधड़क कर रहे हैं



बरवारी नदी में दिन में बालू को जमा करते हैं और रात के अंधेरे में उसे ट्रैक्टर से भवनाथपुर प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में बालू का बिक्री कर रहे हैं। अवैध बालू उत्खनन कर जहां जेएसएमडीएस के आदेश का अवहेलना कर रहे हैं। वहीं सरकार के लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं अवैध बालू लेकर जाने में तेज रफ्तार में ट्रैक्टर चलाने से आये दिन घटना दुर्घटना भी होते रहती है। सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव से पूछे जाने पर कहा कि नदी अवैध बालू उठाव कि जानकारी नहीं है जांच कर दोषियों पर करवाई कि जाएगी।

## महिला के साथ मारपीट करने पर दो को भेजा गया जेल

**भवनाथपुर।** मानवता का किया शर्मसार महिला को डायन बता कर महिला के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है। इसमें दो पक्षों में हुई मार-पीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने इस संदर्भ में गिरफ्तार कर दो को जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में थाना क्षेत्र के अधौरा निवासी महिला लीलावती देवी ने थाना में आवेदन देकर बताया कि 5 सितम्बर लगभग 9 बजे रात में एका-एक अमरनाथ उरांव, सुचिता देवी, जितेंद्र उरांव, शोभी उरांव, उमेश उरांव, फूलों देवी, सोनवा देवी, पिंटू उरांव, सुरेन्द्र उरांव, मुनि उरांव, अर्जुन उरांव सभी अधौरा निवासी ने घर में घुस कर डायन कहकर लाठी- डंटा से मार पीट करना शुरू कर दिए। दो नाबालिग बच्ची को उनलोगों ने पीटा। पिटाई के दौरान एक लौकेट और एक छुछिया भी लूट लिया।

प्रकृति का महापर्व करमा हर्षोल्लास के साथ संपन्न

# मांदर की थाप पर जमकर थिरकी महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम डोल में प्रकृति का महापर्व कर्मा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया है । बताते चला कि आज झारखंड में हर ओर आदिवासियों के पर्व करमा की धूम देखने को मिली। मौके पर आदिवासी प्रकृति की पूजा कर अच्छे फसल की कामना करते हैं। बहनें अपने भाइयों की सलामती के लिए प्रार्थना भी करती हैं । कुंआरी कन्याएं बीते पूरे दिन व्रत रखकर करम देव की पूजा अर्चना की तथा करमदेव से अपने भाई की सुख-समृद्धि की कामना की। एवं अच्छे वर व सफल दांपत्य जीवन की प्रार्थना क्रम देव के समक्ष की। वही संध्या में लोगों के द्वारा करम डाली लाकर अखड़ा में करम डाली स्थापित करने के



बाद पाहन पूजा की गई। देशवासियों की खुशहाली के लिए लाल मुर्गे की बलि दी गई। करम-धरम की कथा सुनने के बाद व पूजा के बाद रात भर अखड़ा में नृत्य संगीत का दौर चलता रहा। वही मांदर की थाप पर महिलाएं पुरुष जमकर थी रकते हुए नजर आए तो वहीं युवा पीढ़ी भी डीजे की धुन पर पूरी रात जमकर थिरके सुबह में करम देव की विधिवत पूजा अर्चना के बाद विसर्जन विसर्जन किया गया । इस तरीके से करमा पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । मौके पर रामसखी कोरवा, मुरारी कोरवा, रोहित कोरवा,ललन कोरवा, कपिल कोरवा,रावण कोरवा, ईश्वरी कोरवा, रामश्रेय कोरवा, बईगा सुमन कोरवा, देवार नंदू कोरवा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे ।

विभिन्न गांवों से लगभग एक दर्जन लोग उमरा के लिए रवाना, कहा

# हिंदू-मुस्लिम एकता कायम रहे इसके लिए करेंगे दुआ

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न गांवों से लगभग एक दर्जन लोग उमरा के लिए मंगलवार की रात्रि में रवाना हुए. जामिया इस्लामिया जब्बरिया मदरसा में सभी जायरिनों को अंजुमन कमेटी के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद बाजे गाजे के साथ मदरसा से जुलूस निकाला गया। जुलूस मुख्य बाजार, हनुमान मोड़ होते हुए स्टेशन पहुंचकर समाप्त हो गया। जुलूस के दौरान लोगों ने नार ए तकबीर अल्लाह हो अकबर के सदाएं बुलंद किया। थाना के निकट थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने उमरा के लिए जा रहे जायरिनों को माला पहनाकर स्वागत किया। थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने उमरा जा रहे जायरिनों से जिले के सुख समृद्धि की कामना करने



की अपील की। साथ ही उमरा के लिए जा रहे जायरिनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। हाजी कुतबुद्दीन अंसारी ने कहा हम लोग उमरा जा रहे हैं। उन्होंने गढ़वा जिला सहित हिंदुस्तान की तरक्की की दुआ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे गढ़वा जिला में हिंदू मुस्लिम एकता कायम रहे इसके लिए भी दुआ करेंगे। उमरा जाने वाले जायरिनों में नरही गांव निवासी,हाजी कुतबुद्दीन अंसारी,हाजी नाजिर अंसारी,जरीना खातुन, हसिबन बीबी,चेचरिया गांव निवासी मो मजमुदिन अंसारी, हाजी अतिकुल्लाह,हाजी अब्दुल्ला,कांडी निवासी हाजी आबिद, सीरियाटोंगर निवासी डॉ सलीम अंसारी,बरडीहा निवासी हाजी तजमुल अंसारी के नाम शामिल है। मौके पर सदर तौहिद खान, शमीम खान, तस्लीम खान सीनियर, नरही मुखिया मनोज ठाकुर, तस्लीम खान जूनियर,कलाम खान,डॉ कैशर आलम,महमूद आलम सीनियर, झामुमो नेता मनोज कुमार,फुलटून खान, नरही सदर नसीर अंसारी, इम्तियाज अंसारी,मुश्ताक अहमद शेख, मौलाना एजाज अंजुम, मनउवर अंसारी, मौलाना अब्दुल कादिर,हाजी नेजाम खान, हैदर खान, तौकीर आलम, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को बीडीओ मुकेश मछुआ की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक हुई। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने प्रखंड में संचालित आम बागवानी योजना का स्थल की घेराबंदी के साथ साथ दो दिनों के भीतर गढ्ढा भरवाने का निर्देश रोजगार सेवकों को दिया। वहीं आंगनबाड़ी भवन की कार्य को जल्द पुरा कराने की बात कही। बीडीओ ने पुरानी योजनाओं को पुर्ण कराते हुए बंद करने का निर्देश दिया। ताकि मजदूरों की मांग पर नई योजनाएं संचालित कर मजदूरों को रोजगार से जोड़ा जाएं। उन्होंने पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई, पीएम आवास समन्वयक को



क्षेत्र भ्रमण कर अधुरे पीएम आवास योजना को पुर्ण कराने का भी निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी बीपीओ दीपक जयसवाल, पंचायत सचिव राजीव कुमार,अशोक कुमार, जेई अमर भारती, आनंद कुमार, सत्यम कुमार, राजू कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति, पंकज सिंह, मनोज कुमार, छोटन पासवान,कम्प्यूटर आपरेटर दीपक कुमार, लेखापाल जितेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## 9 सितंबर को गुआ शहीदों को दी जायेगी श्रद्धांजलि, तैयारियां पूरी

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी शंकर एक्का एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-किरीबुरु अजीत कुमार कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से गुआ शहीद स्मारक स्थल का जायजा लिया गया। ज्ञात रहे कि प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को गुआ शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि गुआ शहीद दिवस के अवसर पर स्मारक स्थल आने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, इसको लेकर स्मारक स्थल का जायजा लेते हुए बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण के निमित्त पदाधिकारियों को दिशा निर्देशित किया गया है।

# बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही: बांस की बल्ली के सहारे बिजली का कर रहे हैं उपयोग

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बिलैतिखैर पंचायत के राजबांश गांव में बिजली विभाग का एक बड़ा कारनामा खुलकर सामने आया है । बताते चलें कि राजबांस मुख्य बस्ती स्कूल के समीप लगभग 10 घरों के लोग अपनी जान को जोखिम में रखकर खुद के निजी राशि खर्च कर बांस बल्ली को खड़ा कर एवं खुद से तार खरीद कर किसी तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे हैं । जबकि इस कारनामे से पिछले दिन ग्रामीणों के द्वारा लगाई गई तार भी टूट कर पास के ही क्यारी में गिर गई थी गनीमत रही कि समय रहते लोगों ने इसे देखा नहीं तो एक बड़ी हादसा भी हो सकति थी । इसकी जानकारी देते हुए ग्रामीण विश्वनाथ सिंह,देवनाथ विश्वकर्मा,दुखनी देवी,कौशल्या



देवी, प्रमिला देवी,शकुंतला देवी, रमेश विश्वकर्मा, पार्वती देवी, जगन्नाथ मिस्त्री, सीता देवी सहित अन्य ने बताया कि हम लोग पिछले सात-आठ वर्षों से खुद से बांस वाली को खड़ा कर तथा खुद अपनी राशि से तार खरीद कर किसी तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे हैं, जबकि हम लोग प्रत्येक महीना बिजली बिल का समय पर भुगतान भी कर रहे हैं तथा अपने गांव में बिजली के तार एवं पोल लगाने के लिए बिजली विभाग के एसडीओ को लिखित आवेदन भी दिए हैं जबकि पिछले महीने ही एसडीओ साहब खुद आकर हम लोगों को आश्वस्त किए थे कि बहुत जल्द आप लोगों को बिजली के खंभे एवं तार लगवा कर आपके घर तक बिजली पहुंचा दी जाएगी। लेकिन अभी तक बिजली का पोल तथा तार का कुछ अता पता नहीं है जबकि हम लोगों ने खुद अपने मेहनत से कई जगहों पर बिजली का पोल भी खड़ा कर दिए हैं। फिर भी बिजली विभाग हम लोग पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। हम लोग बस यह मांग करते हैं कि जल्द से जल्द हम लोगों के गांव में बिजली का पोल तथा उसमें तार लगाकर हम लोगों के घर तक बिजली व्यवस्था बहाल कर दी जाए। जबकि इसी बाबत बिजली विभाग के एसडीओ कामेश्वर ठाकुर से बात करने के लिए उनके मोबाइल पर फोन की जाती है तो उनका मोबाइल आउट ऑफ नॉट रिकेबल बता रहा है। फिलहाल ग्रामीण किसी तरीके से अपने घर तक बांस बल्ली के सहारे बिजली का उपयोग करते हुए नजर आ रहे हैं।

# सरकारी राशन का खाद्यान के कालाबाजारी को लेकर मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने अनाधिकृत रूप से सरकारी राशन का खाद्यान के कालाबजारी के नियमित अवैध रूप से



बिक्री हेतु चावल एवं गेंहू क्रय करने एवं खाद्यान जमाखोरी करने को लेकर मां सकुन्तला ट्रेडर्स के संचालक राकेश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गढ़वा डीएसओ राज महेश्वरम के नेतृत्व में राकेश कुमार के गोदाम को जांच किया गया जांच में गेहूं के 668 बोरा एवं चावल के 409 बोरा पाया गया। उक्त चावल एवं गेहूं के बोरे पर जनवितरण प्रणाली एवं एफ सी आई को निर्गत बोरे में खाद्यान्न पाया गया। वहीं जांच दौरान दो इनवॉइस जब्त किया गया। पहला इनवॉइस बाबा फूड प्रोसेसिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रांची जिसमे गेहूं का मूल्य दशार्या गया है एवं दूसरा श्री सकाम्बरी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड तुपुदाना रांची है जिसमें चावल का मूल्य अंकित है इस से स्पष्ट होता है कि दोनों राइस मिल का इस मे संलिप्तता परिलक्षित होती है ।

# न्यूज गैलरी

## पल्हेया पंचायत के पूर्व मुखिया व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का हुआ निधन

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखंड मुख्यालय में पल्हेया पंचायत के पूर्व मुखिया व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश प्रसाद सिंह का लगभग 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक निवास स्थान डोंकी में किया गया। मौके पर मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह,पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह,जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,सुरेंद्र भारती,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,कॉन्ग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नरेश राम,सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे, राजू रंजन,रविंद्र तिर्की,रंजीत कुमार, जय सिंह, दीपक नाथ,बसंत भगत, जनेश्वर राम, हेनु सिंह, प्यारी सिंह, समेत सैकड़ों लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए और मृतक जगदीश प्रसाद सिंह की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किए।

## राजेश वर्मा बने पंचमुखी मंदिर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक में सर्वप्रथम बैठक में सर्वप्रथम बीके बस दुर्गा पूजा का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया इसके बाद बैठक में पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से राजेश वर्मा को पंचमुखी दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया, जबकि विजय बहादुर सिंह विकास सोनी धनंजय सोनी पंकज गुप्ता मनोज सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, अमन कुमार गुप्ता निखिल, शुभम दुबे, शुभम नाथ, शुभम नाथ, संजीव श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष राहुल सोनी गुड्डू राज, आशीष सनी सोनी, उपसचिव हिमांशु गुप्ता संजीव सिंह विनोद गुप्ता को सचिव चुना गया जबकि मनोज कुमार गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, राहुल गुप्ता को संरक्षक रखा गया है जबकि रवि कुमार गुप्ता दीपक राज शशि शेखर प्रमोद ठाकुर को मीडिया प्रभारी बनाया गया है इसके अलावा 1 दर्जन से अधिक लोगों को कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य में रखा गया है।

## अजीत कुमार श्रीवास्तव बने राजद के चंदवा प्रखंड अध्यक्ष

**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंदवा प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव समेत प्रखंड कमिटी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया बैठक में पर्यवेक्षक सह चुनाव प्रभारी कन्हाई पासवान मुख्य रूप से मौजूद रहे। सर्वसम्मति से अजीत कुमार श्रीवास्तव को चंदवा प्रखंड का नया अध्यक्ष चुना गया।अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उस पर मै खरा उतरने का प्रयास करूंगा साथ ही राजद को चंदवा प्रखंड में बूथ स्तर पर मजबूत करने का कार्य करूँगा। वही बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद श्री कन्हाई पासवान ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव के संदेश को जन जन तक पहुंचाना है देश में जिस प्रकार की नफरत की राजनीति चल रही है उसे सिर्फ हमारे नेता लालू यादव और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में ही रोका जा सकता है इस लिए हम सब को पार्टी के नीति सिंद्धांत पर चलते हुए पार्टी को लातेहार जिला में मजबूत बनाना है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव अजय चौधरी, सतेंद्र प्रसाद यादव,मुरली प्रसाद,तपवन कुमार यादव, सुरेंद्र यादव, अशोक याद,शंकर प्रसाद, विजय लोहरा मोहर सिंह याद,रामनरेश यादव, चंदन बड़ाईक आदि मौजूद थे।

## अफीम की खेती रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चला रही पुलिस

**कुंदा (चतरा)।** उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर पुलिस द्वारा जिले के अति उग्रवाद प्रभावीत कुंदा थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती व तस्करी के रोकथाम को लेकर लगातार जागरुक्ता अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी प्रमानंद मेहरा के नेतृत्व में पुलिस कर्मी गांव-गांव में चैपाल लगाकर ग्रामीणों को अफीम के खेती के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए इसकके खेती व तस्करी में किसी भी प्रकार से शामिल नही होने की अपील कर रहे हैं। बुधवार को थाना क्षेत्र के बजराही में थाना प्रभारी द्वारा अफीम खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को अफीम खेती के दुष्प्रभाव की जानकारी देने के साथ-साथ अवैध अफीम की खेती से दूर रहने की सलाह दी गई। आगे बताया की अफीम खेती नही करने के लिए क्रमवार गांव में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि भोले-भाले किसान किसी तस्कर या बिचौलियों के चंगुल में ना फसें। अभियान में पुलिस कर्मी, वन कर्मी आदि शामिल थे।

## बैजनाथ यादव बने पत्थलगड़ा के राजद प्रखंड अध्यक्ष



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** राष्ट्रीय जनता दल की बैठक पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित बगीचा में बुधवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता हाफिज उल्ला व संचालक विकास कुमार यादव ने किया। बैठक में पार्टी के मजबूती पर चर्चा करते हुए प्रखंड कमेटी का निर्णय लिया गया और पर्यवेक्षक राजू लाल वर्मा व तौकिक अंसारी के द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित विस्तृत रूप बैजनाथ यादव को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उसके बाद पर्यवेक्षक ने अध्यक्ष को प्रमाण पत्र दिया। वहीं कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में संगठन औश्र भी प्रखं डमें मजबूत होगा। बैठक में गिद्धौर प्रखंड बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान, उपाध्यक्ष रामदेव यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र दांगी, उपेंद्र दास, राजकुमार यादव, सतेंद्र यादव, राजकुमार यादव, रामजीत दांगी, दुलारचंद यादव आदि कार्यकर्त्ता शामिल थे।

### डीसी ने की नगर पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

# लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में नगर पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पंचायत से संचालित सभी योजनाओं के कार्य की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए दिशा-निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को दी जानेवाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने पाइपलाइन, जलापूर्ति योजना इत्यादि के कार्य की समीक्षा करते हुए सम्बंधित कम्पनी के प्रतिनिधी को योजनाबद्ध तरीके से कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की अद्यतन स्थिति एवं स्वच्छ भारत मिशन की क्रमवार तरीके से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्रमिक योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभुक को दिलाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक संख्या में फुटपाथ दुकानों को जोड़ने का निर्देश दिया गया। साथ ही अतिक्रमण पर पूरी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में राजस्व वसूली की गति तेज कर लक्ष्यानुरूप राजस्व वसूली करने का निर्देश दिया। 15 वें वित्त आयोग के तहत सड़क निर्माण कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि उपरोक्त योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें तथा जो योजनाएं पूर्ण हो चुकीं है उनकी गुणवत्ता की जांच कर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर पंचायत पदाधिकारी श्री शेखर कुमार , अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## ऊर्जा मित्रों के चयन के लिए 8 से लगेगा शिविर

**लातेहार।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में पंचायतवार ऊर्जा मित्रों की बहाली के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के चयन के लिए 8 सितम्बर से लातेहार बिजली ऑफिस में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 12 सितम्बर तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न प्रखंडों के उम्मीदवारों की प्रमाणपत्रों की जांच की जाएगी। 8 सितंबर को लातेहार व मनिका के अभ्यर्थी, 9 सितंबर को चंदवा व हेरहंज के अभ्यर्थी, 10 सितंबर को बालूमाथ व बारियातू के अभ्यर्थी व 12 सितंबर को बरवाडीह, महुआडांड़, गारू व सरयू के अभ्यर्थी 10 :30 बजे लेकर 2 बजे तक उपस्थित होंगे। उन्होंने आगे बताया कि शिविर में अभ्यर्थियों को मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति, आवासीय प्रमाण पत्र व अतिरिक्त योग्यता प्रमाण पत्र की मूल प्रति साथ लानी जरूरी है।

# बैंक ऑफ इंडिया टूटीलावा में मनाया गया स्थापना दिवस



नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** बुधवार को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टूटीलावा स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में बैंक का 117 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बैंक परिसर को फूल मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा शाखा प्रबंधक, बैंक कर्मी एवं मुख्य अतिथि के द्वारा केक काटा गया। मौके पर बैंक आने वाले ग्राहकों के बीच मिठाईयां व टॉफी का वितरण किया गया। स्थापना दिवस पर बैंक ने 20 किसानों के बीच केसीसी का वितरण किया तथा नए ग्राहकों का नया बचत खाता खोला। शाखा प्रबंधक रितेश कुमार ने बताया कि शाखा में ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बैंक कर्मी अविनाश कुमार सन्नी, रवि शास्त्री, नरेश रविदास का यहम योगदान रहा। कार्यक्रम में मुखिया विनोद महतो, हुरनाली मुखिया पूरन राम, पूर्व मुखिया गिरेंद्र पांडेय, जमुना दांगी सहित काफी संख्या में ग्राहक शामिल थे।

# दुर्घटना मुआवजा व नीति निर्धारण को लेकर आज से कोयला ढुलाई होगी बंद

नवीन मेल संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** 8 सितंबर से टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध एवं आम्रपाली कोल परियोजना से कोयले की ढुलाई आजसू बंद कराएगी। उपरोक्त जानकारी पार्टी के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोयले की ढुलाई तब तक बंद रहेगी जब तक दुर्घटना मुआवजा राशि एवं नीति तय नहीं की जाती। आगे बताया कि मगध एवं आम्रपालीकोल परियोजना से निकलने वाले कोयले की ढुलाई आम जनों के लिए बने सड़क से की जा रही है। परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में काफी अधिक बढ़ोतरी हो गई है। लेकिन दुर्घटना में मृत परिवार को सीसीएल और प्रशासन के द्वारा कोई सहायता नहीं दी जाती है। 2011 से 2022 तक घटित अधिकतर दुर्घटनाओं में सीसीएल और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी लेने की बजाय टालमटोल की नीति अपनाती रही है। ऐसी स्थिति में ठोस पहल मगध आम्रपाली दुर्घटना मुआवजा नीति 2022 के रूप में बनाकर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि टंडवा प्रखंड के बसरिया मोड, सिमरिया प्रखंड के डाडी चौक एवं सिमरिया प्रखंड के जबड़ा चौक में कोल वाहनों को रोका जाएगा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष चंद्र देव साहू, केंद्रीय सदस्य नेम धारी महतो, कृष्णा साहू जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो, जिला प्रवक्ता आलोक रंजन, प्रखंड अध्यक्ष रमन कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### न्याय को लेकर अंचल कार्यालय में दो महिलाएं बैठी अनशन पर

# वर्षों से चल रहे जमीन विवाद का नहीं हो रहा निपटारा

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** बुधवार को मयूरहंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जमीन संबंधी मामले में न्याय को लेकर मंझगावां पंचायत अंतर्गत बाराडीह की रुक्मिणी मसोमात व गुडीया देवी अनिश्चित कालिन आमरण अनशन पर बैठ गई। महिलाओं ने बताया कि जबतक न्याय नहीं मिलेगा तबतक भुखे प्यासे पड़े रहेंगे, चाहे जान हीं क्यूं न चली जाए। इससे पूर्व भी दोनों 19 अगस्त को आमरण अनशन करने पहुंची थी, पर बीडीओ सह प्रभारी सीओ साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने एक सप्ताह के अंदर न्याय दिलाने की बात कहकर वापस घर भेजा था। लेकिन न्याय नहीं मिलता देख दोनों आमरण अनशन पर बैठ गईं। रुकमणी मसोमात ने बताया कि खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 06 रकवा 3.16 एकड भूमी सास मसोमात लालो देवी के नाम से भुदान जमाबंदी कायम है और 2018-19 तक लगान रसीद भी निर्गत है। गुडीया देवी ने बताया कि खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 06 रकवा 0.76 एक-ड़ भूमि भूदान जमाबंदी ससुर फागू भुईयां के नाम से है और लगान रसीद 2021-22 तक निर्गत है। लेकिन रुकमणी के 0.40 एकड एवं गुडिया के 0.28 एकड जमीन पर गांव के हीं अखिलेश दांगी एवं पिन्टू दांगी दोनों पिता स्व तापेश्वर दांगी बाराडीह द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर मुर्गी फार्म बनाकर शेष जमीन में खेतीबाड़ी की जा रही है। अंचल व अनुमंडल कार्यालय से अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर आदेश भी निर्गत किया गया पर आज तक अतिक्रमण मुक्त नहीं करवाया गया। प्रभारी अंचल निरीक्षक सर्वेश सिंह ने इस संबंध में बताया की जांचोपरांत सरकारी अमीन से मापी काराई गई है। जिसमें अखिलेश और पिन्टू द्वारा अतिक्रमण की पुष्टि हुई है। एसडीओ कोर्ट से जारी आदेश के आलोक में स्थल पर अतिक्रमण हटाने गया था पर दो दिन का समय मांगा गया और स्वयं अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही गई। इसी बीच अपर समाहर्ता द्वारा एसडीओ के आदेश को निरस्त कर वस्तु स्थिति से अवगत कराने की मांग की गई। जिसके कारण अतिक्रमण मुक्त करवाया नहीं जा सका। उपायुक्त एवं अपर समाहर्ता को जांच प्रतिवेदन समर्पित की गई है। वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## विधिक सहायक के लिए 10 तक कर सकते हैं अभ्यर्थी आवेदन

**चतरा।** विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता के लिए दो मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता एवं दो सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता की नियुक्ति होनी है। जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 5 सितंबर थी, जिसे बढ़ाकर 10 सितंबर कर दी गई है। उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा वाजपेई ने देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 10 सितबंर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं।

## चार कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज

**टंडवा (चतरा)।** आरकेटीसी कोल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में कार्य करने वाले चार कर्मियों के विरुद्ध अंचलाधिकारी द्वारा टंडवा थाने में बुधवार को मामला दर्ज कराया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि अंचल अधिकारी ने लिखित आवेदन देकर बगैर अनुमति टंडवा के थापा मोड़ के समीप बायोडीजल का भंडारण, संचालन व गुप्त रूप से वितरण करने की शिकायत की है। जिसके आधार पर चार नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध कांड 213/22 में दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## बीईओ को गिद्धौर में आज दी जायेगी विदाई

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविंद कुमार को कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी प्रधानध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय ने देते हुए बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सेवानिर्वित हो गये हैं। जिसे लेकर समारोह आयोजित कर श्री प्रसाद को प्रखंड के शिक्षकों द्वारा विदाई दी जाएगी।

# संदेहास्पद स्थिति में खेत से मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नतबेलवा गांव में दिन मंगलवार की देर शाम नतबेलवा गांव निवासी राम नरेश यादव उम्र 40 वर्ष का शव मकई के खेत से संदेहास्पद स्थिति में पुलिस प्रशासन के द्वारा बरामद किया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मनिका थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम नरेश यादव मंगलवार को अपराह्न लगभग 3:00 बजे अपनी खेत में मकई के फसल देखने गया था। जब शाम होने तक घर वापस नहीं आया तो उसके परिजनों ने खोजबीन करना शुरू कर दिया जब परिवार के लोग मकई के खेत के तरफ गए तो देखा कि मकई के खेत में राम नरेश यादव का शव पड़ा हुआ है और कान से खून निकल रहा है। परिजनों के द्वारा तुरंत घटना की जानकारी मनिका थाना को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी मनिका शुभम कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में ले लिया।

### क्या कहते है मृतक के बड़ भाई

मृतक के बड़े भाई गंगेश्वर यादव ने बताया कि गांव के हीं कुछ लोगों के साथ जमीनी विवाद पूर्व से चल रहा है उन्हीं लोगों ने हमारे भाई को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार दिया है। मृतक की पत्नी बिंदु देवी ने गांव के लोगों के विरुद्ध मनिका थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि मृतक के पत्नी के द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है जिसके आलोक में सभी दृष्टिकोण से छानबीन किया जा रहा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद उद्भेदन होगा। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व जिला परिषद महेश सिंह, सुरेंद्र पासवान, दरोगी यादव,वृंदबिहारी यादव, समाजसेवी बली यादव,समेत कई लोगों ने थाने में पहुंचकर मामले का विस्तार पूर्वक जानकारी लिया।

# चंदवा के बारी गांव में नशेड़ी पति ने ली पत्नी की जान, पति गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारी गांव में नशेड़ी पति के द्वारा अपने पत्नी की पीट पीटकर हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हत्यारोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार बारी गांव के जलोगढ़ा टोला में मंगलवार रात अरविंद भुइंया नामक व्यक्ति का अपनी पत्नी कविता देवी (वर्ष 34 ) के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया दोनो के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा दल बल के साथ बारी गांव पहुंचे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के शव को अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। मृतका का मायका बारी गांव में ही है दोनो की शादी लगभग पंद्रह वर्ष पूर्व हुई थी दोनो के चार बच्चे भी है।गांव वालों के अनुसार दोनो पति पत्नी के बीच हमेशा लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। बताया जाता है कि महिला की हत्या करने के बाद उसने ने ही अपने ससुराल वालों को घटना की सूचना भी दी थी।

### उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा, कहा

# आदिम जनजाति को घरों तक ससमय अनाज उपलब्ध काराएं

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** बुधवार को उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर की। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण, प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई), झारखंड पेट्रोल सब्सिडी योजना, खाद्यान्न का आहार पोर्टल पर ऑनलाईन ईन्ट्री, आधार सिडींग, नमक, चीनी एवं किरोसीन तेल का उठाव व वितरण, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजनान्तर्गत वितरण एवं इसके अन्तर्गत जमा राशि का चालान की समीक्षा की। साथ ही उपायुक्त ने छः माह से अधिक अवधि से राशन उठाव नहीं करने वाले कार्डधारकों की जांच कर पहचान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने दस से अधिक सदस्यों वाले राशन कार्ड का सत्यापन करने, आदिम जनजाति समूहों के लिए अनाज उनके घरों तक ससमय पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही झारखण्ड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष की समीक्षा की और अनाज अविलंब जरूरतमंदो तक पहुंचाने की बात कही। धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला सहकारिता पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने झारखंड पेट्रोल सब्सिडी योजना से लाभ ले रहे लाभुकों की जानकारी लेते हुए योजना के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की बात कही। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जिले में निमार्णाधीन गोदाम की समीक्षा करते हुए जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिले में संचालित दाल भात केंद्रों की जानकारी लेते हुए केंद्रों को सुचारू रूप से चालू रखने व समय-समय पर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीएसओ सलमान जफर खिलजी व सभी संबंधित उपस्थित थे।

## बीपीओ ने किया योजना स्थलों का निरीक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड के खलारी, पहरा, केंदुआ, बरटा आदि गांव का बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने भ्रमण कर आम बागवानी, प्रधानमंत्री आवास व दीदीवाड़ी योजना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बीपीओ ने प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों से मिलकर आवास पूर्ण करने व मनरेगा मजदूरों को डिमांड करने की बात कही। आम बागवानी लाभुकों को बागवानी में और सुधार करने का निर्देश दिया। साथ ही दीदीवाड़ी के लाभुकों को कार्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में रोजगार सेवक स्वर्णलता कुमारी व लाभुक उपस्थित थे।

# वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ खेल-कूद बहुत जरूरी हैं: सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**गारू।** गारू प्रखंड के ग्राम कोटाम में केशरी चंडी फुटबॉल टूर्नामेंट एवं स्व यमुना सिंह के 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर फुटबॉल टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे पूर्व भाजपा विधायक हरे कृष्णा सिंह ने मंगलवार को पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का किया उद्घाटन।जिस टूनामेंट में 20 टीम बालको का 8 टीम बालिकाओ का । इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है।उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।इस अवसर सुनील सिंह थाना प्रभारी जमशेदपुर, अध्यक्ष मंगल उरांव, सचिव अमृतेश्वर सिंह,कोषाध्यक्ष राजेश्वर उरांव, खेल महामंत्री राजेश सिंह, रामप्रवेश सिंह,अमित ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

## न्यूज गैलरी

### ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न



**कुडू-लोहरदगा।** लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा 2021 झ 22 कुडू के डोरो टोली स्थित ग्रामीण हैचरी में संपन्न हुई। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड महिला स्वालंबी सहकारिता समिति रांची के प्रबंधक अखिलेश कुमार वर्मा, तकनीकी प्रमुख देवव्रत शर्मा, उत्पादन प्रबंधक डॉ मुकद्दस अली एवं अन्य अतिथियों द्वारा द्विप प्रज्वलित कर किया गया। समिति की अध्यक्ष जसमती भगत और उपाध्यक्ष अनिता देवी ने आम सभा में वर्ष 2021 झ 22 का वार्षिक प्रतिवेदन पेश करते हुए बताया कि सहकारी समिति ने वर्ष 21-22 में 8 करोड़, 95 लाख और 27 हजार का व्यवसाय करते हुए सदस्यों के बीच 43 लाख 79 हजार का मुनाफा बांटा है। बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा 50 नए सदस्यों को जोड़कर मुर्गी पालन की योजना है। मौके पर समिति के नए कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं पुराने कार्यकारिणी सदस्यों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम में वाईपी सुमित तिर्की, गौतम नवरानी, समिति के प्रबंधक डॉ डुला तालुकदार, मुख्य हिसाब रक्षक बरखा रानी, मार्केटिंग प्रभारी प्रमोद राम, लोहित महतो, सहीसता परवीन, अलख महतो, बसंत कुमार के अलावा समिति के सदस्य और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### घर से बिना बताये निकला युवक लापता, सेन्हा थाना में मामला दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत झालजमीरा पंचायत के पीपर टोली से 24 वर्षीय पुत्र राजू भगत के लापता होने की सूचना सेन्हा थाना को देते हुए पिता महादेव भगत ने सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि राजू भगत के पिता महादेव भगत ने थाना को आवेदन देते हुए अवगत कराया है कि 23 अगस्त को समय लगभग 4 बजे राजू भगत घर में बिना बताए कहीं चला गया और देर रात तक घर नही लौटा जिसे परिजनों ने अपने रिश्तेदार में पूछ ताछ कर खोज किया साथ ही उसके दोस्तों से भी पूछा गया लेकिन किसी प्रकार की सूचना नही मिलने पर थाना को अवगत कराते हुए पुत्र को खोजने में मदद का गुहार लगाया है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को इसकी सूचना मिलता है या कहीं दिखे तो नजदीकी थाना को सूचना कर प्रशासन का सहयोग करें। बताया जाता है की राजू भगत का रंग सांवला, ऊँचाई 5 फिट 6 इंच है। वह सफेद चेक शर्ट ब्लू पैंट और पैर में हवाई चप्पल पहना हुआ है। जो हिन्दी और नागपुरी दो भाषा बोलता है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना से युवक की घटनास्थल पर हुई मौत



**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के पतिअम्बा खास में पुल दोइन नामक जगह के पास एक युवक की बाइक दुर्घटना से घटनास्थल पर मौत हो गई। युवक की पहचान पतिअम्बा सराई टोली निवासी अजीत बड़ाईक, पिता स्व जगन बड़ाईक, उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई है। जो किसी काम से अपने घर सरईटोली से ओडी14जी 8530 ग्लैमर मोटरसाइकिल से जलडेगा गया था वापस लौटने के क्रम में घुमावदार सड़क पर संतुलन खो देने से मोटरसाइकिल के साथ युवक एक गहरे खेत में जा घुसा। सड़क से नीचे खेत में मुंह के बल गिरने से युवक के नाक और मुंह में पानी घुस गया। इधर ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तब तक युवक की मौत हो चुकी थी घटना की जानकारी मिलने पर जलडेगा थाना प्रभारी फिलिप मिंज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया।

### नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता से हटाई गयी सिमडेगा जिले की चयनित टीम

**सिमडेगा।** हॉकी की नर्सरी सिमडेगा के हॉकी टीम नेहरु कप में नहीं खेल पाएगी। चयनित टीम के खिलाडियों की उम्र निर्धारित उम्र से अधिक पाए जाने पर खेल विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए है। बताया गया कि नेहरु कप के लिए राज्य की ओर से जिले की टीम को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला था। अंडर 15 बालक वर्ग में एसएस प्लस टू उवि और अंडर 17 बालक वर्ग में संत मेरीज प्लस टू स्कूल की टीम का चयन हुआ था। दोनो ही टीम के कई खिलाड़ियों पर ओवर एज होने का आरोप लगाया गया। जिसके बाद जवाहरलाल नेहरु हॉकी टूर्नामेंट सोसायटी नई दिल्ली ने जांच के आदेश दिए। जांच में डीएसओ प्रवीण कुमार ने शिकायत को सही पाते हुए रिपोर्ट राज्य के खेल निदेशक को दिया। डीएसओ के रिपोर्ट पर निदेशक ने चयनित टीम की जगह उपविजेता टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजने का निर्देश दिया है।

### माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत बल भेजने का आग्रह किया

**लोहरदगा।** कौमी तंजीम लोहरदगा का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर उनसे माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत बल भेजने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने डीएसई को बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों से सभी विषयों के शिक्षकों के विषयवार स्वीकृत बल मांगा गया है। दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि लोहरदगा जिले में काफी संख्या में हाई स्कूल एवंम प्लस टू में उर्दू पढ़ने वाले छात्रों की संख्या है लेकिन वर्तमान में जैसा कि पता चला है मात्र दो विद्यालय कैरो,व कुडू से यूनिट भेजा गया है वो भी छात्र अनुसार कम गया है। बड़ी दुर्भाग्य की बात है कभी नदिया हिन्दू हाई स्कूल में उर्दू, फारसी पढ़ने वाले छात्रों की अच्छी तादाद हुआ करता था लेकिन अब चूंकि शिक्षक नहीं रहने के कारण मजबूरी वश उर्दू पढ़ने वाले बच्चे दूसरे विषय लेते हैं। अंततः उनका परफार्मेंस में गिरावट देखा जाता है ,इसी प्रकार किसको एस एस हाई स्कूल,अरु हाई स्कूल सेन्हा, बिटपि हाई एवम प्लस टू स्कूल से भी कोई स्वीकृत बल नहीं जाना दुर्भाग्य कि बात है। मौके पर कौमी तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, मुमताज अहमद, दानिश इकबाल, गुलाम जिलानी, हाजी मंसूर, मोबिन अंसारी, साजिद अंसारी आदि मौजूद थे।

## जिला में धूमधाम के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व करमा

# बहनों ने करम डाल की पूजा कर मांगी भाइयों की लंबी उम्र

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रकृति पर्व करमा जिले भर में बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। भादो कर एकादशी करमा गड़ाए रे, चलू करम खेले हाथी पारंपरिक गीतों के साथ बहनों ने मनाया। इस पर्व को लेकर बहनों ने उपवास रखकर अपने भाइयों की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना की। इधर करमा के मौके पर शहर के सरना स्थल में भव्य मंडप बनाकर करम डाल स्थापित की गई। जहां देर शाम में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। पाहन के द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इस मौके पर विधि-विधान पूर्वक पूजन कर महिलाओं ने सामूहिक गीत-नृत्य का आयोजन किया। मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद भगत ने कहा कि करमा पर्व आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। इस मौके पर हम सभी प्रकृति की पूजा-अर्चना कर पर्यावरण की सुरक्षा व पूजा का भी संदेश देते हैं। यही हमारी परंपरा है और संस्कृति भी। इसके उन्नयन के लिए हम सबों





को सदा प्रयत्नशील रहना है। उन्होंने कहा कि करमा प्रकृति से जुड़ा पर्व है। इस मौके पर हम सब प्रकृति की पूजा-अर्चन कर इसकी रक्षा का संकल्प लेते हैं मौके पर नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रही मुख्य आकर्षण केंद्र

इधर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में भी धूमधाम से प्रकृति पर्व करमा मनाया गया। जो शहर में मुख्य आकर्षण केंद्र के रूप में रहा जहां पर आकर्षक तरीके से पूरे स्कूल परिसर को सजाया गया था इस मौके पर सात अलग-अलग जगहों पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करमा पर्व के मौके पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी जहां पर लोग दूर-दूर से वहां के कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंचे थे मौके पर नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू लेहरु सिंह सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे मौके पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करमदेव की पूजा-अर्चना की।

### बानो के केवेटांग में मना करमा महोत्सव

केवेटांग में मूर्ति निर्माण समिति के करमा समिति के तत्वावधान में करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। दौरान गांव के महान द्वारा विधि विधान के साथ करमा की डाली आंगन में स्थापित किया जिसके बाद बहनों ने अपने भाई की लंबी आयु की कामना को लेकर कर्मा की पूजा की मौके पर आए हुए आगंतुक अतिथियों ने कहा कि करमा झारखंड का महान पर्व है। करमा महोत्सव में बहनों ने उपवास कर करम की डाली की पूजा अर्चना की तथा भाई के दीघार्यु की कामना की करमा महोत्सव में सैकड़ों बहनों ने पूजा अर्चना की। करमा महोत्सव में विभिन्न गांव के लोगों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें करम नाच , डमकच आदि शामिल हैं। इधर प्रखंडों में भी करमा पूजा का उल्लास छाया रहा। घरों में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गई। जिले के कोलेबिरा, जलडेगा, बांसजोर, ठेठईटांगर, बोलबा, कुरडेग और केरसई में भी करमा का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इधर गोतरा नवाटोली स्थित जगदीश बड़ाईक के घर में करमा पूजा पिछले 75 वर्षों से धूमधाम से मनायी जा रही है। मंगलवार की रात रात विधि-विधान के साथ करम डाली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद ढोल, मांदर और नागपुरी गीतों की धुन में लोग रात भर थिरकते रहे। जगदीश के बेटे नीरज बड़ाईक ने बताया कि आज से लगभग 75 वर्ष पूर्व उनके पूर्वजों ने करमा पूजा करना शुरू किया था। इसके बाद से हर साल धूमधाम के साथ करमा पूजा की जाती है। वहीं बुधवार की सुबह विधि विधान के साथ करमा डाली को ले जाकर नदी नजदीकी जलाशय में विसर्जित की गई।

## किस्को व पेशरार क्षेत्र में भाइचारे के साथ संपन्न हुआ करमा पर्व



नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/पेशरार/लोहरदगा।** जिले के किस्को और अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में आदिवासी समुदाय का प्रकृतिक पर्व कर्मा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में प्रकृति का पर्व कर्मा को लेकर बहने अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना हेतु पूजा अर्चना कर ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने करम डाली को अपने गांव के अखाड़े में पूरे विधि विधान के साथ गाजे बाजे से स्वागत कर पाहन एवं पुजार की अगुवाई में लाया गया एवं अखाड़ा पर स्थापित किया गया। आदिवासी तत्पश्चात समुदाय के लोगों ने पूरे उल्लास के साथ पूजा अर्चना कर करम डाली का विसर्जन अपने-अपने गांवों के नदी तालाब में धूम धाम के साथ किया। बता दें कि आदिवासी समुदाय का प्रकृति पर्व किस्को और उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के सभी 14 पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी गांव टोला मुहल्ला में काफी हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि कर्मा पर्व को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों में काफी उमंग देखने को मिला लोग एक दूसरे को कर्मा पर्व की शुभकामना देते हुए दिखाई दिये। इधर कर्मा पर्व को आपसी भाईचारा के साथ संपन्न कराने हेतु जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती बड़ी संख्या में किया गया था। मालूम हो कि प्रकृतिक पर्व कर्मा किस्को प्रखंड क्षेत्र के सेमरडीह, परहेपाट, नीनी, तिसिया नवा टोली, डुमर टोली, दुरहुल, हुटाप, नाथपुर, सरना टोली, देवदरिया, खरचा, पाखर, हिसरी, चरहु, अरेया, महुगांव, मेरले, चोरगाई सहित अन्य सभी गांवों में धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी तरह अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम रोरद, सीरम, तुईमू, जवाखाड़, केकरांग, कोवाडांड़, ओनेगड़ा, चैनपुर, मदनपुर, लावापानी, बोंडोबार, माची, रूबेद, बारियातु, कोटसा, कुरसे, बुलबुल, केरार, परतू, चंदलगी, मन्हा, होन्हें, चंदगो, पुंदाग सहित अन्य सभी गांव टोला मुहल्ला में आदिवासियों का प्रकृतिक पर्व कर्मा आपसी भाईचारा के साथ मनाया गया।

### भाई बहन के प्रेम का प्रतीक करमा त्योहार धूमधाम से मना

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाया गया करमा त्योहार। भाई बहन का अटूट बंधन करमा पर्व पर बहन ने भाई की लंबी उम्र के लिये बिन कुछ खाये पियें उपासना करती यह त्योहार भाई बहन का प्रेम का प्रतीक है। पहान पूजर द्वारा विधिवत करमा डाली को अखड़ा में स्थापित कर पूजा पाठ किया गया। इस दौरान सैकड़ो बहनों ने भाई की लंबी उम्र की मन्नत मांगी और प्रकृति देवता से अच्छी फसल व अच्छी वर्षा होने की कामना किया। इस मौके पर सैकड़ो लोगो ने मांदर व नगाड़े से साथ त्योहार की खुशी में नृत्य किया। इसके पश्चात करमा देवता को अखड़ा से उखाड़कर पहान पुजार के नेतृत्व में नाचते गाते हुए विसर्जन किया गया। मौके पर पहान बुधराम उरांव, बुदू उरांव, मुखिया इंद्रदेव उरांव, पूर्व जीप सदस्य सामिल उरांव, विजय उरांव, गणेश उरांव, बिरसा उरांव, राजकुमार उरांव, माडू उरांव, करमा उरांव, सोमरा उरांव, फेकू उरांव, शनि उरांव, राजू उरांव, पूर्व मुखिया रंथू उरांव, आदि शामिल थे।



## डीसी ने ग्रामीण विकास व जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर रॉनीटा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जेएसएलपीएस अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। समूह की महिलाओं को सशक्त एवं आजीविका के माध्यम को बेहतर बनाने की दिशा में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने जिले में प्राकृतिक संसाधानो की उपलब्धता एवं उसके अनुरूप उपकरण अधिष्ठापन की जानकारी ली। आजीविका को बेहतर बनाने की दिशा में गति दी गई। उपायुक्त ने वन विभाग अन्तर्गत अधिष्ठापित छः मशीनों के संचालन की दिशा में डीपीएम जेएसएलपीएस को वन प्रमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए, लाह, चिरौंजी जैसे अन्य उपकरणों को क्रियाशील एवं स्वंय सहायता



समूह को संचालन की जिम्मेवारी देने की बात कही। जिले मे स्थानीय स्तर पर आजीविका के बेहतर सुविधाएं उपलब्ध है। आजीविका से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होंने मशीन संचालन के कार्यों का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मार्केट लिकेज सहित पैकिंग की भी समीक्षा की गई। वन धन विकास केन्द्र की स्थापन करने हेतु भवन सहित कार्यो का अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में आई.टी.डी.ए. निदेशक सलन भुईया, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता, डीपीएम जेएसएलपीएस मनोषा सांचा व अन्य उपस्थित थें।

### किस्को क्षेत्र में पोषण सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## अपने स्वास्थ्य के प्रति किशोरावस्था के लोग रहें गंभीर : रंजन

नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में किशोरावस्था के लोगों के बीच में जागरूकता अभियान चलाकर जागरुक किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान मे प्रखंड के विद्यालयों,आंगनबाड़ी केंद्र, गावं में पोषण माह के तहत पोषण जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं गावं के किशोर समूह द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें सभी किशोर आयरन गोली खाएंगे एनिमिया दूर भगाएंगे, सही पोषण देश रोशन, पोषण अभियान जन जन का कल्याण इत्यादि नारों के साथ गांव का



भ्रमण कर पोषण कि महता पर गावं वालों को जागरूक किया गया। इधर कार्यक्रम में पोषण से सम्बन्धित रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोषण स्टॉल के माध्यम प्रोटीन, विटामिन, आयरन से संबधित खाद्य पदार्थो को सम्मिलित किया गया और इन विषयों पर किशोर किशोरियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया की हमें हमेशा कार्बोहाईड्रेट, विटामिन, प्रोटीन युक्त भोजन का उपयोग करना चाहिए और स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाना चाहिए। पोषण के दौरान किशोरों को युवा मैत्री केंद्र का भी भ्रमण कराया गया। इस दौरान शिक्षक, काउन्सलर, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया एवं पीरामल फाउंडेशन के समन्वयकों द्वारा फ्लिप बुक के माध्यम से फूड पिरामिड की जानकारी दी गई साथ ही किशोरावस्था मे सही खान पान और पोषक तत्वों की कमी से होने वाली बीमारी और उससे बचाव के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो उजाला चतुर्वेदी, शिवानी चौहान, अजय राठौर, इकराम, सी श्री के रंजन कुमार युवा मैत्री केंद्र की काउन्सलर सीता कुमारी, सेविका सहिया अभिभावक एवं किशोर समूह आदि मौजूद थे।

## करम परब भाई बहनों के साथ कर्म, धर्म और प्रकृति से सामंजस्य का त्योहार : सुखदेव भगत

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नवयुवक सरना समिति मैना बगीचा लोहरदगा द्वारा करमा पूजा परम्परागत ढंग से भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत, उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,वार्ड पार्षद गण विशेष रूप से उपस्थित थे। पाहन सोमा उरांव एवं सुभाष उरांव द्वारा विधिवत करम डाल लगा कर पूजा अर्चना की गई। व्रत धारी बहनों के द्वारा प्रार्थना एवं पूजा की गई जिनकी संख्या बहुत अधिक थी।




पूजा स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया था। उपायुक्त ने सबों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सदभाव बढ़ाने एवं जीवन के मूल्यों को संजोए रखने में करमा त्योहार को काफी सहायक बतलाया। पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण में इस त्योहार से सीख मिलती है। अनुपमा भगत ने कहा की भाई बहनों का प्यार और प्रगाढ़ होता है। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा करम परब भाई बहनों के साथ कर्म, धर्म और प्रकृति से सामंजस्य का त्योहार है। कार्यक्रम में शाश्वत सिद्धार्थ, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, कमलेश कुमार, प्रतीक मोनी, आयोजन समिति के कार्तिक कुजूर, मनोज सोन, बिगू उरांव, विनोद उरांव,सुनील, संदीप, गुड्डू, दुर्गा, पंकज एवं, आलोक साहू, मोहन दुबे, कुणाल अभिषेक, अनिल कुमार लाल धनंजय नाथ शाहदेव शाहिद अहमद संजीव मुखर्जी संदीप पोद्दार, डॉक्टर एलीन राजू, सोनू सोमनाथ दत्त, सुधीर टोप्पो समेत अन्य मौजूद थे।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्या जया किशोरी ने ब्रह्मा व नारद की वातार्लाप का प्रसंग सुनाया, कहा

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र ही मनुष्यों के पाप के प्रायश्चित का श्रेष्ठ उपाय

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते ही भक्तों के जयकारे से वातावरण गूंज उठा, भक्तों ने ताली बजाकर स्वागत किया माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जयाकिशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनन्दन किया। सीताराम सीताराम, सीताराम कहिये, सीताराम सीताराम, सीताराम कहिये। जाहि विधि राखे राम, ताहि विधि रहिये। भजन से श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ की गई। पूज्या जया किशोरी जी ने बतलाया कि ईश्वर को याद करते हीं नहीं है, भगवान को फुर्सत मिलने पर याद करते




हैं, समय मिला तो याद किये नहीं मिला तो नहीं किये लेकिन आप जब संकट में रहते हैं तब चाहे आधी रात हीं क्यों न हो याद करते हैं। हमारे दुःख का कारण हमारी उम्मीद हीं है, महत्वाकांक्षा का अधिक पालना दुखों का कारण है, संतुष्टि का भाव हीं ईश्वर के निकट लाता है। उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए, श्रीमद् भागवत कथा श्रवण हीं प्रायश्चित का श्रेष्ठ उपाय बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। भगवान की शरण में रहने वाले भक्तों के पाप श्री भगवान के नामोच्चारण से ऐसे नष्ट हो जाते हैं जैसे सूर्य उदय होने पर कोहरा नष्ट हो जाता है। जिन्होंने अपने भगवद गुण अनुरागी मन मधुकर को भगवान श्री कृष्ण के परणारविन्द मकरन्द का एक बार पान करा दिया। उन्होंने सारे प्रायश्चित कर लिए वे स्वप्न में भी यमराज और उनके पाशधारी दूतों को नहीं देखते, जैसे कोई परम शक्तिशाली अमृत को उसका गुण न जान कर अनजाने में पी ले, तो भी अमृत उसे अमर बना ही देता है। वैसे ही अनजाने में उच्चारण करने पर भी भगवान का नाम अपना फल देकर ही रहता है। कथा में ब्रह्मा और नारद की वातालांप का प्रसंग सुनाया गया। जिसमें नारद जी ने ब्रह्मा से पूछा कि हरि को प्राप्त करनेवाला कौन सा मन्त्र है? तब ब्रह्मा जी ने बतलाया कि हरे राम, हरे राम, रामा रामा हरे हरे। हरे कृष्ण, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे। मंत्र का उच्चारण करने से हरि की प्राप्ति होगी। तब नारद ने कहा कि यह तो आसान है सभी मंत्रोच्चार कर सकते हैं, तब ब्रह्मा ने बतलाया कि सभी हरि को प्राप्त कर सकते हैं। प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी हैं और उस विश्वास को पूरा करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए और हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

## बोलबा बरटोली में पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र समसेरा बरटोली गांव में पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीट कर जान से मार डाला। ग्रामीणों के अनुसार समसेरा बरटोली गांव मे योगेन्द्र राय ने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी पुनि देवी को झगड़ा किया। इसके बाद डंडे से मार-पीट करने लगा। कुछ देर के बाद योगेन्द्र राय ने करमा नाचने चला गया। पत्नी पुनि देवी ने भी अगल-बगल घूम फिर किया। रात के लगभग एक बजे योगेन्द्र राय ने घर वापस आकर अपनी पत्नी से भोजन मांगने लगा। जब उसकी पत्नी नहीं उठी तो नजदीक जाकर उठाने लगा। योगेन्द्र राय ने देखा कि उसकी पत्नी मर चुकी है तो शव को रात के लगभग 1 बजे पास के ही जंगल पुटु भादरा में छुपाने ले गया। सुबह में अनजान बनकर



अपनी पत्नी को खोजबीन करने लगा। गांव वालों ने उन्हें पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया तो सारा राज उगल दिया। घटना की सूचना बोलबा पुलिस को दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। साथ आरोपी योगेन्द्र राय को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शव की गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। जबकि आरोपी योगेन्द्र राय को भी जेल भेजने की तैयारी किया जा रहा है।

# न्यूज गैलरी

## पेटीएम ने कहा- उसका ऋण कारोबार तेजी से बढ़ रहा है

मुंबई। डिजिटल वित्तीय सेवा प्लेटफार्म पेटीएम चलाने वाली कंपनी वन97 ने कहा कि इस वर्ष जुलाई-अगस्त में उसके मंच से राम वितरण कारोबार में तेजी आई है और इन दो महीनों में उसने कुल 4517 करोड़ रुपए के 60 लाख कर्ज वितरित किए। कंपनी ने बीएसई स्टाक एक्सचेंज को मंगलवार दी गई सूचना में कहा,ह्ल हमारा ऋण वितरण कारोबार लगातार तेज हो रहा है। अगस्त की रफ्तार से हमारा वार्षिक ऋण वितरण कारोबार वार्षिक 29000 करोड़ रु तक पहुंच जाएगा। बाजार सूचना में कंपनी ने कहा है कि जुलाई और अगस्त 2022 में उसके मंच से वितरित ऋणों की संख्या पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 246 प्रतिशत बढ़कर 60 लाख हो गई। इस दौरान वितरित ऋण की राशि 4517 करोड रुपए रही जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 484 प्रतिशत अधिक है। पेटीएम का शेयर बीएसई में मंगलवार को 0 .35 प्रतिशत चढ़कर 711 रुपये प्रति शेयर के भाव पर चल रहा था।

## मूडीस ने भारत की वित्तीय साख वर्तमान स्तर पर बरकरार रखी

नयी दिल्ली। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीस ने भारत की वित्तीय साख को बीएए3 (सरकारी प्रतिभूतियों की निवेश की निचली कोटि) के वर्तमान स्तर पर बनाए रखने की मंगलवार को घोषणा की। रेटिंग एजेंसी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को स्थायित्वपूर्ण बताया है। मूडीस ने कहा है कि भारत की वित्तीय साख के बारे में उसका ताजा अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति और उसकी चुनौतियों पर आधारित है, एजेंसी के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था बड़ी और विविधतापूर्ण है। इसमें आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं ऊंची हैं। देश बाजारों के साथ संबंधों के मामले में अपेक्षाकृत मजबूत है और सरकार के लिए घरेलू ऋण का आधार मजबूत है। मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज ने कहा है,ह्ल हमें नहीं लगता की महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में 2022 और 2023 में सुधार की जो प्रक्रिया शुरू हुई है, वह रूस-उक्रेन की लड़ाई, उच्च मुद्रास्फीति और विश्व के केंद्रीय बैंकों द्वारा कर्ज नीति को कठोर करने के कारण कर्ज की कठिनाई जैसी विश्व की बढ़ती हुई चुनौतियां से डगमगा सकती है। मूडीस रेटिंग यह अनुमान ऐसे समय आया है जब भारत के जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही अप्रैल-जून 2022 में 13 .5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथा अगस्त में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

## क्रेडाई, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 करोड़ डॉलर का कोष बनाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई और वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 करोड़ डॉलर (करीब 800 करोड़ रुपए) का प्रॉपटेक कोष स्थापित किया है। इस कोष की स्थापना रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी बदलाव लाने वाली स्टार्टअप इकाइयों को समर्थन के लिए की गई है। कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) के सदस्यों में 13,000 से अधिक डेवलपर्स शामिल हैं जबकि वेंचर कैटालिस्ट्स स्टार्टअप के लिए एक एकीकृत इनक्यूबेटर है। दोनों ने मिलकर रियल एस्टेट क्षेत्र में नवोन्मेषी बदलाव लाने वाली स्टार्टअप इकाइयों में निवेश के लिए 10 करोड़ डॉलर का प्रॉपटेक कोष स्थापित करने के लिए भागीदारी की है। यह कोष आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत (होटल, स्कूल, अस्पताल) और औद्योगिक (गोदाम, कारखाने आदि) समेत अचल संपत्ति के सभी प्रमुख क्षेत्रों के स्टार्टअप में निवेश करेगा। क्रेडाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन पटोदिया ने कहा कि यह मंच डिजिटलीकरण की दिशा में काम कर रही सरकार की ह्यमेक इन इंडिया' और प्रौद्योगिकी का दशक (टेकेड) पहल का समर्थन करेगा।

## बीस हजार डॉलर से नीचे पहुंचा बिटकॉइन इथेरियम क्लासिक में 22 प्रतिशत की तेजी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के दौरान मिला-जुला रुख बना रहा। बिटकॉइन पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 20 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे गिर गया है। भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 4 बजे बिटकॉइन 19,731 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर इथेरियम क्लासिक में पिछले 24 घंटे के दौरान 22 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज कॉइनगीको के मुताबिक बिटकॉइन के लिए ये सप्ताह कमजोरी वाला सप्ताह बनता नजर आ रहा है। विगत सोमवार और मंगलवार के कारोबार के दौरान बिटकॉइन 19,500 से लेकर 20,000 डॉलर के बीच कारोबार करता नजर आया।

# भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़ाकर 2 हजार अरब डॉलर करने के लिए प्रयासरत : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली/सैन फ्रांसिसको (एजेंसी)।** भारत का माल एवं सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 675 अरब डॉलर को पार कर गया है। देश अब 2030 तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाकर 2000 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में संकाय सदस्यों, शोधकताओं और छात्रों से बातचीत के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही। गोयल ने छात्रों से बातचीत में कहा कि भारत जब अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 30 हजार अरब डॉलर की हो जाएगी। गोयल ने कहा कि सरकार की योजनाएं काम कर गईं तो देश की अर्थव्यवस्था कम से कम 35 हजार से 45 हजार अरब डॉलर की होगी। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में हमारा माल



एवं सेवाओं का निर्यात पहली बार 675 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हमें उम्मीद है कि 2030 तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़कर 2000 अरब डॉलर का हो जाएगा। गौरतलब है कि अपनी 3300 अरब की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस सूची के चार अन्य

> भारत और इजरायल के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जब तक भारत को अच्छी डील नहीं मिलेगी।

देशों में अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। इसके अलावा अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जब तक भारत को अच्छी डील नहीं मिलेगी यह समझौता नहीं करेगा। दरअसल भारत इजरायल के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए साल 2010 के मई महीने से ही बातचीत कर रहा है।

## डिसैलिनेशन में है वैश्विक जल संकट से निपटने की क्षमता

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पीने के पानी के बढ़ते संकट के बीच खारे समुद्री जल से नमक अलग कर मीठा पानी बनाने की प्रक्रिया डिसैलिनेशन में इस संकट के समाधान की क्षमता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग एक अरब लोगों के पास पीने के पानी की कमी है और 2050 तक यह संख्या 1.4 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। पीने के पानी के लिए अन्य स्रोत तलाशने का समय आ गया है। भारत के पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में कोलकाता तक फैली एक लंबी तटरेखा है। 1.3 अरब से अधिक आबादी के साथ भारत में धीरे-धीरे देश के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति में मदद के लिए गुजरात और तमिलनाडु जैसे प्रमुख तटीय क्षेत्रों में डिसैलिनेशन (खारे समुद्री जल से नमक अलग कर मीठा पानी बनाना) प्लांट स्थापित करने की आवश्यकता को महसूस किया जा रहा है।

## सीबीडीसी से सीमापार लेनदेन के समय लागत में होगी कमी: आरबीआई डिप्टी गवर्नर



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) से सीमा पार लेनदेन के लिए समय और लागत में कमी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने बुधवार को यह बात कही। सीबीडीसी को इस साल पेश किया जाना है। केंद्रीय बैंक ने सीबीडीसी को इस साल पायलट आधार पर पेश करने का प्रस्ताव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लाने की घोषणा की थी। वित्त मंत्री ने 2022-23 के आम बजट में कहा था कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष में रुपये के समान एक डिजिटल लाएगा। उन्होंने ह्यइंडिया आइडियाज समिट में कहा, ह्यह्यहमें यह समझना होगा कि सीबीडीसी का अंतरराष्ट्रीयकरण भुगतान के मसले के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका समाधान इस समय जी-20 और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) जैसे निकाय तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एक उत्कृष्ट, सस्ती और तेज घरेलू भुगतान प्रणाली है, लेकिन इसके बावजूद सीमापार भुगतान की लागत अब भी अधिक है। शंकर ने कहा कि सीबीडीसी शायद इसका सबसे कुशल रास्ता है। उदाहरण के लिए, अगर भारत सीबीडीसी और अमेरिकी सीबीडीसी प्रणाली एक-दूसरे से जुड़ सकें, तो हमें लेनदेन का निपटान करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह सीमापार लेनदेन में निपटान जोखिम को बड़े पैमाने पर दूर करता है। इससे समय कम लगेगा और लागत भी कम होगी। इसलिए, सीबीडीसी का अंतरराष्ट्रीयकरण भविष्य में होने की उम्मीद है।

## सुब्बाराव का सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए 10 साल का खाका तैयार करने का सुझाव

> सुब्बाराव के अनुसार, सरकारी बैंकों के निजीकरण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दो तरह से असर पड़ेगा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के निजीकरण के लिए सरकार को 10 साल का खाका तैयार करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि यह रूपरेखा या खाका हितधारकों को बहुत जरूरी अनुमान मुहैया कराएगा। सुब्बाराव ने आगे कहा कि सार्वजानिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बहुत बड़ा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत नहीं है लेकिन साथ ही इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में भी नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यआदर्श रूप से हमारे पास सभी पीएसबी का निजीकरण करने के लिए शायद 10 साल की समयसीमा में एक खाका या रूपरेखा होनी चाहिए। इससे सभी हितधारक स्थिति का अनुमान लगा सकेंगे।" सुब्बाराव ने कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कंपनी का रूप देने के बार में भी सोचना चाहिए ताकि वे



समान रिजर्व बैंक विनियमन के दायरे में आ जाएं। सुब्बाराव के अनुसार, सरकारी बैंकों के निजीकरण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दो तरह से असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, सामाजिक उद्देश्यों को चलाने के दायित्व से मुक्त होकर निजी बैंकों की तरह लाभ को अधिकतम करने का प्रयास करेंगे। इससे बैंकिंग प्रणाली की समग्र दक्षता में सुधार होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यहालांकि, इससे वित्तीय समावेशन और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण जैसे सामाजिक उद्देश्य कुछ हद तक प्रभावित हो सकते हैं।"

## रिलायंस 3.2 करोड़ डॉलर में करेगी सोलर कंपनी सेंसहॉक का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) 3.2 करोड़ डालर में अमेरिकी सोलर कंपनी सेंसहॉक इंक का अधिग्राहण करेगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ ही सोलर एनर्जी के क्षेत्र में उसकी स्थिती और मजबूत होने की उम्मीद है। सेंसहॉक एक सोलर डिजिटाइजेशन प्लेटफॉर्म है जो सोलर एनर्जी के क्षेत्र में एंड टू एंड मैनेजमेंट ऑफर करता है। 2018 में कैलिफोर्निया में स्थापित सेंसहॉक, सौर ऊर्जा उद्योग के लिए सॉफ़्टवेयर-आधारित प्रबंधन टूल का डेवलपर है। सेंसहॉक कंपनियों को प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और सौर परियोजनाओं की योजना से लेकर उत्पादन तक व्यवस्था बनाने में मदद करता है। सेंसहॉक ने 15 देशों में फैले अपने 140 से अधिक ग्राहकों को उनकी करीब 600 साइटों पर एंड टू एंड सॉल्युशन दिए हैं। इस



पर आरआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, हम अपने परिवार में सेंसहॉक का स्वागत करते हैं। रिलायंस, ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए प्रतिबद्ध है और 2030 तक 100 गीगावॉट सौर ऊर्जा बनाने में मदद करने का विजन रखती है। सेंसहॉक के सहयोग से हम सौर परियोजनाओं की लागत कम करेंगे, उत्पादकता बढ़ाएंगे और प्रदर्शन में सुधार करेंगे। मुझे विश्वास है कि आरआईएल के समर्थन से सेंसहॉक का कई गुना विकास होगा। सेंसहॉक के सीईओ और सह-संस्थापक स्वरूप मवनूर ने कहा, हम प्रसन्न हैं कि आरआईएल ने इस निवेश के साथ हम पर भरोसा किया है। लेन-देन कुछ नियामक और अन्य प्रथागत ामापन शर्तों के अधीन है और 2022 के अंत से पहले पूरा होने की उम्मीद है।


## पूर्व मध्य रेल

**सूचना**

**सूचना संख्याः सी 717/ओ/ATVM/22, धनबाद, दिनांकः 05/09/2022**

धनबाद मंडल के अंतर्गत सेवानिवृत रेल कर्मचारी/पति/पत्नी अथवा उनके वयस्क बच्चों द्वारा निम्नलिखित स्टेशनों के लिए रेल प्रशासन द्वारा दिनांक—31.03.2023 तक के लिए स्वाचालित टिकट बेंडिंग मशीन (ATVM) द्वारा अनारक्षित टिकट बेचने के लिए समन्वयक (फेसिलिटेटर) की नियुक्ति के लिए निविदा के आधार पर आवेदन बन्द लिफाफे में आमंत्रित किये जाते हैं। फेसिलिटेटर की संख्या एवं स्टेशनों का ब्योरा निम्न हैः—

**1. स्टेशनः** धनबाद, **फेसिलिटेटर के लिए ATVMs मशीन की संख्याः** 02, **फेसिलिटेटर की संख्या (2 shift of 12 hrs.):** 04, **2. स्टेशनः** कोडरमा, **फेसिलिटेटर के लिए ATVMs मशीन की संख्याः** 01, **फेसिलिटेटर की संख्या (2 shift of 12 hrs.):** 02, **3. स्टेशनः** डाल्टेनगंज, **फेसिलिटेटर के लिए ATVMs मशीन की संख्याः** 01, **फेसिलिटेटर की संख्या (2 shift of 12 hrs.):** 02

फेसिलिटेटर की नियुक्ति हेतु आवश्यक ब्योरा नीचे दिया गया है—

**1. मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय में आवेदन जमा करने की समय एवं तिथिः** आवेदन मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) कार्यालय/धनबाद में कार्यालय कार्यावधि में स्वयं अथवा निबंधित डाक द्वारा 09.09.2022 से 30.09.2022 को 17.00 बजे तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए। दिनांक 30.09.2022 को 17.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पर रेल प्रशासन विचार नहीं करेगा। अप्राप्त पत्र या देर से प्राप्त आवेदनों जो डाक द्वारा भेजे गये हैं उसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। आवेदन उसी दिन दिनांक 30.09.2022 को 17.30 बजे खोले जायेंगे।

**2. नियम एवं शर्ते साईट पर उपलब्ध है। वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थानः** www.ecr.indianrailways.gov.in एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय एवं संबंधित स्टेशन के सूचना नोटिस बोर्ड पट्ट पर।

उपरोक्त आवेदन का विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्ते वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय तथा संबंधित स्टेशन प्रबंधक/वाणिज्य पर्यवेक्षक/वाणिज्य यातायात निरीक्षक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**टिप्पणीः** इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी आवेदन/अधिसूचना को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

**मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/00994/डीएचएन/सीओएमएल/टी/22-23/72


## सेंसेक्स 168 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 168 अंक से अधिक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बैंक शेयरों में नुकसान से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 168.08 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,028.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 474.1 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 31.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,624.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा, विप्रो और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.99 प्रतिशत बढ़कर 93.75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे।

## ईवीट्रिक मोटर्स ने लॉन्च किये दो इलेक्ट्रिक स्कूटर

### दोनों ई-स्कूटरों की लिथियम-आयन बैटरी निकाली जा सकती है

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ईवीट्रिक मोटर्स ने बुधवार को यहां इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो 2022 में ईवीट्रिक राइड एचएस और ईवीट्रिक माइट प्रो स्कूटर पेश किये।रोबोटेक निमार्ता पीएपीएल की सहायक कंपनी ईवीट्रिक मोटर्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक मनोज पाटिल ने इस अवसर पर संवाददाताओं से कहा कि उनकी कंपनी नवाचार करती है और वह इस ईवी एक्सपो में ये दो नये उत्पाद लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईवीट्रिक नये नेटवर्क विस्तार और उत्पादों के मामले में बहुत तेजी से बढ़ रही है। कंपनी पहले ही अपने आठ उत्पाद लॉन्च कर चुकी है। कंपनी देश के विभिन्न राज्यों में 200 डीलरशिप बना चुकी है और इस वित्त वर्ष तक




500 डीलरशिप बनाने की योजना है। श्री पाटिल ने इस मौके पर बताया कि ईवीट्रिक राइड एचएस हाई-स्पीड ई-स्कूटर की अधिकतम स्पीड 55 किलोमीटर प्रतिघंटा है, स्कूटरों की यह औसत स्पीड है। इस स्कूटर की बैट्री एक बार चार्ज करने पर 120 किलोमीटर तक यात्रा करवा सकती है। इसकी बैट्री चार घंटे में पूरी चार्ज हो जाती है। यह ई-स्कूटर रेड, ब्लैक, व्हाइट और ग्रे जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। श्री पाटिल ने कहा कि ईवीट्रिक माइटी प्रो स्टाइलिश और आरामदेह स्कूटर है। यह आसानी से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है। इसकी बैटरी पूरी तरह चार्ज होने के बाद 120 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। पूरी बैटरी चार्ज करने में चार घंटे लगते हैं। यह रेड, व्हाइट और ग्रे रंग में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन दोनों ई-स्कूटरों की लिथियम-आयन बैटरी निकाली जा सकती है।

## एयर इंडिया के लिए 4 अरब डॉलर जुटाएगी टाटा संस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के बाद टाटा संस इस एयरलाइंस कंपनी के संचालन, उन्नयन और इसके लिए उठाए गए कर्ज को चुकाने के लिए बाजार से पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। एयर इंडिया के कारोबार को मजबूत करने और कर्ज की रिफाइनेंसिंग के लिए टाटा संस करीब 4 अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। टाटा संस टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है। इस कंपनी ने ही एयर इंडिया की विनिवेश प्रक्रिया में शामिल होकर देश की सबसे पुरानी एयरलाइंस कंपनी को टेकओवर किया था। बताया जा रहा है कि टाटा संस इक्विटी के साथ ही हाइब्रिड डेट के जरिए एयर इंडिया के लिए 4 अरब डॉलर की पूंजी जुटाएगी। टाटा संस ने पिछले साल अक्टूबर में ही एयर इंडिया को भारत सरकार से खरीदा था। इस सौदे के लिए टाटा संस ने काफी महंगा कर्ज लिया था, जिसे प्राथमिकता के




आधार पर चुकाया जाना है। इसके साथ ही एयर इंडिया को मजबूत बनाने के लिए इसमें पूंजी डालने की भी जरूरत बनी हुई है। जानकारों के मुताबिक बाजार से 4 अरब डॉलर की पूंजी जुटाने के लिए टाटा ग्रुप जल्दी ही निवेश सलाहकारों को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने वाला है। इस नियुक्ति के पहले ही टाटा संस ने पूंजी जुटाने के लिए प्राइवेट इक्विटी फंड्स और फॉरेन लेंडर्स से बातचीत की शुरूआत कर दी है। बताया जा रहा है कि एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के लिए उठाए गए कर्ज की रिफाइनेंसिंग करना टाटा संस के लिए अधिक कठिन नहीं होगा, क्योंकि इस काम में टाटा ग्रुप के मौजूदा बैंकिंग पार्टनर्स ही शामिल होंगे। हालांकि पूंजी जुटाने के लिए इक्विटी पोर्शन को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है, क्योंकि मौजूदा समय में दुनिया भर में एयरलाइंस में निवेश करने वाले प्राइवेट इक्विटी फंडों की संख्या काफी कम है। टाटा संस के लिए एयर इंडिया के लिए पूंजी जुटाने की बाध्यता इसलिए भी बन गई है, क्योंकि एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी में लगातार कमी आती

> बताया जा रहा है कि एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के लिए उठाए गए कर्ज की रिफाइनेंसिंग करना टाटा संस के लिए अधिक कठिन नहीं होगा।

जा रही है। जनवरी 2020 में एयर इंडिया की बाजार हिस्सेदारी 11.6 प्रतिशत थी, जो 1 साल बाद जनवरी 2021 में घटकर 10.2 प्रतिशत रह गई। फिलहाल बाजार हिस्सेदारी में अब और गिरावट आ गई है। जुलाई महीने में इस एयरलाइंस की बाजार हिस्सेदारी घटकर 8.4 प्रतिशत रह गई थी। घरेलू एविएशन सेक्टर में कई निजी एयरलाइंस के आ जाने की वजह से कंपटीशन भी काफी कड़ा हो गया है। ऐसे में एयर इंडिया को दोबारा मजबूती के साथ खड़ा करने के लिए बड़ी पूंजी का इंतजाम करना टाटा संस के लिए जरूरी हो गया है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में 3 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट आई है। फिलहाल कच्चे तेल का भाव घटकर 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। घरेलू बाजार में सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले 22 मई को केंद्रीय उत्पाद शुल्क कटौती के बाद पेट्रोल-डीजल के भाव कम हुए थे। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल



102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी मंदी के बीच ओपेक सदस्य देशों ने कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का फैसला किया था। ओपेक देशों के इस फैसले में रूस भी शामिल है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड शुरूआती कारोबार में 1.06 फीसदी लुढ़ककर 91.82 डॉलर प्रति बैरल, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.34 फीसदी की गिरावट के साथ 85.67 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।


## कार्यालय-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के द्वारा Legal Aid Defense Counsel System (LADCS) के लिए निम्नांकित पदों पर अनुबंध पर नियुक्ति हेतु दिनांक 05.09.2022 को संशोधित कर दिनांक 10.09.2022 को शाम 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

| क्रम संख्या | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | Chief Legal Aid Defense Counsel | 01 (एक) |
| 02 | Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel | 02 (दो) |
| 03 | Assistant Legal Aid Defense Counsel | 03 (तीन) |

इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 10.09.2022 को शाम 05:00 बजे तक विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक अथवा हाथों हाथ (लिफाफा सहित) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी (योग्यता, मानदेय एवं अन्य सेवा शर्तें आदि) वेबसाईट https://www.jhalsa.org तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

आदेशानुसार
ह0/-
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

PR 277227 (District) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

## ईडी की दबिश..

ईडी की कार्रवाई से संताल परगना में टेंडर मैनेज करने और अवैध खनन के जरिये अर्जित संपत्ति के मनी लाउंड्रिंग के मामले में पंकज मिश्रा पर जल्द ही चार्जशीट दायर करने की योजना है। ईडी की टीम बकायदा तीन हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट तैयार कर रही है। इसके लिये ईडी की टीम जुटी हुई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने 19 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया था। उसी दिन उनकी गिरफ्तारी ईडी ने कर ली थी। इसके बाद 14 दिनों के रिमांड पर उनके एजेंसी ने पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी को गिरफ्तारी के 60 दिनों के भीतर चार्जशीट करनी है, चार्जशीट नहीं हो पाने की स्थिति में पंकज मिश्रा को लाभ मिल सकता है, ऐसे में पूरे तथ्यों के साथ ईडी चार्जशीट कर रही है। ईडी ने 100 करोड़ रुपये की काली कमायी अवैध खनन के जरिये पायी है। साहिबगंज, पाकुड़ समेत अन्य जिलों में अवैध खनन का मास्टरमाइंड भी एजेंसी ने पंकज मिश्रा को ही पाया है। ईडी ने अब तक की जांच में साहिबगंज के दर्जनों माइंस कारोबारियों से पूछताछ की है। ईडी ने पंकज मिश्रा के पार्टनर बच्चू यादव को भी इस मामले में जेल भेजा है। वहीं, भगवान भगत, हीरा भगत समेत दर्जनों कारोबारियों से अब तक की जांच में पूछताछ की है। ऐसे में ईडी की दबिश से झारखंड की राजनीति में भूचाल आया है। दूसरी तरफ विशेष सत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने अपनी ताकत का एकसास भी कराया है। बावजूद आज भी सबकी निगाह राज्यपाल की ओर टिकी हुई है। ऐसे में संवैधानिक दायरे में कभी भी कुछ हो सकता है,इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। वैसे ईडी की कार्रवाई से जो राजनीति हो रही है वह कहीं से जायज नहीं है। अगर कोई गलत नहीं है तो घड़बड़ाने की कोई बात नहीं लगती है। बावजूद जिस तरह ईडी के भूत से बैचैनी है ,उससे यही लगता है कि दाल में काला ही नहीं,पूरी दाल ही काली है। वैसे अब आने वाले दिनों में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भी ईडी की रडार पर हैं। ईडी ने बरहरवा थाने में टेंडर मैनेज करने से जुड़ा जो केस दर्ज किया था, उस केस में भी आलम आरोपी हैं। ईडी की ईसीआईआर में भी आलम का नाम दर्ज है। हालांकि, इस मामले में ईडी ने अब तक उनका बयान दर्ज नहीं कराया है। एजेंसी से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जांच का दायर जैसे जैसे आगे बढ़ेगा इसमें कई लोगों की भूमिका सामने आ सकती है। सबको मालूम है कि पंकज मिश्रा के ही करीबी दाहू यादव को ईडी ने जुलाई माह में बुलाया था। शुरुआती पूछताछ में आने के बाद दाहू यादव ने अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाया। इसके बाद ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। ईडी ने कई बार दाहू के ठिकानों पर छापेमारी की, उसके परिवार के लोगों को भी नोटिस भेजा। लेकिन दाहू का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के मामले में दाहू यादव की संपत्ति की जानकारी जुटा उसे जब्त की जायेगी। इस दिशा में ईडी ने प्रयास शुरू कर दिया है। अब देखना है कि आने वाले दिनों में ईडी का क्या असर झारखंड की राजनीति पर पड़ता है?

### आज का इतिहास

**1932 :** इराक ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
**1978 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहले और दुनिया में दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
**1984 :** भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गई।
**1992 :** गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
**1994 :** भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
**1995 :** चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति बनी।
**1996 :** पाकिस्तानी बल्लेबाज शाहिद अफरीदी ने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रचा।
**2003 :** पाकिस्तान ने हत्फ-मिसाइल का परीक्षण किया।
**2011 :** विश्व के चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अमेरिका के डोनल्ड यंग को हराकर एटीपी थाईलैंड ओपन का एकल खिताब जीत लिया है।
**2011 :** पेंटर बाबू के नाम से चर्चित पाकिस्तानी चित्रकार वसील ने दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश देने के लिए अपने खून से महात्मा गांधी का चित्र बनाया।
**2013 :** इतालवी द्वीप लात्पेदुसा के पास एक नाव के डूब जाने से करीब 134 लोगों की मौत हो गई।
**1492 :** ब्रिटेन के किंग हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
**1869 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ।
**1998 :** बिहार के प्रमुख गाँधीवादी रचनात्मक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी प्रजापति मिश्र का जन्म हुआ।
**1904 :** भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री का जन्म हुआ।
**1924 :** राष्ट्रसंघ को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से लाया गया जेनेवा प्रस्ताव महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ किंतु बाद में उसकी पुष्टि नहीं हुई।

# विकसित देश बनाने की चुनौतियां

> दुनिया के ढहते शेयर बाजारों के बीच 30 अगस्त, 2022 को सेंसेक्स 59357 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का उत्पाद निर्यात करीब 419 अरब डालर और सेवा निर्यात करीब 249 अरब डालर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत की पहचान एक उद्यमी समाज के रूप में बन रही है। इस समय भारत नवउद्यमों और यूनिकार्न्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ठिकाना बन गया है। यूनिकार्न एक अरब डॉलर मूल्यांकन वाले उपक्रम होते हैं। देश कृषि क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है।

भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए पच्चीस वर्षों तक लगातार करीब सात से आठ फीसद की दर से बढ़ना होगा। इसके अलावा कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। नई पीढ़ी को नये कौशल से सुसज्जित करके बड़ी संख्या में नई नौकरियों का सृजन करना होगा। इन दिनों भारत को विकसित देश बनने की संभावनाओं पर मंथन चल रहा है। यह अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य है। एक विकसित राष्ट्र की पहचान आमतौर पर अपेक्षाकृत ऊंची आर्थिक विकास दर, बेहतर जीवन स्तर व उच्च प्रति व्यक्ति आय से होती है। इसके अलावा उसे मानव विकास सूचकांक के मानकों पर अच्छा प्रस्तुतीकरण करने की भी जरूरत होती है। इसमें शिक्षा, साक्षरता और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत चीजें शामिल हैं। इन सभी मानकों पर भारत अभी बहुत पीछे है और विकसित देश बनने का लक्ष्य पाना अत्यधिक चुनौतीपूर्ण है। जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि भारत 2047 में विकसित देश कैसे बनेगा, तो दो बातों का विश्लेषण करना होगा। एक, आजादी से अब तक भारत का आर्थिक-सामाजिक आधार कैसा है और दो, हम विकसित देश बनने के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को कैसे प्राप्त कर पायेंगे? निश्चित रूप से विगत पचहत्तर वर्षों में असाधारण चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने के बाद दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की जो तस्वीर दिखाई दी है, उसके आधार पर देश के विकसित देश बनने की पूरी क्षमता है। गौरतलब है कि इस समय भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। 2021-22 में 83.57 अरब डालर का एफडीआई प्राप्त हुआ है। कंप्यूटर साफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत स्तर पर दिखाई दे रहा है, जो कि दुनिया में चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। दुनिया के ढहते शेयर बाजारों के बीच 30 अगस्त, 2022 को सेंसेक्स 59357 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का उत्पाद निर्यात करीब 419 अरब डालर और सेवा निर्यात करीब 249 अरब डालर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत की पहचान एक उद्यमी समाज के रूप में बन रही है। इस समय भारत नवउद्यमों और यूनिकार्न्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ठिकाना बन गया है। यूनिकार्न एक अरब डॉलर मूल्यांकन वाले उपक्रम होते हैं। देश कृषि क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है। वर्ष 2021-22 के चौथे अग्रिम अनुमान के मुताबिक देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन 31.57 करोड़ टन होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 49.8 लाख टन अधिक है। देश की अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल होती गई है। इस समय भारत डिजिटल तकनीक के कारण कृत्रिम मेधा, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। दुनिया के चालीस फीसद आनलाइन पेमेंट भारत में हो रहे हैं। इतना ही नहीं, डिजिटल इंडिया मुहिम देश को डिजिटलीकृत और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इससे ई-कामर्स और अन्य व्यवसाय बढ़ रहे हैं। साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था के तहत रोजगार के नए मौके निर्मित हो रहे हैं। कोविड महामारी और वर्तमान वैश्विक संघर्षों के बीच देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप व साफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामर्थ्यवान देश के रूप में उभर रहा है। मार्गन स्टैनली की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज बढ़ती एशियाई अर्थव्यवस्था होगी। जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि हमें विकसित देश बनने के लिए कितने और कैसे प्रयास करने होंगे, तो हमारे सामने दुनिया के अड़तीस विकसित देशों का आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) दिखाई देता है। विकसित देशों का यह संगठन हमें संकेत देता है कि करीब बारह हजार से पंद्रह हजार डालर प्रति व्यक्ति जीडीपी के आधार पर अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में जगह मिल जाती है। भारत की प्रति व्यक्ति आय पच्चीस सौ डालर से भी कम है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2047 तक भारत की जनसंख्या एक सौ चौंसठ करोड़ तक पहुंच सकती है।

■ जयंतीलाल भंडारी

## हारा वही जो लड़ा नहीं

पिछले वीकेंड बाहर जाना हुआ। ट्रेन में एक नॉवल उठा ली, ट्वेल्थ फेल। कैच लाइन थी - हारा वही जो लड़ा नहीं। एक सच्ची कहानी पर अनुराग पाठक की दोस्त मनोज शर्मा पर लिखी नॉवल जो ऐसे संघर्ष से होकर गुजरती है, जिसमें कई बार थक हारकर बिखर जाने का मन करता है। रुक जाने का मन करता है, लेकिन फिर जेहन में कोई बिजली कौंधती है जिसमें धुंधली होती मंजिल पहले से ज्यादा उजली दिखने लगती है। संघर्षों से सबका वास्ता पड़ता है। अपने संघर्षों से तो हम सीखते ही हैं, दूसरों के संघर्ष भी तब अक्सर अपने हो जाते हैं, जब उनमें हम अपने संघर्ष का कोई टुकड़ा खोज लेते हैं। इन टुकड़ों से ही जुड़कर जिंदगी आकार लेती है। कहानी शुरू होती है मुरैना की तहसील जौरा से, जहां पढ़ाई में कतई ऐवरेज लड़का मनोज 12वीं में इसलिए फेल हो जाता है, क्योंकि एक एसडीएम उस साल एग्जाम में नकल नहीं होने देता। इसके बाद कई उलझनों से घिरने के बाद किस्मत उसे आईपीएस बनने के ख्वाब तक ले जाती है। वह ऐसे सफर पर चल पड़ता है जो कदम-कदम पर उसे तोड़ता है। पर वह रुकता नहीं। पन्ने पलटते-पलटते मेरी ट्रेन भी स्टेशन दर स्टेशन पीछे छोड़ती हुई मेरी मंजिल पर रुक जाती है। कहानी अधूरी रह जाती है। मैं संघर्षों की भूलभुलैया में खो जाता हूं। न जाने कब-कब के और किस-किस के संघर्ष गड्डमड्ड होकर मुझसे पूछने लगते हैं कि कौन सा संघर्ष सबसे बड़ा था। रात को थका मांदा सो गया। सुबह कुछ ऐसे लोगों से मिला जिनसे बरसों से नहीं मिला था। उनमें एक चाची भी थी, जिनके साथ कोरोना के दिनों हुए हादसों की आधी-अधूरी कहानी ही मेरे पास थी। चाची ने खुद वह कहानी उस दिन पूरी कर दी। जवान बेटे की दोनों किडनियां खराब हो गई थीं। डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था पर मां हार मानने को तैयार नहीं थी। उतने पैसे नहीं थे, पर जैसे-तैसे लुधियाना में एक डॉक्टर किडनी ट्रांसप्लांट को तैयार हो गया। मां अपनी किडनी दे रही थी। बहुतों ने मदद की। कई लाख रुपये इक्ट्ठे हुए। ऑपरेशन सफल था, पर कुछ ही दिन में बेटे को कोरोना ने जकड़ लिया। अब और रुपये चाहिए थे। मां ने कहा, कुछ भी हो बेटे को बचाऊंगी। किस्मत साथ दे रही थी। बेटा ठीक हो गया, लेकिन इधर पति को कोरोना हो गया। उनके 15 दिन अस्पताल में बीते और किडनी देकर बिना आराम किये एक पत्नी पति को बचाने में जुट गई। पति नहीं बच सका। अब बेटा और मां मिलकर वे रुपये लौटाने में जुटे हैं जो तब मदद में मिले थे। अगले दिन लौटते हुए एक और संघर्ष जेहन से चिपक चुका था। किताब दिल्ली पहुंचने से पहले पूरी हो गई थी। मनोज लास्ट अटैम्प्ट में आईपीएस बन गया था। मैं किताब की कैच लाइन को घूर रहा था - हारा वही जो लड़ा नहीं। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

■ ललित वर्मा

## अवैध टावर बन गये इतिहास

वह क्षण जो इंतजार के साये में गुजारा जाता है,पल-पल लंबा होता जाता है, कठिन हो जाता है और प्रश्नात्मक भी हो जाता है। निगाहें टकटकी लगाये प्रतीक्षा करती हैं, अंजाम क्या होगा, प्रभाव क्या होगा? भ्रष्टाचार की इमारत नोएडा के ट्विन टावर का इस तरह से गिरना चाहे सबकी खुशी को प्रकट करता हो पर क्या ये इमारत देश के किसी भी काम में नहीं लायी जा सकती थी? आरोपियों से इसका हक छीनकर क्या इसे प्रयोग में नहीं लाया जा सकता था? देश की संपत्ति को गैर जिम्मेदार हाथों से लेकर कुछ भी आकार दिया जा सकता था। काफी समय से चर्चा का विषय रही नोएडा की इमारतों का ऐसा होना कानून की निगाह में अच्छा होगा पर पर्यावरण और वहां के निवासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है। थोड़े से पटाखे वातावरण को हानि पहुंचाते हैं तो धूल व धुंए का गुबार कितना भयंकर होगा, अकल्पनीय है। महीने, दिन, मिनट और सेकंडों की दूरी तय करते आखिरकार वो समय आ ही गया जब टावर गिरने थे। सैकड़ों धडकनें रुकने को विवश हो गई। लोगों की उत्सुकता व व्याकुलता दोनों ही चरमसीमा पर थी। एक अंजाना भय, आशंका व घबराहट लोगों के दिलों में थी कि कहीं कुछ गलत ना हो जाय। हालांकि सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है पर अटकलें तो लगाई ही जाती हैं। देखने वालों को उत्सुकता थी कि इमारत कैसे गिरेगी पर मुझे मेरे देश की मूल्यवान चीज ध्वस्त होती नजर आई जिसे गिरते देखना सहज ना था। जिसने भी जिनके सहयोग से इस इमारत को बनाया, जिसे बनने में सालों का वक्त लगा, समय रहते ही जिसके विषय में चिंतन नहीं किया गया। वह भ्रष्टाचारी वास्तव में माफी के योग्य नहीं हैं। लोगों के सपने नष्ट हुए हैं। उन्होनें शारीरिक व मानसिक परेशानियों को झेला है, उनका समाधान होना चाहिए था। यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश था और आदेश सर्वमान्य होते हैं पर क्या ये टावर देश के किसी भी प्रयोग में नहीं लाए जा सकते थे? इन टावरों को नष्ट ना कर, कुछ मंजिन कम कर कोई भी कॉम्पलेक्स बनाकर या किसी इमारत की तरह कोई खूबसूरत आकार देकर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनाया जा सकता था। कोई छात्रावास, कोई भी विकल्प पर यूं समाप्त कर देना क्या धन की बबार्दी नहीं है? घर बनाने में जो समय और पैसा लगता है उसके नष्ट होने से दुःख पहुंचता है। हिन्दुस्तान का आलस्य कि समय रहते नहीं जागे और इतना बड़ा निर्माण हो गया। लोगों को धोखा दिया, उनके अरमानों से खेला गया, उनके धन का दुरुपयोग किया गया, जिस ग्रीन बैल्ट को स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित मानकर लोगों के हित के लिए रिक्त छोड़ा गया था उस पर निर्माण की अनुमति किसने दी? वो कौन से अधिकारी थे जो आज इतनी बड़ी घटना के लिए जिम्मेदार हैं? टावर के गिरा देने से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो गया। ये तो एक कार्रवाई हुई जिसने असंख्य मुसीबतों को जन्म दिया। उन लोगों को तो रात में चैन भी नहीं पड़ा होगा जिनके घर आसपास हैं, जिनके घर के बच्चे-बुजुर्ग अब वायु प्रदूषण की मार झेलेंगे, जहां कई महीनों तक आना जाना अवरुद्ध हो जायेगा। जहां की हरियाली काफी समय बाद भी अपने वास्तविक रुप को नहीं लौट सकेगी। ऐसा निर्माण जो गैरकानूनी था उसकी इतनी बड़ी इमारतें कैसे बनती चली गई? एक सामान्य नागरिक के तो छोटे से घर की भी जांच पड़ताल हो जाती है। यहां तो निर्माण होता ही चला गया। कितने ही लोगों की खून पसीने की कमाई और सपने चकनाचूर हो गये। असली अपराधी कौन हैं जिन्होनें ये खेल-खेला? आज कुछ सेकंडों में ही देश के सबसे ऊंचे टावर इतिहास बनकर रह गये। इतनी ऊंची इमारत का गिरना लोगों ने अपनी आंखों से देखा। किसी चुम्बकीय शक्ति की भांति लोगों की निगाहें दूरदर्शन पर भी चिपकी रहीं। एक नया अनुभव लोगों की जिंदगी का कि ऐसा भी हो सकता है। किसी ताकतवर को ऐसी सजा भी मिल सकती है। सच तो ये है कि न्याय की तो आज हर क्षेत्र में जरुरत है लेकिन टावरों के ध्वस्त होने से यदि हमारे वायुमंडल को आघात पहुंचेगा तो ये हमारे साथ न्याय नहीं होगा। हमारे सांस के रोगियों को यदि तकलीफ होगी तो ये अन्याय होगा। शिशुओं की किलकारियों पर असर होगा तो भी न्याय नहीं होगा। समाज को तकलीफ देने वाले भ्रष्टाचारियों में जो प्रत्यक्ष रुप से देश को घायल कर रहे हैं या जो अप्रत्यक्ष रुप से लोगों के जीवन से खेल रहें हैं उन्हें अपने घिनौने कार्य बंद करने चाहिए. घर एक बहुत बड़ा सपना होता है चाहे वो छोटा हो या बड़ा उस सपने को फलीभूत होते देखना हर किसी का अधिकार होना चाहिए। इस प्रकार सपनों की बलि चढ़ जाना स्तब्ध कर देता है। आज टावर नष्ट होने से सपने भी नष्ट हुए हैं और भ्रष्टाचारियों के लिए खुशी भी है। साथ ही देश की सम्पत्ति का नष्ट होना भी बड़ा तकलीफदेह है। ऐसा लगा जैसे टावर नहीं कुछ और भी ध्वस्त हुआ है। एक सन्नाटा पसरा, एक धमाका हुआ और सब खत्म। सैकड़ों सवालों को जन्म देते हुए एक किस्सा खत्म हुआ। हमें भ्रष्टाचार का अंत तो स्वीकार्य है पर उन भ्रष्टाचारियों का पदार्फाश कैसे होगा जो छुपे हुए हैं इस मलबे के ढ़ेर में नहीं, इसके धुंये में भी नहीं बल्कि समाज में आलीशान कोठियों में, घरों में जो हर वक्त हमारे साथ रहते हैं, उठते-बैठतें हैं पर हमें नजर नहीं आते।

■ रेखा गर्ग

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

विवाह होते समय अग्निके साक्ष्यमें [प्रतिज्ञा-रूपमें] यह वचन कहना पड़ता है-'[हे पतिदेव!] अब मैं सदाके लिये पूर्णरूपसे आपके अधीन हो चुकी हूं।' इसके अतिरिक्त ससुरालमें सास तथा देवर आदि लोगोंकी दासी बनकर रहना तथा सदा पतिके अनुकूल रहना अत्यन्त दुःखदायक बताया गया है।।18-19।।

कहीं यदि पतिने अन्य स्त्रीके साथ विवाह कर लिया तब तो सौतसे मिलनेवाला महान् दुःख उपस्थित हो जाता है। उस समय पतिके प्रति ईर्ष्याभाव उत्पन्न हो जाता है, कलह भी होने लगता है। हे माता! संसारमें सुख कहां है? और विशेष करके स्वभावसे ही परतन्त्र नारियोंके लिये इस स्वप्नधर्मा संसारमें सुख है ही नहीं।।20-21।।

हे माता! मैंने सुना है कि प्रचीनकालमें राजा उत्तानपादनके एक 'उत्तम' नाम पुत्र थे, जो समस्त धर्मोके ज्ञाता एवं ध्रुवके कनिष्ठ भ्राता थे। उन्होंने अपनी धर्मनिष्ठ, पतिव्रता, पतिके प्रति भक्तिभाव रखनेवाली, प्रिय तथा सुन्दर पत्नीके प्रति भक्तिभाव रखनेवाली, प्रिय तथा सुन्दर पत्नीको बिना किसी अपराधके ही वनमें छोड़ दिया था।।22-23।।

पतिके रहते हुए भी इस प्रकारके अनेक दुःख स्त्रीको सहने पड़ते हैं। दैवयोगसे उसकी मृत्यु हो जानेपर स्त्रीको [विधवा बनकर] दुःख उठाना पड़ता है; क्योंकि वैधव्य परम दुःखमय होता है तथा नानाविध शोक एवं संताप उत्पन्न करता रहता है। पतिके परदेश चले जानेपर कामदेवकी अग्निमें जलती हुई स्त्रीको धरमें अत्यधिक दुःख सहना पड़ता है, तो फिर उसे पतिसंगजनित क्या सुख प्राप्त हुआ? अतएव मेरा तो यही मत है कि स्त्रियोंको विवाह कभी नहीं करना चाहिये।।24-26।।

[पुत्रीके] ऐसा कहनेपर उसकी माताने अपने पतिसे कहा-कौमारव्रत धारण करनेकी इच्छावाली वह राजकुमारी पतिकी कामना नहीं करती है। संसारसे विरक्त रहकर वह सदा व्रत और जपमें तत्पर रहना चाहती है। [पतिसंगजनित] अनेक दोषोंको जाननेवाली वह कन्या विवाह नहीं करना चाहती।।27-28।।

अपनी भार्याकी बात सुनकर राजा चन्द्रसेन भी चुप रह गये। अपनी पुत्रीको विवाहकी इच्छासे रहित भाववाली जानकर राजाने भी उसका विवाह नहीं किया। वह मन्दोदरी भी माता-पिताके द्वारा भलीभांति रक्षित होती हुई घरपर ही रहने लगी। कुछ समय पश्चात् नारियोंमें कामोत्तेजना उत्पन्न करनेवाले यौवन- सम्बन्धी लक्षण उसमें विकसित होने लगे। उस समय उसकी सखियोंने विवाहके लिये उसे बार-बार प्रेरित किया, फिर भी ज्ञान-तत्वकी बातें कहकर वह मन्दोदरी पति बनानेके लिये तैयार न हुई।।29-31।।

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## बड़े सब्जी बाजार की आवश्यकता

यह शहर काफी पुराना है। यहां पहले सब्जी बाजार और पुराना खस्सी मार्केट लगभग एक ही जगह पर थे। बाद में खंस्सी मार्केट वहां कई वर्षो तक लगता रहा फिर बाद में वह भी वहां से खत्म हो गया है। हमीदगंज में भी एक खस्सी मार्केट हुआ करता था वह भी अब वहां पर नहीं रहा। अब वह नाम की ही खंस्सी मार्केट है। शहर की बढ़ती हुई आबादी व इसके क्षेत्रफल के कारण अभी सब्जी बाजार सत्तार सेठ चौक से लेकर मनी टेलर तक पहुंच गया है। पहले यह क्षेत्र मुहल्लों में आया करता था। वहीं मांस का मार्केट एक जगह नहीं होकर कई चौक-चौराहों पर दिखाई देने लगा है। शहर के कई स्थानों पर लोग सुविधा के अनुसार सब्जी बाजार लगाने लगे हैं। उनमें से गांधी मैदान के समीप, सुदना गायत्री मंदिर रोड में पीपल के पास, जेलहाता चौक सोहसा बस मालिक के आवास के सामने, बैरिया चौक, सिंचाई विभाग, रेड़मा पुराना रांची रोड आदि जगहों पर सब्जी बाजार लगता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से निगम व प्रशासन से आग्रह करता हूं कि शहरी क्षेत्र के लिए बढ़ती हुई आबादी के कारण एक सब्जी बाजार की आवश्यकता है। साथ ही मांस -मछली के लिए एक मार्केट की आवश्यकता पुराने खस्सी मार्केट की तरह की जरूरत है। कई बार सब्जी बाजार के कन्नीराम चौक पर सुबह 11-12 बजे थोक सब्जियों के टैम्पू व जीप से आने के कारण यहां पर जाम की स्थिति हो जाती है। इसलिए थोक सब्जी व्यापारियों के लिए खुदरा सब्जी बाजार से अलग व्यवस्था की जाये।

■ प्रवीन कुमार मेदिनीनगर।

# मुखौटों में छुपे राष्ट्रद्रोहियों को करना होगा चिन्हित

विश्व की अर्थ व्यवस्था में भारत ने 5वीं पायदान पर पहुंचकर ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ते हुए आर्थिक वृध्दि का नया कीर्तिमान गढ़ा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृध्दि दर 13.5 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष में सबसे अधिक है। यह दुनिया की सबसे तेज वृद्धि दर घोषित की गई। एक दशक पहले भारत 11वें स्थान पर था जबकि ब्रिटेन 5वें पर। वर्तमान में भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी ही रह गये हैं। आज से 75 वर्ष पहले जब देश आजाद हुआ था तब ब्रिटेन ने सोचा भी नहीं होगा कि उसका गुलाम रहा भारत कभी आर्थिक विकास में उससे आगे निकल जायेगा। विशेषज्ञों की मानें तो वर्तमान वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की दर से देश की अर्थ व्यवस्था बढ़ने की सम्भावना है। अमेरिकी डॉलर पर आधारित अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के आंकडों में भारतीय अर्थ व्यवस्था का आकार 854.7 बिलियन डालर तथा ब्रिटेन की अर्थ व्यवस्था 816 बिलियन डॉलर पर बताया गया है। इस उपलब्धि के लिए मेड इन इण्डिया, डिजिटल इण्डिया, स्किल इण्डिया जैसे कारकों के सफल क्रियान्वयन को उत्तरदायी माना जा रहा है। इस विकास से बौखलाये कंगाल होते पाकिस्तान ने अपनी पूरी ताकत भारत के विरुध्द षडयंत्र करने में झौंकना शुरू कर दी है जिसमें उसे चीन के अलावा अनेक इस्लामिक राष्ट्रों का भी सहयोग मिल रहा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारतीय सुरक्षा बल के जवानों को लक्ष्य बनाने हेतु हनीट्रैप ब्रिगेड बनाई है जिसमें फिलहाल 50 खूबसूरत लड़कियों को नियुक्त किया गया है। इस हनीट्रैप ब्रिगेड को 10 माड्यूल में बांटकर दिखावटी प्यार, प्रेम का इजहार और लक्ष्य को भावनात्मक जडाव के लिए प्रेरित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोशल मीडिया के लोकप्रिय प्लेटफार्म का खुलकर उपयोग हो रहा है। प्रशिक्षण में फर्जी पहचान के साथ सोशल मीडिया की आई बनाने, रिक्वेस्ट भेजने, भावनात्मक बातें करने, वीडियो कालिंग पर शारीरिक प्रदर्शन करने, उत्तेजित करने, शादी का झांसा देने, लक्ष्य के साथ होने वाले सभी संवादों को रिकार्ड करने और बाद में भारत के सुरक्षा संबंधी गोपनीय दस्तावेज, जानकारियां और आंकडे आदि हासिल करने की तकनीक सिखाई जा रही है। भावनात्मक रूप से जुड़ चुके लक्ष्य से यदि सामान्य रूप से जानकारियां प्राप्त नहीं होती हैं तो फिर उसे पूर्व के रिकार्ड किये गये संवादों को वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करने की तकनीकी बारीकियां भी सिखाई जा रहीं हैं। हाल ही में पाकिस्तान की इस हनीट्रैप ब्रिगेड ने उत्तराखण्ड के हरिव्दार निवासी प्रदीप कुमार को अपनी शिकार बनाया। प्रदीप कुमार की उम्र मात्र 24 वर्ष है जो कि जोधपुर स्थित सेना की खुफिया मिसाइल रेजिमेन्ट यूनिट में गनर के पद पर पदस्थ था। हनीट्रैप ब्रिगेड की सदस्य ने रिया शर्मा के नाम से नवम्बर 2021 में प्रदीप को अपने जाल में फंसाया। रिया ने स्वयं को इण्डियन एयरफोर्स के बेंगलुरु सेन्टर में एएमसी विभाग की लेफ्टिनेंट बताया। लगातार प्यार भरी चैट की। वाट्सएप पर काल किया। अपनी प्रमाणिकता प्रस्तुत करने हेतु उसने कई बार इण्डियन एयरफोर्स की एएमसी वर्दी में भी बात की। वीडियो कालिंग के दौरान वह अक्सर अपने कपडे उतारने लगती, अश्लील बातें करती, उत्तेजनात्मक संवाद से वातावरण को कामुक बनाती ताकि शारीरिक आकर्षण से प्रदीप पर शिकंजा कसा जा सके। वह अपने प्रयास में सफल भी हो गई। रिया का जादू चल गया। विगत 14-15 जनवरी 2022 को जैसलमेर के लाठी गांव में हुए वार्षिक युध्दाभ्यास की एडवांस पार्टी के साथ प्रदीप गया था जहां से 20-21 फरवरी 2022 वह वापिस लौटा। उस दौरान के युध्दाभ्यास के फोटोग्राफ ही नहीं बल्कि रेजीमेन्ट यूनिट में ड्यूटी की तैनाती, मिसाइल यूनिट के बैटरी रूम, लाकर रूप के दस्तावेज, कम्प्यूटर के अनेक स्क्रीन शाट के माध्यम से मिसाइलों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां, लोकेशन, क्षमता, कार्य करने का ढंग आदि का विस्तार रिया ने हासिल कर लिया। प्रदीप ने रिया से प्रत्यक्ष मिलने के लिए बेचैनी दिखाई तो उसने दिल्ली बुलाया। जब प्रदीप दिल्ली पहुंचा तो वहां रिया नहीं मिली।

■ डा. रवीन्द्र अरजरिया

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# गणेश चतुर्थी के दस दिन बाद ही क्यों किया जाता है बप्पा की मूर्ति का विसर्जन

गणपति बप्पा की मूर्ति को दस दिन बाद नदी में विसर्जित पीछे की मुख्य वजह महाभारत और वेदव्यास से जुड़ी है। दरअसल, महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास ने भगवान गणेश से इसे लिपिबद्ध करने की प्रार्थना की थी। विघ्नहर्ता गणपति बप्पा अपने भक्तों के सभी दुखों को दूर करते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बप्पा की मूर्ति को अपने घर लाकर उसकी स्थापना करते हैं और पूरी श्रद्धा व भक्ति-भाव से उनका पूजन करते हैं। करीबन दस दिनों तक गणेशोत्सव का यह पर्व चलता है, इसके बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा की मूर्ति का विसर्जन कर दिया जाता है। उस दौरान हर भक्त के मन में यही इच्छा होती है कि बप्पा अगले साल फिर उनके आंगन में पधारें। लेकिन क्या आपके मन में कभी यह सवाल आया है कि आखिर हर साल अनंत चतुर्दशी के दिन ही या फिर बप्पा की मूर्ति की स्थापना करने के दस दिन बाद उनकी मूर्ति का विसर्जन क्यों किया जाता है।



## महाभारत और वेदव्यास हैं इसका कारण

गणपति बप्पा की मूर्ति को दस दिन बाद नदी में विसर्जित पीछे की मुख्य वजह महाभारत और वेदव्यास से जुड़ी है। दरअसल, महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास ने भगवान गणेश से इसे लिपिबद्ध करने की प्रार्थना की थी। भगवान गणेश ने उनकी इस प्रार्थना को स्वीकार किया था और महाभारत लेखन का कार्य गणेश चतुर्थी के दिन से ही शुरू किया गया था।

## भगवान गणेश ने रखी थी यह शर्त

हालांकि, भगवान गणेश ने महर्षि वेदव्यास की प्रार्थना को तो मान लिया था, लेकिन उन्होंने महाभारत को लिपिबद्ध करने के लिए एक शर्त रखी थी। भगवान गणेश ने कहा था कि अगर वह एक बार लिखना शुरू करेंगे तो अपनी कलम नहीं रोकेंगे। अगर कहीं कलम रुक गई तो वह भी वहीं पर लिखना भी बंद कर देंगे। जिसके बाद महर्षि वेदव्यास ने भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा था कि वह तो एक साधारण ऋषि हैं और अगर श्लोकों के दौरान उनसे कोई गलती हो जाए तो बप्पा उसे ठीक करते हुए लिपिबद्ध करते जाएं। जिसके बाद महाभारत लेखन का कार्य शुरू हुआ। इसे पूरा होने में करीबन 10 दिन लग गए।

## जड़वत हो गए थे भगवान गणेश

जिस दिन गणेश जी ने महाभारत लेखन का कार्य पूरा किया, उस दिन अनंत चतुर्दशी थी। लेकिन लगातार दस दिनों तक बिना रूके लिखने के कारण भगवान गणेश का शरीर जड़वत हो चुका था। उनके शरीर पर धूल-मिट्टी भी जम गई थी। जिसके बाद, भगवान गणेश ने सरस्वती नदी में स्नान करके धूल-मिट्टी को साफ किया। यही कारण है कि गणपति स्थापना 10 दिन के लिए की जाती है और फिर 10 दिनों के बाद अनंत चतुर्दशी पर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करते हैं।

❖ मिताली जैन

# बारिश के मौसम में शाम की भूख को शांत करने के लिए बेस्ट है सोया कटलेट

अगर आप भी बिना ज्यादा मेहनत किए घर पर स्वादिष्ट टी टाइम स्नैक्स के साथ बारिश का मजा लेना चाहते हैं तो सोया कटलेट की यह रेसिपी जरूर ट्राई करें। इसे बनाना बहुत ही आसान है और ये बच्चों से लेकर बड़ों तक, सबको पसंद आएगा। यह खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ बहुत हेल्दी भी है। बारिश के मौसम में अदरक की चाय के साथ स्वादिष्ठ और गर्मागरम स्नैक्स मिल जाए तो बारिश का मजा दोगुना हो जाता है। अगर आप भी बिना ज्यादा मेहनत किए घर पर स्वादिष्ट टी टाइम स्नैक्स के साथ बारिश का मजा लेना चाहते हैं तो सोया कटलेट की यह रेसिपी जरूर ट्राई करें। इसे बनाना बहुत ही आसान है और ये बच्चों से लेकर बड़ों तक, सबको पसंद आएगा।




## सोया कटलेट बनाने की सामाग्री

- सोया ग्रेन्यूल्स – 1 कप
- बारीक कटा प्याज
- बारीक कटी गाजर
- बारीक कटी हरी मिर्च
- बारीक कटा हरा धनिया
- कद्दूकस किया हुआ अदरक
- लाल मिर्च – 1 चम्मच
- गर्म मसाला – 1 चम्मच
- जीरा पाउडर – 1 चम्मच
- नमक
- तेल

**सोया कटलेट बनाने की विधि :** सोया कटलेट बनाने के लिए सोया ग्रेन्युल को 15-20 मिनट के लिए पानी में भिगो कर रखें। इसके बाद सोया ग्रेन्युल को हाथों के बीच दबा कर सारा पानी निकाल लें और मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें। अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, गाजर, हरी मिर्च, हरा धनिया और अदरक मिलाएं। इसके बाद लाल मिर्च, गर्म मसाला, जीरा पाउडर, नमक डालें और सब चीजों को अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब हाथ में थोड़ा सा मिक्सचर लेकर कटलेट बना लें। इसके बाद एक पैन गर्म करें और कटलेट को गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। गर्मागरम सोया कटलेट को मिंट चटनी के साथ परोसें।

– प्रिया मिश्रा

# पर्यटकों के लिए बेहद खास है मथुरा



मथुरा के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक बांके बिहारी मंदिर है। ये राधा वल्लभ मंदिर के पास स्थित है। बता दें कि भगवान कृष्णा का दूसरा नाम बांके बिहारी भी है। इस मंदिर में बांके बिहारी की मूर्ति काले रंग की होती है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको संकरी गलियों से जाना पड़ेगा। भगवान कृष्ण की नगरी कहलाई जाने वाला धार्मिक स्थल मथुरा दुनियाभर में पर्यटकों के बीच प्रसिद्ध है। यहां भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए विश्वभर से पर्यटक आते हैं। ये स्थल भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमी से भी जाना जाता है। विशेषतौर होली मानाने के लिए यहां दूर-दूर से लोग आया करते हैं। यहां कृष्ण मंदिर के अलावा कई अन्य जगह भी हैं जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। मथुरा से करीब 56 किलोमीटर की दूरी पर आगरा है। आप चाहें तो मथुरा के साथ-साथ आगरा भी घूमने जा सकते हैं। वहीं, अगर आप मथुरा घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आज हम आपको जिन प्रमुख जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं वहां आप घूमने जा सकते हैं।

**कृष्ण जन्मभूमि :** अगर आप मथुरा जा रहे हैं तो सबसे पहले कृष्ण जन्मभूमि मंदिर ही जाएं। कृष्ण जन्मभूमि से ही आपको ये साफ हो गया होगा कि ये कृष्ण भगवान का जन्म स्थान है। बता दें कि इस मंदिर को उसी कारागार के बाहर बनाया गया है जहां भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कहते हैं कि यहां कृष्ण भगवान की शुद्ध सोने से बनी 4 मीटर की मूर्ति थी, जिसको महमूद गजनवी द्वारा चुरा लिया गया था।

**बांके बिहारी मंदिर :** मथुरा के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक बांके बिहारी मंदिर है। ये राधा वल्लभ मंदिर के पास स्थित है। बता दें कि भगवान कृष्णा का दूसरा नाम बांके बिहारी भी है। इस मंदिर में बांके बिहारी की मूर्ति काले रंग की होती है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको संकरी गलियों से जाना पड़ेगा।

**द्वारकाधीश मंदिर :** अगर आप भगवान कृष्ण से संबंधित घटनाएं कलाकृतियां देखना चाहते हैं तो द्वारकाधीश मंदिर जा सकते हैं। ये मंदिर विश्राम घाट के निकट स्थित है। इसका निर्माण साल 1814 में किया गया था। इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, खासतौर पर जन्माष्टमी में यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है।

**मथुरा संग्रहालय :** मंदिर के दर्शन करने के अलावा आप म्यूजियम भी देखने जा सकते हैं। साल 1974 में मथुरा संग्रहालय का निर्माण किया गया था। इस संग्रहालय का पहले नाम 'कर्जन म्यूजियम ऑफ आर्कियोलॉजी' था। यहां आप कुषाण और गुप्त वंश से संबंधित कई कलाकृतियां देख सकते हैं। यहां अनोखी वास्तुकला और कई कलाकृतियों हैं, इसका चित्र भारत सरकार के स्टैंप पर भी छापा गया है।

**कुसुम सरोवर :** मथुरा के प्रमुख स्थानों में से एक कुसुम सरोवर है। ये लगभग 60 फीट गहरा और 450 फीट लंबा है। इस सरोवर का नाम राधा के नाम पर रखा गया है। कहते हैं कि यहां भगवान कृष्ण और राधा मिलने के लिए आया करते थे। कुसुम सरोवर में कई लोग नहाने भी आते हैं, यहां का पानी शांत और साफ-सुथरा है। यहां पर होने वाली शाम की आरती यहां का मुख्य आकर्षण केंद्र, कई पर्यटक इस दृश्य को अपने कैमरे में भी कैद करते हैं।

**गोवर्धन पर्वत :** अगर आप मथुरा घूमने आए हैं तो गोवर्धन पर्वत के दर्शन करने भी जरूर जाएं। इसका हिन्दू पौराणिक साहित्य में बेहद खास महत्व है। पौराणिक ग्रंथो के अनुसार भगवान कृष्ण ने अपनी एक छोटी उंगली से इस पर्वत को उठा लिया था। इस पर्वत का दर्शन करने वाले लोग इसके चक्कर जरूर लगाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करना अच्छा होता है और भगवान कृष्ण की खास कृपा होती है।

**कंस किला :** जयपुर के महाराजा मानसिंह द्वारा कंस किले का निर्माण किया गया था। अकबर के नवरत्नों में मानसिंह शामिल थे। हिन्दू और मुगल वास्तुकला के मिश्रण का अच्छा नमूना ये मंदिर यमुना नदी के किनारे स्थित है।

❖ सिमरन सिंह

# सितंबर माह में सूर्य व शुक्र का होगा राशि परिवर्तन, किस राशि में होगा इसका असर

भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि 17 सितंबर को सभी ग्रहों के स्वामी सूर्य अपनी राशि सिंह को छोड़कर कन्या राशि में राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य देव 17 सितंबर 2022, शनिवार को अपनी स्वराशि सिंह से निकलकर बुध देव की राशि कन्या में सुबह 07:11 बजे विराजमान हो जाएंगे। ज्योतिष में ग्रहों के राशि परिवर्तन को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रहों के राशि परिवर्तन का सभी राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ता है। कुछ राशि वालों को शुभ तो कुछ राशि वालों को अशुभ फल की प्राप्ति होगी। सितंबर माह में 10 सितंबर को बुध राशि परिवर्तन कर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 15 सितंबर को शुक्र सिंह राशि में अस्त हो जाएंगे। इसके बाद 17 सितंबर को सूर्य कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 24 सितंबर को शुक्र भी कन्या राशि में प्रवेश कर जाएंगे। बुध, शुक्र, और सूर्य की चाल बदलने से सभी राशियों को शुभ-अशुभ फल की प्राप्ति होगी। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि सितंबर में सूर्य और शुक्र का राशि परिवर्तन होगा। वहीं बुध सिर्फ चाल बदलेगा। इनके अलावा मंगल, गुरु, शनि और राहु-केतु की राशियां नहीं बदलेंगी। इनके प्रभाव से देश में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक बदलाव दिखेंगे। साथ ही कई जगहों पर अचानक मौसम बदलेगा। कहीं तेज बारिश तो कहीं गर्मी बढ़ने लगेगी। कई लोगों को सेहत संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। इस महीने शुरूआती 17 दिनों तक सूर्य-शनि का षडाष्टक योग रहेगा। जिसका अशुभ असर देश-दुनिया सहित सभी राशियों पर दिखेगा। जिससे लोगों में तनाव और विवाद बढ़ेंगे। दुर्घटनाएं और बीमारियां बढ़ सकती हैं। 17 सितंबर के बाद बुध और सूर्य दोनों ही सिंह राशि में रहेंगे। जिससे बुधादित्य योग बनेगा। इस शुभ योग के प्रभाव से प्रशासनिक विवाद खत्म होंगे। सरकार बड़े और फायदेमंद फैसले लेगी। कई लोगों की परेशानियां भी दूर होने लगेंगी।

**10 सितंबर को बुध ग्रह कन्या राशि में होंगे वक्री :** ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि बुध ग्रह अपनी मार्गी गति में अपना राशि परिवर्तन लगभग 24 दिन की अवधि में करते हैं। बुध ग्रह कन्या राशि में मौजूद रहते हुए में कन्या राशि में ही वक्री हो जाएंगे। बुध कन्या राशि में वक्री 10 सितंबर 2022, शनिवार को सुबह 8.42 मिनट पर होगा और उसके बाद 2 अक्टूबर 2022, रविवार को बुध कन्या राशि में ही अपनी मार्गी गति शुरू करेंगे, जिसके बाद वे 26 अक्टूबर 2022, बुधवार को कन्या से तुला राशि में गोचर कर जाएंगे।

**सिंह राशि में अस्त होंगे शुक्र ग्रह :** ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि शुक्र ग्रह सिंह राशि में अस्त की अवधि 15 सितंबर 2022 को सुबह 02.29 मिनट पर शुरू होगी और फिर 2 दिसंबर को सुबह 6.13 मिनट पर सिंह राशि में शुक्र अस्त की अवस्था खत्म होगी।

**कन्या राशि में सूर्य पारगमन :** भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि 17 सितंबर को सभी ग्रहों के स्वामी सूर्य अपनी राशि सिंह को छोड़कर कन्या राशि में राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य देव 17 सितंबर 2022, शनिवार को अपनी स्वराशि सिंह से निकलकर बुध देव की राशि कन्या में सुबह 07:11 बजे विराजमान हो जाएंगे।

**शुक्र का कन्या राशि में गोचर :** कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि सितंबर माह में ही शुक्र ग्रह का एक बार फिर राशि परिवर्तन होगा। शुक्र ग्रह 24 सितंबर को कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। शुक्र का कन्या राशि में गोचर 24 सितंबर 2022, शनिवार को रात 8.51 मिनट पर होगा, जब वो सिंह राशि से निकलकर बुध की कन्या राशि में गोचर करेंगे।

**बीमारी व प्राकृतिक आपदा की संभावना :** विश्वविख्यात भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि सूर्य और बुध की स्थिति देखते हुए नमी और उमस की वजह से कई जगह बीमारियां बढ़ सकती हैं। गुरु और शनि अपनी ही राशियों में रहेंगे। जिससे देश में शिक्षा और धर्म से जुड़ी व्यवस्थाएं मजबूत होने लगेंगी। इन क्षेत्रों से जुड़े अच्छे बदलाव होने की संभावना भी है। कई जगहों पर बड़े प्रशासनिक बदलाव हो सकते हैं। बुध और शुक्र के प्रभाव से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है। हालांकि महंगाई बढ़ेगी और जनता असंतुष्ट रहेगी। मंगल के राशि परिवर्तन से कई जगहों पर हिंसा और अगजनी हो सकती है। देश की सैन्य शक्ति भी बढ़ेगी। लेकिन कुछ जगहों पर भूकंप और पहाड़ खिसकने की घटनाएं होने की आशंका है।

**क्या करें उपाय :** भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि हं हनुमते नमः, ऊँ नमः शिवाय, हं पवननंदनाय स्वाहा का जाप करें। ईश्वर की आराधना संपूर्ण दोषों को नष्ट एवं दूर करती है। महामृत्युंजय मंत्र और दुर्गा सप्तशती पाठ करना चाहिए। माता दुर्गा, भगवान शिव विष्णु लक्ष्मीनारायण और हनुमानजी की आराधना करनी चाहिए।

❖ डा. अनीष व्यास

## सभी १२ राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव

**मेष राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। पिता से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**वृष राशि :** आत्मसंयत रहें। मन में नकारात्मकता से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन राशि :** मन अशान्त रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि :** आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। आत्मसंयत रहें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में सुधार होगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**सिंह राशि :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। संचित धन में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या राशि :** मानसिक शान्ति रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। परिवार से दूर हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार की समस्याएं परेशान करेंगी।

**तुला राशि :** संयत रहें। मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** मन अशान्त रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य विचार हो सकते हैं।

**धनु राशि :** क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के मनोभाव हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मकर राशि :** आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्च भी अधिक रहेंगे। व्यर्थ के विवाद एवं झगड़ों आदि से बचें।

**कुंभ राशि :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव मन में रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग रहेगा। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है।

**मीन राशि :** आय में वृद्धि भी होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

# खसखस के बीज का करें सेवन, मिलेंगे कई फायदे

खसखस में कॉपर और जिंक ट्रेस मिनरल्स के अलावा कैल्शियम भरपूर होता है। ये अस्थि खनिज घनत्व में सुधार करने के साथ-साथ हड्डियों को मजबूत करने में मदद करते हैं। मैंगनीज की उपस्थिति हड्डियों में कोलेजन के उत्पादन में भी मदद करती है और हड्डी को क्षति से बचाती है। खसखस के बीज अक्सर भारतीय घरों की किचन में पाए जाते हैं। महिलाएं कई तरह की रेसिपी में इसका इस्तेमाल करती हैं ताकि खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ाया जा सके। यकीनन खसखस से बीज टेस्ट को एन्हॉन्स करते हैं, लेकिन इनका इस्तेमाल सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन यह सेहत के लिए भी बेहद गुणकारी है। हृदय समस्याओं से लेकर पाचन, अनिद्रा, मधुमेह सहित कई बीमारियों के इलाज में यह मददगार साबित हो सकता है।



## फीमेल फर्टिलिटी को करे बूस्ट अप

महिलाओं की प्रजनन क्षमता बढ़ाने के लिए खसखस और उनका तेल बेहद फायदेमंद होता है। एक अवरुद्ध फैलोपियन ट्यूब निषेचित अंडे को गर्भाशय की दीवार से खुद को जोड़ने की अनुमति नहीं देती है। लेकिन खसखस का तेल इस्तेमाल करने से फैलोपियन ट्यूब में मौजूद ब्लॉकेज दूर हो जाती है, जिससे प्रजनन क्षमता की संभावना बढ़ जाती है। कई शोध यह भी बताते हैं कि खसखस में लिग्निन की उपस्थिति कामेच्छा को बढ़ाती है और यौन स्वास्थ्य को बेहतर होता है।

## अनिद्रा का करे इलाज

खसखस में प्रचुर मात्रा में मैग्नीशियम कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद करता है जो एक तनाव हार्मोन है। इस तरह तनाव को कम करता है और आपको एक अच्छी नींद प्रदान करता है। सोने से पहले दूध के साथ खसखस की चाय या खसखस का पेस्ट खाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म नियंत्रित रहता है और अनिद्रा जैसी समस्या का इलाज होता है।

## हड्डी के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

खसखस में कॉपर और जिंक ट्रेस मिनरल्स के अलावा कैल्शियम भरपूर होता है। ये अस्थि खनिज घनत्व में सुधार करने के साथ-साथ हड्डियों को मजबूत करने में मदद करते हैं। मैंगनीज की उपस्थिति हड्डियों में कोलेजन के उत्पादन में भी मदद करती है और हड्डी को क्षति से बचाती है।

## पाचन में सहायक

फाइबर का एक उत्कृष्ट स्रोत होने के कारण, खसखस पाचन को बढ़ावा देने और भोजन से पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ाने में बेहद फायदेमंद होता है। यह कब्ज का भी इलाज करता है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृष राशि :** परिश्रम अधिक रहेगा। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :** आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। कारोबारी कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कर्क राशि :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक से चिन्तित रहेंगे। मन परेशान रहेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :** सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। संचित धन में कमी आएगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी।

**कन्या राशि :** भवन सुख में वृद्धि होगी। सम्पत्ति से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संयत रहें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** धैर्यशीलता में कमी आएगी। भाई-बहनों के साथ यात्रा-देशाटन के लिए जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** माता के सुख में कमी आ सकती है। अफसरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाये रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि :** खर्चों में वृद्धि होगी। आय में व्यवधान आएंगे। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर राशि :** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। संयत रहें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। कारोबार में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ राशि :** मानसिक शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में अतरिक्ति जिम्मेदारी मिल सकती हैं। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा।

**मीन राशि :** कारोबार में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है।






## न्यूज गैलरी

### अमेरिकी वायुसेना की सीक्रेट जगह एरिया 51 पर नजर आया रहस्यमयी एयरक्राफ्ट

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी वायुसेना की साइट एरिया 51 हमेशा से रहस्य का विषय रही है। पिछले दिनों इस जगह को लेकर रहस्य और गहरा गया जब यहां पर एक एयरक्राफ्ट नजर आया। एरिया 51 एयरफोर्स की एक सीक्रेट साइट है जिसके बारे में किसी को कुछ नहीं मालूम है, लेकिन इस जगह पर पिछले दिनों जो कुछ हुआ है, उसके बाद सबकी धड़कनें बढ़ गयी हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ नजर आ रहा है कि जिस जगह पर अमेरिकी जेट रहते हैं, उसी हैंगर्स के बाहर एक बड़ी सी चीज नजर आ रही है। यह वह अमेरिकी एयरबेस है जो एकदम सूनसान है और हमेशा छिपा रहता है। एरिया 51 नवादा के रेगिस्तान में है और यह जगह सरकार के रहस्यों और एलियन टेक्नोलॉजी की डिस्कवरी के लिए जानी जाती है। जो तस्वीरें आई हैं वो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। अब इन तस्वीरों पर खासी बहस शुरू हो गई है कि आखिर यहां क्या चल रहा है। एरिया 51 के रनवे एरिया पर एक एयरक्राफ्ट साफ नजर आ रहा है। यहां पर एयरक्राफ्ट की गतिविधियां कोई नयी नहीं हैं। ऐसे में किसी विमान का नजर आना असाधारण बात नहीं है, लेकिन कई लोग इस बात को देखकर हैरान कि जो एयरक्राफ्ट नजर आ रहा है वह काफी असाधारण दिख रहा है।

### पहली बार मुसलमानों ने ही मदरसे को ढहा दिया



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के गोलपारा में पहली बार हैरान कर देनेवाला मामला तब देखने को मिला, जब वहां मुसलमानों ने ही मदरसे को ढहा दिया। दरअसल, इसके पीछे की वजह लोगों में जागरूकता का पैदा होना है। लोगों को इस बात की भनक लगी कि मदरसे की आड़ में यहां आतंकी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसके बाद इसी से भड़के लोगों ने मदरसे को ढहा दिया। अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के जरिये मंगलवार को गोलपारा स्थित मदरसे को ढहाने की एक बड़ी वजह निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, इस मदरसे के एक शिक्षक को अल-कायदा के साथ कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके दो अन्य साथी फरार बताये जा रहे हैं। वहीं, इस मामले में पुलिस का कहना है कि हमें मदरसे को ढहाए जाने की पहले से कोई जानकारी नहीं थी।

# मंगोलिया में भारत के रक्षा मंत्री ने खेला बड़ा दांव

## राजनाथ सिंह मंगोलिया की यात्रा पर जानेवाले बने पहले भारत के पहले रक्षा मंत्री

**उलनबटोर (एजेंसी)।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले दो दिनों तक मंगोलिया में रहेंगे। मंगोलिया की राजधानी उलान बतोर पहुंचे राजनाथ सिंह ने यहां पर मंगोलियन राष्ट्रपति उखनागीं खुरेलसुखो से मुलाकात

■ भारत को अपना 'तीसरा' और 'आध्यात्मिक पड़ोसी' कहता है मंगोलिया

की। मंगोलियन राष्ट्रपति ने राजनाथ सिंह के सम्मान में एक डिनर का आयोजन भी किया। इस दौरे के तहत बातचीत का जो एजेंडा है उसमें 1.2 अरब डॉलर से बनने वाली आयल रिफाइनरी सबसे मुख्य है। यह मंगोलिया की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी होगी जो डोनोगोबि प्रांत में तैयार होगी। साल 2025 में यह बनकर तैयार हो जायेगी और इससे देश की 75 फीसदी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। चीन को हमेशा इस बात से मिर्ची लग जाती है कि भारत और मंगोलिया क्यों साथ आते हैं। साल 2016 में चीन की तरफ से तो मंगोलिया को चेतावनी तक दे दी गयी थी। राजनाथ सिंह भारत के पहले ऐसे रक्षा मंत्री हैं जो मंगोलिया की यात्रा पर गए हैं। उनकी इस यात्रा पर चीन करीब से नजर रखे हुए है। मंगोलिया ने हमेशा से ही भारत को अपना 'तीसरा' और 'आध्यात्मिक पड़ोसी' कहता आया है। कहते हैं कि इसी विचारधारा के साथ मंगोलिया अपने बाकी दोनों पड़ोसियों, चीन और रूस के साथ रिश्तों को संतुलित करता आया है। भारत पूर्वी ब्लॉक के बाहर दुनिया का पहला देश था जिसने मंगोलिया के साथ राजनयिक रिश्ते कायम किये थे। दिसम्बर 1955 में भारत ने मंगोलिया के साथ राजनयिक रिश्तों की शुरुआत की थी। उसके बाद से दोनों देशों के बाद आपसी मित्रता और सहयोग को लेकर साल 1973, 1994, 2001 और 2004 में कई अहम संधियां हुईं।

### मंगोलिया के बाद जापान में टू प्लस टू संवाद में शामिल होंगे राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मंगोलिया दौरे को विशेषज्ञ एक खास दौरा करार दे रहे हैं। रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो राजनाथ सिंह ऐसे समय में मंगोलिया गये हैं जब चीन लगातार अपनी सैन्य गतिविधियों को ताइवान के आसपास बढ़ा रहा है। इसके अलावा पूर्वी लद्दाख में भी तनाव गहराता जा रहा है और अब यहां पर चीन हवाई सीमा का भी उल्लंघन करने लगा है। इसके अलावा लद्दाख में पैंगोग झील के करीब चीन ने सर्विलांस रडार तक तैनात कर दिये हैं।

मंगोलिया उत्तर में रूस के साथ और दक्षिण में चीन के साथ बॉर्डर साझा करता है। मंगोलिया और चीन के बीच जमीनी सीमा करीब 4600 किलोमीटर है। अक्सर इनर मंगोलिया को लेकर दोनों देशों के बीच संघर्ष होता रहता है। दिसम्बर 2015 में आखिरी बार मंगोलिया और चीन आमने-सामने थे। यह वही साल था जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने मंगोलिया का दौरा किया और वह यहां पहुंचने वाले पहले भारतीय पीएम बन गए। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मंगोलिया में अपने हितों को फिर से नया स्वरूप दे दिया है। मंगोलिया बड़े स्तर पर चीन और रूस पर निर्भर है। ऐसे में यहां पर बड़ा निवेश एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# राजनाथ सिंह मंगोलिया से लाये मैजेस्टिक हॉर्स



**उलानबटार (एजेंसी)।** पूर्वी एशियाई देशों के साथ सामरिक साझेदारी को बढ़ावा देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 से 07 सितंबर, 2022 तक मंगोलिया की आधिकारिक यात्रा पर थे। यह मंगोलिया की किसी भारतीय रक्षा मंत्री की अब तक की फर्स्ट विजिट थी। इस दौरान मंगोलिया के राष्ट्रपति यू खुरेलसुख ने भारत को एक राजसी घोड़ा गिफ्ट में दिया। इस गिफ्ट पर प्रतिक्रिया देत हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मंगोलिया में हमारे खास दोस्तों की ओर से एक खास तोहफा। इस शानदार खूबसूरती का नाम मैंने 'तेजस'

■ चंगेज खान ने इसी पर बैठकर जीती थी दुनिया, सबसे पावरफुल होता है दूध

रखा है। धन्यवाद राष्ट्रपति खुरेलसुख..धन्यवाद मंगोलिया।

**क्यों खास है मंगोलियन राजसी घोड़ा :** मंगोल घोड़ा जिसे मोरी भी कहते हैं, मंगोलिया की मूल घोड़े की नस्ल है। इस घोड़े का रिश्ता चंगेज खान के समय से रहा है। सबसे बड़ी बात तब से अब तक इसकी ब्रीड में कोई बदलाव नहीं आया है। पारंपरिक मंगोल फैशन यानी जीवनशैली में रहनेवाले मंगोलियन खानाबदोश के पास आज भी तीन मिलियन हॉर्स हैं। ये घोड़े इतने ताकवर होते हैं कि पूरे साल घुमंतू रहते हैं। चाहे कितनी भी भीषण गर्मी हो या हाड़ कंपाने वाली सर्दी, ये हर मौसम में बाहर ही चरते हैं।

# पहली बार सुप्रीम कोर्ट में बनेगी ग्रीन बेंच

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को दिल्ली और केंद्र सरकार के एक

■ जस्टिस चंद्रचूड़ की संविधान पीठ की वकीलों से अपील-अगली सुनवाई में कोई भी कागज न लायें

मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी बेंच ग्रीन बेंच होगी। उन्होंने केस से जुड़े वकीलों से भी 27 सितम्बर को होनेवाली सुनवाई के दौरान कोई भी कागजात या फिजिकल डॉक्यूमेंट नहीं लाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री और आईटी सेल के अधिकारी शनिवार को वकीलों को दलील देने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दे सकते हैं।



### पांच जजों की बेंच कर रही है सुनवाई

**राष्ट्रीय** राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद की सुनवाई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पांच जजों की बेंच कर रही थी। इसी दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हम इसे पूरी तरह से ग्रीन बेंच रखेंगे ताकि कोई कागजात न हो। कृपया आप कागजात न लायें।

# रूसी सैनिक हो रहे हनी ट्रैप का शिकार

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन-रूस युद्ध को छह महीने से ज्यादा हो गये हैं। दोनों देशों के बीच का संघर्ष हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। युद्ध के बीच पता चला है कि यूक्रेनी हैकर्स युद्ध से जुड़ी हर एक खुफिया जानकारी निकालने के लिए फेक अकाउंटस का सहारा ले रहे हैं। आकर्षित महिलाओं की नकली प्रोफाइल बनाकर रूसी सैनिकों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी हैकर्स ने रूसी सैनिकों को लुभाने के लिए आकर्षक महिलाओं की तस्वीरें लगाकर फेक अकाउंट्स बनाये हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रूसी सेना को एक से अधिक तरीकों से बेवकूफ बनाया जा रहा है। इस तरह रूस भले ही हथियार और बल के मामले में ताकतवर हो, लेकिन यूक्रेनी अपने दिमाग से इस युद्ध में अबतक टिके हुए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक खार्किव की एक 30 वर्षीय आईटी विशेषज्ञ निकिता निश ने बताया कि सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट्स द्वारा रूसी सैनिकों से बातचीत की गयी। दोस्ती का ढोंग किया गया और उनसे तस्वीरें साझा करवाई गयी।

# ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी बनी बड़ी परेशानी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर ऐतिहासिक रूप से नीचे पहुंच गयी है, लेकिन देश के नेता और अर्थशास्त्री खुश नहीं, परेशान हैं और समस्या का हल तलाश रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर सिर्फ 3.4 प्रतिशत रह गयी है। जुलाई में यह 3.5 प्रतिशत था. हालांकि ऑस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने साथ ही यह भी कहा है कि अनुमानतः 40,900 नौकरियां कम हुई हैं। एबीएस के लेबर स्टैटिस्टिक्स प्रमुख ब्योर्न जार्विस ने बताया कि अक्टूबर 2021 के बाद से यह पहली गिरावट है जब डेल्टा लॉकडाउन खोला गया था। वैसे, जार्विस ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टिसिपेशन रेट यानी नौकरी चाहनेवाले लोगों की संख्या में कमी के कारण यह गिरावट आयी है। देश में नौकरियां खोजनेवाले या काम कर रहे लोगों का अनुपात जून में सर्वाधिक 66.8 प्रतिशत था, जो अब 66.4 प्रतिशत पर आ गया है। काम तलाश रहे लोगों की संख्या में गिरावट नौकरियों में आयी गिरावट से कहीं ज्यादा है। एबीएस का कहना है कि यही बेरोजगारी दर में गिरावट की वजह है। ऐसी और कई संकेत हैं जो दिखाते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में रोजगार की स्थिति लगातार बेहतर हो रही है। जार्विस कहते हैं कि यह गिरावट तेजी से कसती जा रही लेबर मार्किट का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जुलाई में सिर्फ 4,74,000 बेरोजार थे, जो कि मई में उपलब्ध नौकरियों (4,80,000) से कम है। अगस्त 1974 के बाद से यह अब तक की सबसे कम दर है। बेरोजगारी का कम होना अच्छी बात है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्थिति को अर्थशास्त्री बहुत अच्छी बात नहीं मानते। मेलबर्न की मोनाश यूनिर्सिटी में पढ़ाने वाले अर्थशास्त्री डॉ. विनोद मिश्रा कहते हैं कि बेरोजगारों की संख्या कम होना तो ठीक है लेकिन इसे डिमांड और सप्लाई के संदर्भ में देखना होगा।

# तालिबान और पाकिस्तानी सेना में सीमा पर तनाव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद पाकिस्तान-अफगान सीमा डूरंड लाइन पर हालात बहुत तनावपूर्ण बने हुए हैं। पाकिस्तानी सैनिक अक्सर अफगान इलाके में बाड़ लगाने की कोशिश करते हैं। तालिबान की सेना और पाकिस्तानी सेना के बीच कई बार भीषण गोलाबारी भी हो चुकी है। अब एक ताजा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें एक तालिबानी कमांडर भारतीयों का जिक्र करके पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दे रहा है। इस वीडियो में तालिबानी कमांडर पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों से कह रहा है, 'यदि मैं अमेरिकी, चीनी या भारतीयों को लेकर आता हूं और वे सीमा पर लगी बाड़ के अफगानिस्तान वाले हिस्से में घूमते हैं तो आपको इससे कोई मतलब नहीं होना चाहिए।

पाकिस्तान की सेना अफगान सीमा में हस्तक्षेप करना बंद करे। हम आपके लिये केवल इसलिए संयम दिखा रहे हैं क्योंकि आप लोग मुसलमान हो। अन्यथा हम आपके साथ उसी तरह से लड़ाई लड़ सकते हैं जिस तरह से हमने अमेरिका के खिलाफ लड़ा था। तालिबानी कमांडर ने यह करारा पलटवार ऐसे समय पर किया है जब अभी कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान के पाकटिया प्रांत में पाकिस्तानी सेना और तालिबान के बीच जोरदार मुठभेड़ हो गयी थी। इससे पहले फरवरी में भी कुनार प्रांत में दोनों के पक्षों के सैनिकों के बीच भारी गोलाबारी हुई थी। इस दौरान पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के दांगम जिले में गोलीबारी शुरू कर दी थी और तोपों से गोले बरसाये थे। इससे दोनों के बीच हालात बहुत तनावपूर्ण हो गए थे।

# देवीलाल जयंती पर हिसार में 25 सितम्बर को होगा विपक्षी नेताओं का जमावड़ा

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** नीतीश कुमार और केसीआर जैसे नेता बीते कुछ दिनों से विपक्षी एकता की कोशिशों में जुटे हैं। नीतीश कुमार ने दिल्ली तक दौरे किये हैं और केसीआर से भी पटना में मुलाकात की थी। इसके अलावा तेलंगाना के सीएम केसीआर भी कई बार मोदी सरकार को हराने का आह्वान कर चुके हैं। इस बीच हरियाणा में 25 सितम्बर को विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होने जा रहा है, जिसे 2024 के आम चुनाव के लिए एकता की कोशिश से भी जोड़ा जा रहा है। पूर्व डिप्टी पीएम देवीलाल की जयंती पर यह एकता रैली होने जा रही है। हिसार के पास होनेवाली इस रैली की तैयारी इंडियन नेशनल लोक दल ने की है, जिसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार,

■ नीतीश, पवार, फारूक, बादल, तेजस्वी, अखिलेश, ममता, नायडू, केसीआर आयेंगे

टीएमसी की नेता ममता बनर्जी और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मौजूद रहेंगे। बीते कई सालों में यह पहला मौका होगा, जिसमें देश भर के गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेसी नेता एक ही मंच पर होंगे। इनके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल (स्वास्थ्य ठीक रहा तो), अखिलेश यादव और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर तीसरे मोर्चे को लेकर भी कुछ ऐलान होने की उम्मीद जतायी जा रही है। जेडीयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि मंगलवार को नीतीश कुमार और आईएनएलडी के नेता ओमप्रकाश चौटाला की मुलाकात हुई थी, जिसमें इस रैली का फैसला हुआ था। त्यागी का कहना है कि इस रैली में नीतीश, तेजस्वी, अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, ममता बनर्जी और फारूक अब्दुल्ला जैसे नेताओं ने आने की बात कही है। इसके अलावा देश के कुछ और नेताओं को निमंत्रण दिया जा रहा है। ऐसे में यह संख्या और ज्यादा हो सकती है। इस रैली के लिए ओपी चौटाला की ओर से शरद पवार, तेलंगाना के सीएम केसीआर और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को भी आमंत्रित किया जा रहा है। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को भी आमंत्रित किया जायेगा।

## यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से यूरोप में तेल, गैस और कोयले की बढ़ गयी है काफी कीमतें

# रूस ने कम ऊर्जा बेच कर भी प्रतिबंधों में की भारी कमाई

**मॉस्को (एजेंसी)।** थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर, सीआरईए ने रूस के खिलाफ और ज्यादा प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से यूरोप में तेल, गैस और कोयले की कीमतें काफी ज्यादा बढ़ गयी हैं। फिनलैंड के इस थिंक टैंक का कहना है कि जीवाश्म ईंधन की कीमत बढ़ने से रूस की मौजूदा कमाई पिछले साल के मुकाबले बहुत ज्यादा हो गई है जबकि इस साल निर्यात का आयाम कम रहा है। रूस के सप्लाई घटाने के कारण यूरोप में प्राकृतिक गैस की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी है। हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में भी काफी उछाल आया, लेकिन फिर उनमें थोड़ी कमी हुई। सीआरईए का कहना है कि जीवाश्म ईंधन के निर्यात ने रूस के संघीय बजट में हमले के बाद करीब 43 अरब यूरो का योगदान किया है, जिसकी मदद से जंग के लिए पैसा मिला और यूक्रेन में युद्ध अपराध हुए। 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले के बाद के छह महीनों के जो आंकड़े आये हैं उन पर चिंता जताई गई है। सीआरईए का अनुमान है कि इस दौर में यूरोपीय संघ रूसी जीवाश्म ईंधन का सबसे बड़ा खरीदार रहा और इसकी कुल कीमत करीब 85.1 अरब यूरो है। इसके बाद चीन का 34.9 अरब यूरो और तीसरे नंबर पर तुर्की है जिसने 10.7 अरब यूरो का बिल चुकाया।



### कोयले का निर्यात गिरा

**यूरोपीय** संघ ने रूस से कोयला खरीदना बंद कर दिया है और धीरे-धीरे तेल की खरीदारी बंद कर रहा है। हालांकि, उसने प्राकृतिक गैस के आयात की कोई सीमा नहीं तय की है, क्योंकि रूसी गैस पर यूरोप की निर्भरता काफी ज्यादा है। सीआरईए का कहना है कि रूसी कोयले के आयात पर यूरोपीय संघ का प्रतिबंध कारगर रहा है। प्रतिबंधों के असर में रूसी कोयले का निर्यात युद्ध शुरू होने के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। सीआरईए का कहना है कि रूस यूरोपीय संघ की ओर से खत्म हुई मांग के बदले में दूसरे खरीदार ढूंढने में नाकाम रहा। हालांकि, संगठन ने रूसी तेल के निर्यात के लिये कड़े नियम बनाने की मांग की है।




## न्यूज गैलरी

### चैंबर चुनाव को लेकर टीम राहुल के प्रत्याशियों की पदयात्रा

**रांची।** चैंबर चुनाव के बढ़ते रोमांच के बीच टीम राहुल मारू के प्रत्याशियों ने बुधवार को फिरायालाल चौक से लेकर सुजाता चौक एवं इसके आसपास के इलाकों का दौरा कर व्यापारियों से मुलाकात की और चुनाव में अपनी टीम के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। मौके पर व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से भी प्रत्याशियों को अवगत कराया जिसे राहुल मारू ने उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों और व्यापार जगत का विकास हमारी प्राथमिकताओं में जिसके लिए टीम के सभी प्रत्याशियों के सहयोग से हरसंभव कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। पदयात्रा में प्रत्याशियों ने चौंबर के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन जालान के साथ ही सदस्य बिनोद टेकरिवाल, संतोष जैन, सुरेंद्र वर्मा, मुरारी अग्रवाल से भी मुलाकात की। पदयात्रा के दौरान व्यापारियों के बीच टीम राहुल मारू के प्रत्याशियों के लिए उत्साह देखते ही बन रहा है। पदयात्रा के दौरान राहुल मारू के साथ अनिल अग्रवाल, अनिल जालान, अनीश बुधिया, ब्रजेश कुमार, दीनदयाल बरनवाल, डॉ0 अभिषेक कुमार रामाधीन, उत्सव परासर, मनीष सर्राफ, मुकेश अग्रवाल, नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, राहुल साबू, राजेष कौषिक, राकेश जैन, राम बांगड, रोहित अग्रवाल, रूषी पटेल, साहित्य पवन, सोनी मेहता, सुमित जैन, विकास विजयवर्गीय के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से माफी मांगे सरयू राय : इंदरजीत सिंह

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई के प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट के विधायक सरयू राय के द्वारा जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी को सदन में भ्रष्ट मंत्री कहने पर आपत्ति जताई है एव विरोध किया है। इंदरजीत सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यों और लोकप्रियता से घबरा गए है सरयू राय।कोरोना काल मे मंत्री बन्ना गुप्ता जी के नेतृत्व मे बेहतर कार्य हुआ जिसे डब्ल्यूएचओ ने भी सराहा है, झारखण्ड को देश मे तीसरा स्थान मिला। सरयू राय ने झारखण्ड सरकार के साथ विश्वासघात किया है वोटिंग नहीं कर के। मंत्री बन्ना गुप्ता जी एमजीएम की व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे है तो सरयू राय के पेट मे दर्द हो रहा है। इंदरजीत सिंह ने विरोध जताते हुए कहा कि सरयू राय खुद डोक्यूमेंट्स चोरी के आरोपी है।आहार पत्रिका घोटाले मे जेल जायेंगे सरयू राय।

### 50 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक कराया

रांची। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में राज्य के सभी मतदाताओं के आधार संख्या मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य 1 अगस्त से संचालित है। 31अगस्त को राज्य की 1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार लिंक कराया था । मतदाताओं की बात की जाए तो झारखंड राज्य की मतदाता सूची में कुल 2,42,68,697 मतदाता निबंधित है।आज राज्य के पचास प्रतिशत मतदाताओं नें मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक करा लिया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हुए मतदाता सूची में अपना आधार संख्या अविलंब जुड़वाए। मतदाता सूची में जोड़ने हेतु उपलब्ध कराया जाने वाला आधार संख्या पूर्ण रूप से सुरक्षित है एवं इसे किसी भी स्थान पर प्रकट नहीं किया जाएगा। इसे आसानी से मोबाइल के द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा जोड़ा जा सकता है।

### भारत जोड़ो कार्यक्रम की सफल्ता के लिए प्रभारी मनोनीत

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के संयोजक सुबोध कान्त सहाय के निदेर्शानुसार अगले पांच महीने तक चलने वाले भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की सफलता के लिए जितेन्द्र त्रिवेदी को रांची जिला कंट्रोल प्रभारी मनोनीत किया गया है। साथ ही यह जिम्मेदारी दी गई है विधानसभा संयोजक एवं सह संयोजक और प्रखण्ड संयोजक एवं सह संयोजक के साथ समन्वयक स्थापित कर प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष को जानकारी देगें। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक बन्धु तिर्की, सुरेश बैठा, सहीद अहमद, बेलस तिर्की, मजुबुला अंसारी, सलीम खान, जगदीश साहू, दिनेशलाल सिन्हा, कृजीवन महतो, जग्रनाथ साहु आदि ने बधाई दिये।

भारत जोड़ो यात्रा के संकल्प कार्यक्रम में शामिल हुए झारखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता

# देश को मजबूत करने को लेकर यात्रा की रहो रही शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्य, 150 दिन, 3570 किलोमीटर,एक देश,एक आवाज,एक विश्वास,एक संकल्प,एक विचार,एक तपस्या के साथ पूरा देश भारत जोड़ो यात्रा का सहभागी बन रहा है जिसकी गूंज झारखण्ड में भी आज सुनाई दे रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डा.राजेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने डोरंडा स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष मिले कदम जुड़े वतन,नफरत छोड़ो भारत जोड़ो, महंगाई से नाता तोड़ो-मिलकर भारत जोड़ो, बेरोजगारी का जाल तोड़ो भारत जोड़ो,प्रेम और सद्भावना के लिए भारत जोड़ो का संकल्प लिया। भारत जोड़ो यात्रा को संकल्प के रुप में लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा 7 सितम्बर आज का दिन ऐसा है जब देश की सबसे पुरानी राजनैतिक पार्टी अब तक की सबसे लंबी यात्रा शुरू कर रही है,आज का दिन एक शांत चिंतन और नए सिरे से संकल्प का दिन है, आज से एक नए युग का सूत्रपात हो रहा है, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और पूरा देश प्रेम और सद्भाव का पैगाम देकर देश को मजबूत करने का यात्रा की शुरूआत कर रहा है, नफरत को एकजुट होकर जवाब देने का वक्त आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समाधि स्थल श्रीपैरमबदूर पहुंचकर राहुल गांधी ने श्रद्धासुमन अर्पित किया आज भी राजीव के विचार और सीख राहुल गांधी के लिए प्रेरणा और हौसले का काम कर रही है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा भले ही झारखण्ड से नहीं गुजर रहा है लेकिन झारखण्ड भी अपनी भागीदारी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों ही रुप में सुनिश्चित कर रहा है। नई उम्मीद, नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा नफरत मुक्त भारत, डर मुक्त भारत, खुशहाल भारत के निर्माण को लेकर आज देश आगे बढ़ रहा है।वरीष्ठ कांग्रेस नेता डा.राजेश गुप्ता छोटू ने कहा।




◀◀ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समाधि स्थल श्रीपैरमबदूर पहुंचकर राहुल गांधी ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# ब्रह्मभोज के लिए किसी तरह का चंदा/रसीद नहीं काटेगा और ना ही सार्वजनिक स्थल पर आयोजन होगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हम सब के दिलों में महादेव के गुरू स्वरूप का अलख जगाने वाले साहब हरीन्द्रानंद जी के द्वारा शिव के चरणों में गमन के फलस्वरूप हमसबों के जो सांसारिक कर्तव्य हैं उसके निमित्त दिनांक-16/09/2022 को साहब श्री का ब्रह्म (संपीडंन) भोज होना है। हम सबों के वो आध्यात्मिक पिता भी थे इसलिए तमाम शिव शिष्यों/शिष्याओं का भी कर्तव्य बनता है कि वो यथा सामर्थ्य अपने घर या उसके आसपास के लोगों को भोजन करा सकते हैं। इसमें अनाथालय/वृद्धाश्रम/निर्धन/असहाय लोगों के साथ भी आप भोज का आयोजन कर सकते हैं। साहब श्री की मंशा हमेशा से रही थी कि शिव के शिष्यों से किसी को परेशानी ना हो, हम सब के थे साहब, इसलिए हमारी आप सभी से प्रार्थना है की ब्रह्म भोज हमलोग अपने सामर्थ्य के अनुसार करेंगे चाहे एक ही आदमी को भोजन क्यूं ना करायें अपने पैसे से करायेंगे। साहब के ब्रह्म भोज के लिए कोई किसी तरह का चंदा/रसीद नहीं काटेगा और ना ही सार्वजनिक स्थल पर भोज का आयोजन होगा। जो भी किसी को साहब के ब्रह्म भोज के दिन भोजन कराना चाहते हैं वो करा सकते हैं उसपर कोई रोक नहीं है। आप सबों से सतत सहयोग की अपेक्षा और प्रार्थना के साथ अनुरोध है।

डायन हत्या पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से मिला माकपा जांच दल

# मुआवजा व कड़ी कारवाई की उठायी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** माकपा, किसान सभा एवं जनवादी महिला समिति का 5 सदस्यीय जांच टीम ने बुधवार को सोनाहातु पहुंचा, जिसमें माकपा झारखंड सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष सुफल महतो, झारखंड राज्य जनवादी महिला समिति की राज्य उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य रंगोवती देवी, एडवा प्रखंड सचिव यशोदा देवी माकपा सोनाहातु लोकल कमिटी सचिव-सह-जिला कमिटि सदस्य उमेश महतो, किसान नेता बसंत सिंह मुंडा शामिल थे। राणाडीह गांव पहुंच कर डायन हत्या में मृतक रातुमनी देवी, राईलू देवी एवं एतवारी देवी के पीड़ित परिजनों एवं ग्रामीणों से मिल कर नृशंस डायन हत्या का जायजा लिया। सांप काटने से मृत राजकिशोर मुंडा के मौत का कारण उक्त महिलाओं को डायन बताकर कर पीट-पीट कर, पत्थर से कूच कर इस जघन्य हत्या का अंजाम दिया गया था। गांव का ओझा, सुकरा मुंडा ने घटना को हवा देने का काम किया। माकपा जांच टीम ने राणाडीह नृशंस डायन हत्याकांड की न्यायिक जांच कराने, मृतक के परिजनो को पर्याप्त मुआवजा एवं सुरक्षा देने, ओझा-गुणी पर प्रतिबंध लगाने तथा आदिवासी, दलित, पिछड़े गाँवों में सरकार द्वारा निरंतर डायन प्रथा, अंधविश्वास विरोधी अभियान चलाने की मांग की। साथ ही आदिवासी संगठनों, सामाजिक संगठनों से भी गांव सभाओं के जरिए डायन प्रथा एवं अंधविश्वास के खिलाफ अभियान चलाने की अपील की। माकपा, जनवादी महिला समिति व किसान सभा डायन हत्या एवं अंधविश्वास के खिलाफ हर गांवों में अभियान तेज करेगी।

# स्थानीय कस्तूरबा स्कूल में करमा पूजा महोत्सव मनाया गया

**रांची।** भादो एकादशी में प्रत्येक वर्ष बहनों द्वारा भाई की लंबी व दीघार्यु को लेकर निर्जला उपवास रखकर बहनों ने भगवान करमा और धरमा की कहानी पंडितों से सुनी। मंगलवार को प्राकृतिक पर्व करम महोत्सव कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रखा गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा निर्जला उपवास रखकर पंडितों ने पूजा-अर्चना करायी गयी। इससे पूर्व गांव के पहान द्वारा करम डाली लाकर विद्यालय के परिसर में विधि-विधान के साथ गाड़ा गया। बहनों ने करम की डाली को पकड़ कर कहा- आपन करम, भैया कर धरम। दूसरी ओर, करम पर्व को लेकर पूरे प्रखंड के गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के चलते लोग करम का पर्व नहीं मना पाये थे। क्षेत्र में करम पर्व को लेकर नागपुरी गीतों के साथ मांदर की थाप में नृत्य किया गया। करम पर्व के अवसर पर लोगो ने अपने-अपने घरों पर तरह-तरह के भोजन बनाये।

पौध वितरण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया जगरूकता अभियान

# रांची के दो युवाओं को पर्यावरण संरक्षण को सफल बनाने के लिए किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** बुधवार को रांची नगर निगम के द्वारा रांची नगर निगम के प्रेक्षागृह में अयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई पर आयोजित सेमिनार में रांची के दो सामाजिक युवाओं -आशुतोष द्विवेदी(स्नेह फाउंडेशन) व गौरव अग्रवाल (अध्यक्ष एलुमनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज, रांची) को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।ज्ञात है कि रांची शहर में रांची नगर निगम के प्रयास से पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत उनके सहयोगी सामाजिक संस्था स्नेह फाउंडेशन व मारवाडी कोलेज एलुमुनाई एसोसिएशन के द्वारा रांची शहर में लगातार पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत रांची के विभिन्न महाविधालय, विद्यालय, कई शिक्षण संस्थानों तथा अन्य सामाजिक संस्थानों में पौधरोपण व पौध वितरण कर सेमिनार कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर इस उत्कृष्ट कार्य के लिए रांची नगर निगम के सह नगर आयुक्त श्री ज्योति कुमार सिंह जी ने सम्मनित किया साथ ही साथ इनके सामाजिक कार्यों को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना भी की।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुसाटोली का लिया जायजा, पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बुधवार को स्मार्ट सिटी, रांची के मुसाटोली पहुंचे। वहां प्रशासन द्वारा ध्वस्त किये गये घर के पीड़ितों सुहानी सांगा एवं डेविड आइंद के परिजनों से मुलाकात की। मंत्री ने वहां की पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इन दोनों पीडित परिवारों का हाल-चाल जाना। ज्ञात हो कि धुर्वा, रांची में प्रस्तावित स्मार्ट सिटी के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उन्हें जानकारी मिली थी कि दिहाड़ी मजदूरी नहीं मिलने के कारण इन दोनों परिवार के लोगों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इसलिए इन दोनों परिवार को एक महिने का राशन एवं अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया तथा भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके अलावे मंत्री ने वहां की वस्तुस्थिति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीब-गुरबा एवं आम जनता की सरकार है। किसी भी स्थिति में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा और मदद करना सरकार का संकल्प है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सभी समस्याओं का समाधान...**
राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रशासनिक संरचनाओं को कैसे सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जा सके इसके लिये हमारी सरकार निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार के विकासात्मक योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विभिन्न विभागों में मानव बल की रिक्तियों को भरने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा देखा गया था कि पिछले कुछ वर्षों में कई सरकारी दफ्तरों में मात्र 10-15 फीसदी मानव बल ही कार्यरत हैं। प्रशासनिक सुधार हेतु राज्य सरकार द्वारा एक कमिटी भी बनायी गयी थी जिसका रिपोर्ट राज्य सरकार के पास आ चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार काम करने के डेली रूटीन के अनुभव के आधार पर भी कई निर्णय ले रही है। पुरानी पेंशन योजना बहाल होने पर जितनी खुशी आप सरकारी कर्मियों को हुई है उतनी ही खुशी मुझे भी हुई है।
**अच्छी कार्यशैली को अपनाने का काम करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आईएएस, आईपीएस या किसी भी पदाधिकारी के ऊपर कोई बंदिशें नहीं डालती है। जो काम जनहित के लिए हो और सही हो उसे आप जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के दृष्टिकोण से देश में कई राज्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। झारखंड के पदाधिकारी भी उन राज्यों का परिभ्रमण कर अच्छी कार्यशैली को अपनाने अथवा अनुसरण करने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा मेरे समक्ष कुछ मांगे रखी गयी हैं। मैं आप सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरे संज्ञान में जो भी चीजें आयेंगी नियमानुसार एक-एक कर सभी पर सकारात्मक विचार किया जायेगा।
**दृढ़ इच्छाशक्ति से सारी चीजें व्यवस्थित होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार आईएएस-आईपीएस को ठहरने के लिए सर्किट हाउस इत्यादि की व्यवस्था की जाती है, उसी प्रकार जिला तथा प्रखंड स्तर में पदस्थापित पदाधिकारियों को भी रहने की व्यवस्था राज्य सरकार उपलब्ध करायेगी। राज्य में वैसे पदाधिकारी जो बेहतर शिक्षा के लिए आगे और पढ़ाई करना चाहते हैं।

**प्रतिमा का उद्घाटन...**
व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण राजपथ का पुनर्विकास किया गया है। पीएमओ ने कहा कि इसमें वास्तु शिल्प का चरित्र बनाये रखने और अखंडता भी सुनिश्चित की। कर्तव्य पथ बेहतर सार्वजनिक स्थानों और सुविधाओं को प्रदर्शित करेगा, जिसमें पैदल रास्ते के साथ लॉन, हरे-भरे स्थान, नवीनीकृत नहरें, मार्गों के पास लगे बेहतर बोर्ड, नयी सुविधाओं वाले ब्लॉक और बिक्री स्टॉल होंगे। इसके अलावा इसमें पैदल यात्रियों के लिए नए अंडरपास, बेहतर पार्किंग स्थल, नये प्रदर्शनी पैनल और रात्रि के समय जलने वाली आधुनिक लाइट से लोगों को बेहतर अनुभव होगा। पीएमओ ने कहा कि इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, भारी वर्षा के कारण एकत्र जल का प्रबंधन, उपयोग किये गये पानी का पुनर्चक्रण, वर्षा जल संचयन और ऊर्जा कुशल प्रकाश व्यवस्था जैसी अनेक दीर्घकालिक सुविधाएं शामिल हैं। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा उसी स्थान पर स्थापित की जा रही है, जहां इस साल की शुरुआत में पराक्रम दिवस (23 जनवरी) के अवसर पर नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया गया था। पीएमओ ने कहा कि ग्रेनाइट से बनी यह प्रतिमा हमारे स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान के लिए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी, और देश के उनके प्रति ऋणी होने का प्रतीक होगी। मुख्य मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा तैयार की गई 28 फुट ऊंची प्रतिमा को एक ग्रेनाइट पत्थर पर उकेरा गया है और इसका वजन 65 मीट्रिक टन है।

**पुलिस व माओवादियों के बीच...**
वक्त तक ट्राइजंक्शन में अनल की सक्रियता ने माओवादी संगठन को इस इलाके में मजबूती दी थी। लेकिन महाराज प्रमाणिक, सुरेश मुंडा जैसे माओवादियों के सरेंडर के बाद इलाके में अनल की पकड़ कम हुई। बीते दिनों कुचाई में पुलिस ने एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन के दौरान एक महिला समेत दो माओवादी मारे गये थे। दोनों माओवादी संगठन में सेक्शन कमांडर थे। कुचाई इलाके में चल रहे अभियान ने भी माओवादियों को बैकफुट पर ला दिया है।

**बचपन में किसी वाद्य यंत्र को...**
और बोलचाल में शब्दों का चयन भी दूसरे लोगों से ज्यादा पाया गया। सर्वे में जो प्रश्न पूछे गये, उनके जवाब ये लोग 11 वर्ष की उम्र में किसी दूसरे सर्वे में भी दे चुके थे। नेपियर यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी के प्रोफेसर जूडिथ ओक्ली ने नतीजों के बारे में कहा कि जब आप कोई मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण काम, जैसे वाद्य यंत्रों को बजाने का काम करते हैं, तो आपकी सोचने की क्षमता बढ़ती है।

**पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद...**
मंत्रालय ने हाल ही में केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा की गयी सिफारिश के आधार पर सुरक्षा को मंजूरी दी थी और बल ने पांच सितंबर को जिम्मा संभाल लिया। मध्य दिल्ली में जनपथ रोड पर स्थित पूर्व राष्ट्रपति के आवास की सुरक्षा भी बल द्वारा की जायेगी। भारत के 14वें राष्ट्रपति कोविंद का कार्यकाल जुलाई में समाप्त हुआ।

**किसी से चार मिनट बात कर...**
लगभग चार मिनट की बातचीत से आप पता लगा सकते हैं कि सामनेवाला व्यक्ति अलग-अलग हालात में किस तरह का व्यवहार करेगा। यह अध्ययन 338 लोगों पर हुआ। इस अध्ययन या शोध में पहले उनका पर्सनैलिटी और आईक्यू टेस्ट लिया गया और उसके बाद उन्हें दो समूह में बांटा गया। एक समूह के लोग एक-दूसरे से चार मिनट तक बात कर सकते थे, जबकि दूसरे ग्रुप के नहीं। नतीजों में सामने आया कि जिन्होंने एक-दूसरे से बात की थी, वो सामने वाले के स्वभाव और आईक्यू को उन लोगों की तुलना में बेहतर समझ पाये। इस बारे में शोधकर्ता प्रोफेसर डेनियल सगरोई का कहना है कि बातचीत में हम ये पता कर लेते हैं कि सामनेवाला व्यक्ति इंट्रोवर्ट है या नहीं। ये भी जान सकते हैं कि जरूरत पड़ने पर वो मदद करेगा या नहीं। ये जानकारी सटीक न हो पर अंदाज जरूर हो जाता है।

**भारत में भी छह एयर बैग...**
सभी की गाड़ियों की फ्रंट सीट पर सीट बेल्ट लगाने वाली जगह (सॉकेट) पर क्लिप लगी हुई थी। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि चेतावनी अलार्म ना बजे। मैंने ड्राइवर को डांटा और क्लिप हटवायी। गडकरी ने साक्षात्कार में अपनी जवानी का किस्सा बताया। गडकरी ने कहा कि जवानी में वह खुद नियम तोड़ते थे। तब उन्हें अहसास नहीं था कि यह कितना खतरनाक है। गडकरी ने कहा कि इलेक्शन के टाइम पर वे एक स्कूटर पर चार लोग बैठकर घूमते थे और नंबर प्लेट को हाथ से छिपा लेते थे ताकि चालान न हो सके। वे तब की बातें थी, लेकिन अब लोगों को अपना माइंडसेट बदलना होगा, नियमों का पालन करना होगा।

एजुकेशनल टूर से कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर का छात्र दल वापस लौटा

# छात्रों ने कुलपति संग अनुभवों को किया साझा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर, खुंटपानी (चाईबासा) में अध्ययनरत 49 स्नातक छात्रों के दल ने बैंगलोर स्थित उद्यान से जुड़े राष्ट्रीय संस्थानों का एजुकेशनल टूर पूरा किया। दल में कॉलेज के दुसरे सत्र 2019-20 के छठे सेमेस्टर के 37 छात्राएं एवं 12 छात्र शामिल थे। छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चरल साइंसेज (यूएचएस) बगालकोट, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (यूएएस), इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चरल रिसर्च (आईआईएचआर) एवं लालबाग बोटनिकल गार्डन में विभिन्न उद्यानिक प्रजाति के प्रायोगिक क्षेत्र, अनुसंधान केंद्रो, म्यूजियम एवं लेबोरेटरी का भ्रमण किया। बुधवार को छात्र दल ने कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह से भ्रमण के दौरान उद्यान से सबंधित अनुभवों को साझा किया। छात्रों ने बताया कि भ्रमण में अनेकों नये तकनीकी एवं उद्यान फसलों को देखने का अवसर मिला। जिन्हें किताबों में पढ़ा और टीवी में देखा करते थे, ऐसे तकनीकी एवं उद्यान फसलों की उत्पादन प्रणाली को प्रत्यक्ष जानने का अवसर मिला। आईआईएचआर में ओसमेटिक डीहाइड्रेशन तकनीकी से फलों एवं सब्जियों की गुणवत्ता एवं पोषण मूल्य बनाये रखते हुए सालोंभर उत्पादन तकनीक को देखकर सभी प्रभावित हुए। अनेकों स्थानीय, देशी एवं विदेशी फूलों की प्रजाति का ब्रीडिंग कल्चर एवं इनके जर्मप्लाज्म प्रबंधन से नयी बातें सिखने को मिली। उद्यान की आधुनिक जल निकास प्रणाली पर पहल एवं ड्रैगन फ्रूट के अनेकों प्रजाति की तकनीक जानने को मिला। यूएएस के सेंट्रलाइज्ड म्यूजियम में पौराणिक खेती, खेती का तकनीकी से आधुनिकरण एवं खेती के उपयोगी टूल्स को देखा। उद्यान विभाग के सेंट्रलाइज्ड नर्सरी में एक ही जगह सब्जी, फल, फूल, औषधिय, सगंधित एवं मसाला फसलों की नर्सरी तकनीक को सीखा। फल नर्सरी में अनेकों विदेशी फसलों की ग्राफ्टिंग तकनीक, फलों के वेजीटेटिव एवं रिप्रोडक्टिव तकनीक एवं फायदों तथा एवाकोड़ा के अनेक से अवगत हुए। बायोटेक्नोलॉजी लैब में टिश्यू कल्चर तकनीक से उद्यान फसल के उत्पादन प्रौद्योगिकी जानने को मिला।

## न्यूज गैलरी

### बाबर आजम से छिनी नंबर वन की कुर्सी

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम की टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर वन बल्लेबाज की कुर्सी छिन गयी है। उनकी ये कुर्सी उन्हीं की टीम के ओपनर और साथी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने छीनी है। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान टी-20 क्रिकेट के नंबर वन बल्लेबाज बन गये हैं। वहीं, सूर्यकुमार यादव नंबर-3 से नंबर-4 पर खिसक गए हैं। मोहम्मद रिजवान ने हॉन्ग-कॉन्ग और भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसकी बदौलत उनको आईसीसी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। रिजवान के खाते में इस समय 815 रेटिंग प्वाइंट्स हैं, जबकि बाबर आजम के खाते में 794 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। 792 अंकों के साथ साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मार्क्रम तीसरे पायदान पर हैं, जबकि 775 अंकों के साथ सूर्यकुमार यादव चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ 72 रनों की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा 17वें से 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टॉप 10 रैंकिंग में सिर्फ भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव ही हैं। उनके बाद रोहित शर्मा और ईशान किशन का नाम शामिल है, लेकिन ये दोनों खिलाड़ी टॉप 20 में हैं। ओडीआई क्रिकेट में बाबर आजम नंबर एक पर कायम हैं, जबकि जो रूट टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन की कुर्सी संभाले हुए हैं।

### लगातार 13वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में गार्सिया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए अमेरिका की कोको गॉफ को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गार्सिया ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गॉफ को 6-3, 6-4 के सीधे सेटों में हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की। यह किसी बड़े आयोजन में गार्सिया का पहला सेमीफाइनल है, जहां वह ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर का सामना करेंगी। 2017 के बाद अपना पहला बड़ा क्वार्टरफाइनल खेलते हुए गार्सिया ओपन एरा में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी फ्रांसीसी महिला बन गयीं। इनसे पहले फ्रांस की अमेली मॉरेस्मो (2002, 2006) और मैरी पीयर्स (2005) ऐसा कर चुकी हैं। गार्सिया मंगलवार रात गॉफ के खिलाफ तीसरे मुकाबले में अपनी पहली जीत तलाश रही थीं। इससे पहले दोनों खिलाड़ी दोहा में आमने-सामने आयी थीं जहां गॉफ ने बाजी मारी थी। गार्सिया ने जीत के बाद कहा कि यह बहुत ही करीबी मैच था। हर पॉइंट, हर गेम बहुत मुश्किल था। आज मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं कि मैं मुकाबले में अपनी भावनाओं को काबू में रख पायी। गॉफ भी शानदार फॉर्म में चल रही थीं और उन्होंने क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये चीन की झांग शुआई को हराया था, लेकिन वह गार्सिया की बाधा को पार नहीं कर सकीं। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलानोविक को 6-4, 7-6 (4) से मात दी।

### बेयरस्टो की जगह एलेक्स हेल्स की इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने एलेक्स हेल्स को तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में जगह दी है। उन्हें चोटिल जॉनी बेयरस्टो की जगह विकल्प के तौर पर इंग्लैंड की टी-20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। बड़े शॉट खेलने में सक्षम सलामी बल्लेबाज हेल्स को 2019 विश्व कप से पहले टीम से बाहर किया गया था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उस समय इसे मैदान के बाहर की घटना करार दिया था जिसके कारण उन्हें निलंबित किया गया। कथित तौर पर उन्हें दो बार मादक पदार्थों के उपयोग के लिए पॉजिटिव पाया गया। उस समय इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान इयोन मॉर्गन ने हेल्स के व्यवहार की तीखी निंदा की थी।

# मुकाबला शुरू होने से पहले ही हार चुकी थी टीम इंडिया!

## गलती खिलाड़ियों की नहीं किस्मत ही खराब निकली!

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय एशिया कप के सुपर-4 में लगातार दूसरा मुकाबला हार गया। पाकिस्तान की तरह श्रीलंका के खिलाफ भी टीम को एक गेंद रहते हार मिली। दोनों बार आखिरी ओवर में सात रनों की जरूरत थी। भारत ने पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ कई गलतियां की, लेकिन सबसे बड़ी कहानी कुछ और ही है। टीम इंडिया इस मुकाबले को शुरू होने से पहले ही हार चुकी है। यह हम नहीं रिकॉर्ड बता रहे हैं।

**लक्ष्य का पीछा करना जीत की गारंटी :** क्रिकेट के खेल को काफी अप्रत्याशित माना जाता है, लेकिन जब मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जा रहा हो तो ऐसा नहीं होता है। दुबई में टॉस के साथ ही मुकाबले का नतीजा तय हो जाता है। यही वजह है कि भारतीय टीम को टी-20 वर्ल्ड कप और अब एशिया कप में ऐसी हार झेलनी पड़ी। यह लक्ष्य का पीछा करना जीत की गारंटी होती है। कोरोना के बाद से दुबई के मैदान पर 19 टी-20 मुकाबले खेल गये हैं। इसमें 13 मुकाबले पिछले साल हुए टी-20 वर्ल्ड कप के थे। इसमें 12 मैचों में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल और फाइनल को 170+ रन बनाकर जीता था। इस एशिया कप में यहां छह मुकाबले हुए हैं और पांच में पहले खेलने वाली टीम हार गई है। यानी कुल 19 मैच और लक्ष्य का पीछा करनेवाली टीम 17 बार विजेता रही।

**सिर्फ दो बार पहले खेलने वाली टीम जीती :** दुबई में सिर्फ दो बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड और एशिया कप में भारत ने



हॉन्गकॉन्ग को हराया। न्यूजीलैंड भी वह मुकाबला हार ही गया था। 172 रनों के जबाव में स्कॉटलैंड ने 156 रन ठोक दिये थे। हॉन्गकॉन्ग ने भी भारत के खिलाफ 150+ रन बना दिये थे। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले खेलने उतरा और मुकाबला हार गया।

## एशिया कप में श्रीलंका से हारने पर रोहित शर्मा को लेकर भड़के पाकिस्तानी

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप के सुपर फोर मैच में रविवार को पाकिस्तान से पांच विकेट से हारने के बाद मंगलवार को श्रीलंका से भी भारत छह विकेट से हार गया। मंगलवार को भारत और श्रीलंका के बीच मैच पर पाकिस्तानियों की भी नजर थी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने मंगलवार को श्रीलंका से मैच शुरू होने से पहले ही कह दिया था कि भारत एशिया कप बाहर हो सकता है। ऐसा लग रहा है कि इंजमाम को पहले से ही पता था कि भारत श्रीलंका को नहीं हरा पायेगा। 52 साल के इंजमाम ने पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो के प्रोग्राम जश्न-ए-क्रिकेट में कहा था कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पाकिस्तान के साथ मैच में काफी दबाव में दिख रहे थे। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख़्तर ने श्रीलंका से भारत की हार के बाद कहा कि श्रीलंका बहुत अच्छी टीम है और यह पाकिस्तान के लिए भी चुनौती है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने भी पीटीवी के एक प्रोग्राम में कहा था कि श्रीलंका अगर टॉस जीतता है तो मैच भी जीत सकता है। मोहम्मद हफीज ने कहा था कि श्रीलंका ने पिछले दो मैच जिस तरह से खेले हैं, वे सराहने लायक थे और भारत पाकिस्तान से हारने के बाद दबाव में भी है।

## एशिया कप : हार के बाद बोले रोहित शर्मा -

# सीनियर के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं जूनियर्स से जरूर सवाल होंगे

**दुबई (एजेंसी)।** सुपर-4 में लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम एशिया कप 2022 से लगभग बाहर हो गई है। श्रीलंका के खिलाफ अहम मुकाबला छह विकेट से गंवाने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि हम अपनी पारी के पहले हाफ का फायदा नहीं उठा पाए। हम 10-15 रन कम हो गए। दूसरा हाफ हमारे लिए अच्छा नहीं रहा। जो लोग बीच में आउट हुए थे वे सीख सकते हैं कि कौन से शॉट खेले जा सकते हैं। गेंदबाजी की बात की जाए तो चहल और भुवी वरिष्ठ और पेशेवर हैं और कुछ समय से ऐसा कर रहे हैं। मुझे छोटों से जवाब लेने की जरूरत है। रोहित बोले- इस तरह के नुकसान से हम समझ पाएंगे कि टीम के रूप में क्या काम करना है। गेंद के साथ शुरूआत को देखते हुए इसे अंतिम ओवर तक ले जाना एक अच्छा प्रयास



था। स्पिनरों ने आक्रामक गेंदबाजी की और बीच के ओवरों में विकेट हासिल किए, लेकिन श्रीलंका ने उनका हौसला बढ़ाया। हमने सोचा कि बड़ी बाउंड्री के साथ हम स्पिनरों का अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन योजना परवान नहीं चढ़ पाई। उनके दाएं हाथ के बल्लेबाजों ने काफी देर तक बल्लेबाजी की। रोहित बोले- मैंने हुड्डा को लाने और लंबी सीमाओं का उपयोग करने के बारे में सोचा, लेकिन मैं तीनों तेज गेंदबाजों से खुश था। दुर्भाग्य से आवेश फिटनेस टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने अच्छी प्रतिक्रिया नहीं दी, क्योंकि वह काफी बीमार था। आदर्श रूप से हम जो संयोजन खेलेंगे वह चार तेज गेंदबाजों का होगा, लेकिन तीन तेज गेंदबाज कुछ ऐसे थे जिन्हें हम विश्व कप से पहले आजमाना चाहते थे। हमें एक टीम के रूप में जवाब खोजने की जरूरत है, जैसे कि हम पांच गेंदबाजों के साथ कहां हैं। रोहित बोले- अब हमें जवाब मिल गया है कि हम इस संयोजन के साथ कहां खड़े हैं। हालांकि, यह कोई बड़ी चिंता नहीं है क्योंकि हमने सिर्फ दो गेम गंवाए हैं। पिछले विश्व कप के बाद से हमने ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। हम अभी भी जवाब ढूंढ रहे हैं। यह दोनों करीबी खेल थे। अर्शदीप ने जिस तरह से डेथ ओवर में गेंदबाजी की यह अच्छा रहा लेकिन उन्हें मेहनत करनी होगी।

### एशिया कप 2022 से लगभग बाहर हो चुका है भारत

भारतीय टीम 2022 दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एशिया कप 2022 के फाइनल की राह से चूक गई है। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी। दुबई के मैदान पर भारतीय टीम ने कप्तान रोहित शर्मा के 41 गेंदों में बनाए गए 72 रनों की बदौलत 173 रन बनाए थे। सूर्यकुमार यादव ने 34, हार्दिक और पंत ने 17-17 रन का योगदान दिया। जवाब में खेलते हुए पाथुम निसांका और कुसल मेंडिंस के अर्धशतक तो अंत में कप्तान शनाका की उपयोगी पारी से श्रीलंका ने छह विकेट से जीत हासिल कर ली। ओपनिंग पर आए रोहित शर्मा और केएल राहुल खुलकर शॉट नहीं खेल पाए। केएल राहुल को तीक्षणा ने 6 रन पर पगबाधा आऊट कर दिया। दो रन बाद ही विराट कोहली भी शून्य पर ही दिलशान मधुशंका की गेंद पर बोल्ड हो गए। रोहित शर्मा ने जिम्मेदारी से भरी पारी खेली। उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर टीम इंडिया का स्कोर 100 पार लगाया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ कमियां दूर करने उतरेगा भारत

**दुबई (एजेंसी)।** फाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप सुपर चार में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में टी-20 विश्वकप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अभी तक अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ लगातार हार के लिए संसाधनों की कमी और खराब टीम चयन को भी दोषी ठहराया जा सकता है।

वर्तमान भारतीय टीम की रणनीति में लचीलापन का अभाव दिखता है और ऐसे में कोच राहुल द्रविड़ की नीतियों पर भी उंगलियां उठना लाजमी है। ऐसा लगता है कि द्रविड़ टीम चयन के मामले में कुछ कड़े फैसले लेने के लिए आतुर हैं, क्योंकि टीम के पास किसी भी रणनीति के लिए दूसरी योजना नजर नहीं आती है। ऐसी परिस्थितियों में उसे उस अफगानिस्तान का सामना करना है जिसके पास राशिद खान, मुजीब जादरान, मोहम्मद नबी, हजरतुल्लाह जजई और रहमानुल्ला गुरबाज जैसे टी-20 के दमदार खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान एक ऐसी टीम है जो कि अपने पावर हिटर के दम पर 170 रन के लक्ष्य को भी हासिल कर सकती है और राशिद जैसे गेंदबाज की अगुवाई में विपक्षी टीम को कम स्कोर पर भी रोक सकती है। इस टीम के खिलाफ एक ही बात जाती है कि उसे लगातार बड़ी टीमों का सामना करने का मौका नहीं मिलता है। उसके पास अनुभव की कमी है, लेकिन टी-20 ऐसा प्रारूप है जिसमें एक खिलाड़ी मैच का परिदृश्य बदल सकता है।

अफगानिस्तान के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच का पासा पलट सकते हैं। जहां तक भारत का सवाल है तो मुख्य कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने और अन्य विकल्पों को आजमाने में दिलचस्पी नहीं दिखायी है। यह देखना दिलचस्प होगा कि दिनेश कार्तिक को ऋषभ पंत या दीपक हुड्डा की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है या नहीं। हुड्डा को श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और बाद में उन्हें गेंदबाजी भी नहीं सौंपी गयी। ऐसे में हुड्डा को टीम में शामिल करने के फैसले पर सवाल उठने लग गये।

## भारत 2025 तक अगला विश्व शतरंज चैम्पियन दे सकता है : विश्वनाथन आनंद

**कोलकाता (एजेंसी)।** दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का मानना है कि भारत में अगला



विश्व चैंपियन तैयार करने की क्षमता है, लेकिन ऐसा 2025 से पहले होना संभव नहीं है क्योंकि इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगेगा। आनंद अपनी अकादमी, वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करने में लगे हुए हैं। आनंद ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर आप औपचारिक खिताब चाहते हैं तो यह 2025 तक संभव है। कोई भी सरल रास्ता नहीं है जो हमें तैयार होने के लिए पर्याप्त समय दे। इससे कई चीजें जुड़ी होती हैं। मैगनस कार्लसन ने अपने खिताब का बचाव करने से इंकार कर दिया है और ऐसे में 2023 की विश्व चैंपियनशिप कैंडिडेट प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ियों के बीच खेली जाएगी। इस तरह से आर प्रज्ञानानंद और डी गुकेश जैसे खिलाड़ियों के पास विश्व चैंपियनशिप के अगले चक्र में ही मौका होगा। आनंद ने कहा,ह्यह्यजहां तक विश्व चैंपियनशिप के अगले चक्र की बात है तो यह देखना होगा कि अगले दो से चार साल में यह कैसा स्वरूप लेती है। विश्व चैंपियनशिप सोने पे सुहागा होगा। हमें मजबूत बनकर और अच्छी प्रगति करके इसको लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आप पर्याप्त मजबूत हैं तो फिर आप हर चीज के लिए तैयार रहते हैं। यही मेरा दृष्टिकोण है। विश्व शतरंज में इन दिनों तेजी से बदलाव हो रहे हैं इसलिए चीजें कैसे आगे बढ़ेंगी इसकी भविष्यवाणी करना मुश्किल है। भारत ने शतरंज ओलंपियाड में नौ पदक जीते जिसमें महिला टीम का पहला कांस्य पदक भी शामिल है। इससे आनंद की उम्मीदें बढ़ी हैं और उनका मानना है कि यह महज संयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे निश्चित रूप से लगता है कि हमने इसमें योगदान दिया है।

## एमबापे और हालैंड चैंपियन्स लीग में चमके

**पेरिस (एजेंसी)।** कायलन एमबापे और इर्लिंग हालैंड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के शुरूआत में गोल करने की अपनी क्षमता का खुलकर प्रदर्शन किया जबकि पिछले सत्र में शानदार खेल दिखाने वाले करीम बेंजेमा चोटिल होने के कारण पूरे मैच में नहीं खेल पाए। एमबापे और हालैंड ने दो-दो गोल दागे जिससे उनके क्लब क्रमशः पेरिस सेंट जर्मेन और मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग में जीत से शुरूआत की। इन दोनों टीम को खिताब का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। रियाल मैड्रिड के खिताब के बचाव की संभावना काफी हद तक पूरी तरह से फिट बेंजेमा पर निर्भर है, लेकिन सेल्टिक के खिलाफ 30वें मिनट में फ्रांस के फॉरवर्ड को घुटने की चोट के कारण बाहर होना पड़ा। विनीसियस जूनियर, लुका मोड्रिक और ईडन हैजर्ड के दूसरे हाफ के गोल की मदद से रियाल ने इस मैच में 3-0 से जीत हासिल की।

## बुमराह की पत्नी संजना गणेशन ने उड़ाया ट्रोलर्स का मजाक

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पत्नी और मशहूर खेल एंकर संजना गणेशन इन दिनों सोशल मीडिया पर जोरदार रिप्लाई करने के कारण चर्चा में आ गई है। बीते दिनों ही संजना ने पति बुमराह के साथ एक पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। एक ट्रोलर जोकि एशिया कप में भारत की दयनीय हालत से यकीनन निराश था, ने बुमराह और संजना की फोटो पर अनावश्यक कमेंट कर दिया जिससे संजना गुस्सा हो गयी। उक्त फोटो में यह कपल एक समुद्र के बीच एक नाव पर बैठे दिख रहे हैं। संजना ने इस फोटो के साथ कैप्शन दी थी- जसप्रीत और मेरी एक प्यारी सी थ्रोबैक (पुरानी) तस्वीर। जसप्रीत और मेरे स्नीकर्स इस तस्वीर के असली सितारे हैं। इस पर सैफ खान नामक ट्विटर अकाऊंट से कमेंट आया- वहां इंडिया की म.. ब... हुई पड़ी है और यह घमू रहे हैं। इस पर महज तीन मिनट के अंदर ही संजना का रिप्लाई आ गया। उन्होंने लिखा- थ्रोबैक फोटो है, दिखता नहीं क्या चोमू आदमी (यह एक थ्रोबैक फोटो है, क्या आप यह देख नहीं सकते मूर्ख)।




# भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से रौंद कर किया शानदार आगाज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारत ने काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में सैफ (दक्षिण एशिया फुटबॉल महासंघ) महिला चैम्पियनशिप में बुधवार को पाकिस्तान को 3-0 से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरूआत की। इस जीत के साथ ही चैम्पियनशिप में भारत के अजेय क्रम का सिलसिला 27वें मैच में भी जारी रहा। प्रतिद्वंद्वी कप्तान मारिया जमील खान के आत्मघाती गोल के बाद डेंगमेई ग्रेस के शानदार गोल से भारत ने मध्यांतर से पहले ही 2-0 की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली थी। आखिरी क्षणों में सौम्या गगुलोथ के गोल से भारत ने जीत के अंतर को 3-0 कर दिया। भारतीय टीम ने मैच में शुरूआत से ही दबदबा बना लिया था लेकिन टीम के गोल का खाता किस्मत के सहारे खुला। पाकिस्तान की कप्तान मारिया जमील खान ने 15वें मिनट में आत्मघाती गोल कर अपनी टीम पर दबाव और बढ़ा दिया। अंजू ने कई खिलाड़ियों के बीच से गेंद पर नियंत्रण बनाकर डेंगमेई ग्रेस को दी। ग्रेस के आस-पास पाकिस्तान



का कोई खिलाड़ी नहीं था और उन्होंने गोलकीपर को छकाते हुए भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। मैच के आखिरी क्षणों में रंजना के क्रॉस को सौम्या ने गोल में बदलकर भारतीय टीम के लिए यादगार जीत सुनिश्चित कर दी। भारतीय टीम का अगला मैच 10 सितंबर को मालद्वीव से होगा।